सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 09 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 302, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



### डिजिटल गोल्ड उत्पादों में निवेश के खिलाफ चेतावनी

सेबी ने निवेशकों को डिजिटल या ई-गोल्ड उत्पादों में निवेश को लेकर आगाह किया है। सेबी ने कहा निवेश से जुड़ा जोखिम अधिक है। } 14

### राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोप निराधार : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रोहतास और कैमूर जिलों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए सिंह ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप को बेवजह और निराधार बताया। } 16

# पीएम मोदी ने चार नयी वंदे भारत को दिखायी हरी झंडी

## विरासत के शहरों को देश के विकास का प्रतीक बनाने की दिशा में अहम कदम है वंदे भारत ट्रेन नेटवर्क : प्रधानमंत्री

जिला संवाददाता

वाराणसी (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि देश के अनगिनत तीर्थ क्षेत्र वंदे भारत के नेटवर्क से जुड़ रहे हैं और यह भारत की विरासत के शहरों को देश के विकास का प्रतीक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के बनारस रेलवे स्टेशन पर चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये नयी रेलगाड़ियां बनारस-खजुराहो, लखनऊ सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत में सदियों से तीर्थ यात्राओं को देश की चेतना का माध्यम कहा गया है। ये यात्राएं केवल देव दर्शन का मार्ग नहीं हैं बल्कि भारत की आत्मा को जोड़ने वाली परंपरा भी हैं। प्रयागराज, अयोध्या, हरिद्वार, चित्रकूट और कुरुक्षेत्र जैसे अनगिनत तीर्थ क्षेत्र हमारी आध्यात्मिक आस्था के केंद्र हैं। उन्होंने आस्था के केंद्रों को वंदे भारत के नेटवर्क से जोड़े जाने का जिक्र करते हुए कहा आज जब यह पावन धाम वंदे भारत के नेटवर्क से जुड़ रहे हैं तो एक तरह से यह भारत की संस्कृति, आस्था और विकास की यात्रा को जोड़ने का भी काम हुआ है। यह भारत की विरासत के शहरों को देश के विकास का प्रतीक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिये बनायी गयी ट्रेन है। इस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिये। वर्तमान में वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी रेल रेलगाड़ियां भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं यह भारतीय रेलवे को रूपांतरित करने का एक पूरा अभियान है। उन्होंने कहा यह हमारे देश की ताकत है और अब तो विदेशी यात्री भी वंदे भारत को देखकर अचंभित होते हैं। आज जिस तरह से भारत ने विकसित भारत के लिए अपने साधनों को श्रेष्ठ बनाने का अभियान शुरू किया है, यह ट्रेन उनमें एक मील का पत्थर बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ने तीर्थ यात्राओं के आर्थिक पहलू का भी जिक्र करते हुए कहा इन यात्राओं का एक आर्थिक पहलू भी होता है, जिसकी उतनी चर्चा नहीं होती है। पिछले 11 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए विकास कार्यों ने तीर्थाटन को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। पिछले साल बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए 11 करोड़ श्रद्धालु काशी आए थे। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद छह करोड़ से ज्यादा लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इन श्रद्धालुओं ने हजारों करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाया है। इन सबकी वजह से उत्तर प्रदेश में समृद्धि का द्वार खुल रहा है।





प्रधानमंत्री ने काशी की स्थानीय बोली में उपस्थित लोगों को प्रणाम करते हुए नयी वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने की बधाई दी। उन्होंने देश के विकास में मूलभूत ढांचे के महत्व पर जोर देते हुए कहा दुनिया भर के विकसित देशों में आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का बुनियादी ढांचा रहा है। जिन भी देश में बड़ी प्रगति बड़ा विकास हुआ है उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के मूलभूत ढांचे के विकास की है। कहीं पर भी जब ऐसी व्यवस्थाएं विकसित होती हैं तो उस क्षेत्र का विकास शुरू हो जाता है। मोदी ने कहा जैसा हमारा गांव, कस्बे और छोटे नगर का अनुभव होता है, वैसा ही पूरे देश का भी होता है। कितने हवाई अड्डे बने, कितनी वंदे भारत रेल गाड़ियां चल रही हैं, दुनिया के कितने देशों से हवाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### लाल कृष्ण आडवाणी को मोदी ने जन्मदिन की दी हार्दिक बधाई



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को शनिवार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उन्हें एक महान दृष्टिकोण वाला राजनेता ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संसद का शीतकालीन सत्र 1 से 19 दिसंबर तक

नयी दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को घोषणा की कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। विपक्ष ने इसे बहुत देर से बुलाया गया और संक्षिप्त सत्र बताया। तीन सप्ताह के इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी और इसके हंगामेदार रहने की उम्मीद है, क्योंकि यह सत्र निर्वाचन आयोग द्वारा 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को अंजाम दिए जाने के बीच हो रहा है। कई विपक्षी दलों ने एसआईआर को लेकर आपत्तियां जताई हैं। संसद के मानसून सत्र में भी बिहार में एसआईआर को लेकर कई विपक्षी दलों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

## बिहार में सड़क किनारे मिलीं वीवीपैट की पर्चियां

एजेंसी

समस्तीपुर। बिहार के समस्तीपुर जिले में सड़क किनारे बड़ी संख्या में वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन से प्राप्त पर्चियां मिलने के बाद एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी को शनिवार को निलंबित

❍ सहायक रिटर्निंग अधिकारी निलंबित, प्राथमिकी दर्ज

कर दिया गया और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई।

जिले के सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र में एक कॉलेज के पास सड़क किनारे वीवीपैट पर्चियां बिखरी हुई पाई गईं। इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद निर्वाचन आयोग हरकत में आ गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि जिलाधिकारी को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। बयान में कहा गया चूंकि ये पर्चियां मॉक पोल (प्रायोगिक मतदान) की हैं, इसलिए मतदान प्रक्रिया की अखंडता पर कोई असर नहीं पड़ा है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में सभी ...शेष पृष्ठ 14 पर





### हिमाचल के विधायक पर पॉक्सो के तहत मुकदमा

शिमला। हिमाचल प्रदेश के चुराह विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन बार के विधायक हंसराज के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इससे एक दिन पहले कथित पीड़िता के पिता की शिकायत के बाद हंसराज के निजी सहायक और एक अन्य करीबी सहयोगी के खिलाफ अपहरण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि कथित पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और भाजपा विधायक हंस राज के खिलाफ शुक्रवार को पॉक्सो अधिनियम की धारा-6 के तहत गंभीर प्रवेशन यौन हमला करने और भारतीय न्याय संहिता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएफआई के खिलाफ मनी लांड्रिंग मामले में 67 करोड़ की संपत्ति कुर्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत 67 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के लिए एक नया आदेश जारी किया है।

संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां पीएफआई के लाभकारी स्वामित्व और नियंत्रण में थीं और इसके राजनीतिक मोर्चे - सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के अलावा, विभिन्न ट्रस्टों के नाम पर थीं। केंद्र ने सितंबर 2022 में ईडी, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और विभिन्न राज्य पुलिस बलों द्वारा समन्वित छापेमारी के बाद पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था और इसे एक गैरकानूनी संगठन बताया जो आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त था। एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी। यह निर्वाचन आयोग (ईसी) के साथ एक राजनीतिक दल के रूप में भी पंजीकृत है।

ईडी ने कहा कि 67.03 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के लिए 6 नवंबर को एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था। कुर्की के नए मामले के साथ जब्त की गई कुल संपत्ति अब 129 करोड़ रुपये हो गई है। ये संपत्तियां विभिन्न संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत हैं, जैसे ग्रीन वैली फाउंडेशन, अलप्पुझा सोशल कल्चरल एंड एजुकेशन ट्रस्ट, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संघर्ष और तप का परिणाम है उत्तराखंड का गठन

### सीएम धामी ने रजत जयंती वर्ष पर आंदोलनकारियों व शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राज्य सरकार आंदोलनकारियों के योगदान को सदैव सम्मानपूर्वक याद रखेगी और उनकी भावना को प्रत्येक नीति एवं निर्णय में स्थान देगी। राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेशवासी अपने घरों में पांच दीपक राज्य आंदोलनकारियों की स्मृति में अवश्य जलाएं।

यह अपील मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसमुदाय से की। उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन में आयोजित राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह में राज्य आंदोलनकारियों और शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिवारजनों को सम्मानित किया। कचहरी परिसर शहीद स्थल और पुलिस लाइन देहरादून में इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण केवल राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि देवभूमि के लाखों लोगों के बलिदान, संघर्ष और तप का परिणाम है। उत्तराखंड आंदोलन के दौरान खटीमा, मसूरी और रामपुर तिराहा जैसी दर्दनाक घटनाएं हमारे इतिहास के अमर अध्याय हैं। राज्य निर्माण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारियों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है और देती रहेगी। उन्होंने राज्य ...शेष पृष्ठ 14 पर



### हत्या मामले में नौ दोषियों को उम्रकैद

बलरामपुर। जिले की एक अदालत ने हत्या और जानलेवा हमले के मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्यों सहित नौ दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि गैसड़ी कोतवाली में 22 जून 2013 को वादी भगीरथ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश को लेकर राम सहाय के पुत्र वासुदेव, दुर्गेश, पुत्री कबूतरी, पत्नी सुनीता, दुर्गेश की पत्नी अनीता के साथ-साथ सेवरी देवी, लाहिराम, अशोक कुमार तथा भानमती ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से वादी के पिता एवं परिवार के लोगों पर हमला कर दिया था। इस घटना में उसके पिता शिवचरण की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि अपर जिला जज प्रदीप कुमार ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शुक्रवार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

### पुलिस ने धरपकड़ के लिए चलाया अभियान, कई जगह की छापेमारी

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में घुसपैठ के प्रयास के बारे में एजेंसियों से मिली विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर शुक्रवार को एक अभियान शुरू किया गया। सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर आतंकवादियों को रुकने को कहा लेकिन उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें कहा गया है, सुरक्षा बलों ने जारी अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इलाके में तलाश अभियान जारी है। वहीं दूसरी ओर जम्मू कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के तहत शनिवार को कश्मीर में कई जगहों ...शेष पृष्ठ 14 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ सभी विस क्षेत्रों में निकलेगी यूनिटी मार्च (पृष्ठ-02)
❍ शहरी विकास के लिए रोडमैप होगा तैयार (पृष्ठ-02)
❍ बिहार में इंडिया गठबंधन का सफाया तय (पृष्ठ-16)
❍ राहुल का वोटचोरी वाला आरोप निराधार : राजनाथ (पृष्ठ-16)
❍ बिहार में बनेगी महागठबंधन की सरकार : खरगे (पृष्ठ-16)

विशेष खबर — मौसम में आया अचानक बदलाव, कानपुर का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंचा

## यूपी में मौसम विभाग ने जारी किया सर्दी का एलर्ट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शनिवार सुबह से ही ठंड और धुंध ने असर दिखाना शुरू कर दिया। दिन का अधिकतम तापमान 29 डिग्री रहा। वहीं रात का न्यूनतम तापमान करीब 14 डिग्री रहने का अनुमान है। ठंड के असर से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कानपुर में न्यूनतम तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि पूर्वी यूपी के कई जिलों में 2 से 3 डिग्री की कमी आई है।

शहर की हवा की गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, शनिवार सुबह लखनऊ का औसत अदक 149 दर्ज किया गया, जो यलो जोन में आता है। कुछ इलाकों में स्थिति और खराब दिखी। अलीगंज : 227, लालबाग : 225, तालकटोरा : 219, गोमतीनगर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) : 203 रहा। शाम तक स्थिति और भयावह हो गई। लखनऊ में शनिवार रात करीब 8 बजे एक्यूआई के 210 ऊपर रहा, जो काफी खराब और चिंताजनक है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते पश्चिमी हिमालय में बर्फबारी हुई है, जिसका असर यूपी तक दिखाई दे रहा है। इन ठंडी हवाओं के कारण तापमान में 5 से 8 डिग्री की गिरावट आई है। आने वाले दिनों में लखनऊ का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक और नीचे जा सकता है। न्यूनतम तापमान के मामले में यूपी का कानपुर (9.2) और इटावा (9.6) फिलहाल सबसे ठंडे शहर बने हुए हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक सप्ताह तक दिन और रात के तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन सर्दी का असर अब लगातार बढ़ता जाएगा। इसलिए अगर आपने अभी तक अपने ...शेष पृष्ठ 14 पर



## सड़क हादसों में छह की मौत, 3 की हालत गंभीर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। शामली, महराजगंज, सुलतानपुर जिले में हुए सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई और तीन महिलाएं गंभीर रूपसे घायल हो गईं। इसके अतिरिक्त चार बच्चों को भी हल्की चोटें आई हैं।

शामली जिले के बाबरी क्षेत्र में बंती खेड़ा पुल के पास पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर एक कार के खड़े ट्रक से जा टकराने से हरियाणा के सोनीपत निवासी चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हरियाणा के सोनीपत जिले के विवेक (26), प्रणदीप (30), आशीष (28) और साहिल (25) के रूप में हुई है। ये सभी लोग सोनीपत से मुजफ्फरनगर जा रहे थे। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। वहीं, महाराजगंज जिले के बृजमनगंज क्षेत्र में शनिवार को कार से टक्कर लगने पर मोटरसाइकिल सवार दो लोग अजय (26) और महेश (32) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और चालक को हिरासत में ले लिया है। जबकि, सुलतानपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में शनिवार तड़के अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रक घर में घुसने से कई लोग घायल हो गए। तीन महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीबीडीयू स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज ने मनाया विश्व रेडियोलॉजी दिवस

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बीबीडीयू स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज के ओरल मेडिसिन एवं मैक्सिलोफेशियल रेडियोलॉजी विभाग द्वारा विश्व रेडियोलॉजी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम अदृश्य को देखना - इमेजिंग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाना था। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

विश्व रेडियोलॉजी दिवस हर वर्ष 8 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन 1895 में विल्हेम कॉनराड रॉन्टजन द्वारा एक्सरे की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में रेडियोलॉजी की महत्वपर्ण भूमिका का सम्मान करता है। यह दिवस रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान और सुरक्षित रोगी देखभाल में रेडियोलॉजिस्टों और रेडियोग्राफरों के अमूल्य योगदान को पहचानता है। इसका उद्देश्य विकिरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, अलारा सिद्धांत को बढ़ावा देना, और सीएफ, एमआरआई, सीबीसीटी तथा इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी जैसी इमेजिंग तकनीकों में नवाचार को प्रोत्ताहित करना है।

विश्व स्तर पर यह दिवस सेमिनारों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से मनाया जाता है। यह हमें याद दिलाता है कि कैसे रेडियोलॉजी विज्ञान, तकनीक और करुणा का समन्वय कर रोगियों के परिणामों में सुधार लाती है और जीवन बचाती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. नीता पसरीचा एवं ओरल मेडिसिन एवं मैक्सिलोफेशियल रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक यू, डेंटल कॉलेज के सभी विभागाध्यक्षों एवं छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम का परिचयात्मक भाषण डॉ प्रिया सिंह द्वारा दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ दीपक यू ने इस दिन के महत्व और साथ ही रेडिएशन सेफ्टी के बारे में बताया। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में इस दिन के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर स्नातक (अंडर ग्रेजुएट) तथा स्नातकोत्तर (पोस्टग्रेजुएट) छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें ई-पोस्टर प्रतियोगिता, रील मेकिंग प्रतियोगिता (इस दिन के महत्व पर) और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एक्स-रे की खोज और उसके स्वास्थ्य सेवा पर प्रभाव के महत्व पर था। इस प्रतियोगिता में सभी छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी विजेताओं को प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भरा गणना प्रपत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत स्वयं अपना गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरकर प्रदेशवासियों को सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया।

- **मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में जुड़ने की अपील**

श्री रिणवा ने कहा कि शुद्ध निर्वाचक नामावली, मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे इस विशेष अभियान में प्रदेश के सभी मतदाताओं को भाग लेना चाहिए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे इस फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को समय से वापस करें।

उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या जो स्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो गए हैं, उनके परिवार के सदस्य बीएलओ को सूचना दें ताकि नामावली को अद्यतन किया जा सके। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। सभी मतदाताओं की सजगता और सहयोग से आगामी अंतिम मतदाता सूची, जो 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी, पूर्णतः त्रुटिरहित और अद्यतन होगी।

# काशी, वाराणसी और बनारस स्टेशनों के विकास के लिए तैयार हो रहा रेलवे मास्टर प्लान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**वाराणसी/लखनऊ।** शनिवार को रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भारत सरकार ने काशी एवं वाराणसी रेलवे स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशन विकास एवं रेल यातायात प्रबंधन से संबंधित विस्तृत योजनाओं पर चर्चा की।

वाराणसी कैंट में सकुर्लेटिंग एरिया के निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री ने कहा कि काशी, वाराणसी और बनारस स्टेशनों का एक एकीकृत मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत यात्री सुविधाओं, ट्रैफिक मूवमेंट, स्टेशन पुनर्विकास एवं रूट रीडिजाइनिंग को एक समग्र दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा। इस मास्टर प्लान का उद्देश्य इन तीनों स्टेशनों को आपस में जोड़कर एक सुव्यवस्थित रेल नेटवर्क के रूप में विकसित करना है, जिससे यात्रियों और ट्रेनों का आवागमन और अधिक सुचारू हो सके। उन्होंने बताया कि वाराणसी कैंट स्टेशन क्षेत्र को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के लिए एक दीर्घकालिक योजना तैयार की जा रही है। ताकि यात्रियों को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि वाराणसी कैंट स्टेशन पर नया प्लेटफॉर्म शीघ्र ही तैयार होने जा रहा है, जिससे ट्रेनों के संचालन की क्षमता और यात्रियों की सुविधा में और वृद्धि होगी। इसके साथ ही उन्होंने कैंट स्टेशन पर बन रहे रोपवे प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की।

- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया काशी एवं वाराणसी रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण**
- **तीनों स्टेशन देश का एक आधुनिक मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब बनेगा**

यह रोपवे स्टेशन क्षेत्र में यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। काशी स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्हीने काशी स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य को देखा जोकि भविष्य की बढ़ती हुई यात्री संख्या को ध्यान में रखते हुए आधुनिकतम सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। यहां ट्रेन संचालन की क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसी संरचना विकसित की जा रही है, जिससे भविष्य में काशी स्टेशन से ट्रेनों का ऑरिजिनेशन एवं टर्मिनेशन भी सुचारू रूप से किया जा सके इसके साथ ही दक्षिण भारत की दिशा में जाने वाली ट्रेनों को बनारस स्टेशन से चलाने की योजना पर कार्य चल रहा है। इससे वाराणसी कैंट स्टेशन पर परिचालनिक दबाव कम होगा और ट्रेनों की समयपालन क्षमता में सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री ने यह भी बताया कि काशी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु रेलवे कॉलोनियों के रीडेवलपमेंट (पुनर्विकास) का भी खाका तैयार किया जा रहा है, जिसमें आधुनिक आवासीय परिसर, हरित क्षेत्र एवं सामुदायिक सुविधाएं शामिल होंगी।काशी एवं वाराणसी स्टेशनों का विकास बनारस की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि स्टेशन क्षेत्र स्थानीय स्थापत्य कला एवं धार्मिक पहचान को भी संरक्षित रखे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गंगा नदी पर बनने वाले सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। यह ब्रिज नमो घाट और काशी स्टेशन के बीच बनाया जाएगा, जिसमें 4 रेलवे ट्रैक और 6 हाइवे लेन शामिल होंगी। इस पुल के बनने से रेलवे और सड़क दोनों ही माध्यमों में कनेक्टिविटी अत्यंत सुदृढ़ होगी और यह बनारस के विकास का नया प्रतीक बनेगा। रेल मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन के बाद बनारस, काशी एवं वाराणसी क्षेत्र न केवल उत्तर भारत का बल्कि संपूर्ण देश का एक आधुनिक मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब बनेगा, जो श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों सभी के लिए समान रूप से लाभकारी होगा। इस अवसर पर रवीन्द्र जायसवाल स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), अशोक तिवारी महापौर वाराणसी, चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा, मण्डल रेल प्रबंधक/लखनऊ सुनील कुमार

## बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ




**लखनऊ।** भारत के आधुनिक रेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। दुनिया के विकसित देशों में, आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक मजबूत बुनियादी ढांचा रहा है, श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिन भी देशों ने महत्वपूर्ण प्रगति और विकास हासिल किया है, वहां बुनियादी ढांचे की उन्नति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत भी इस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में नई वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू करने की घोषणा की। बनारस-खजुराहो वंदे भारत के अलावा, उन्होंने फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत, लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत और एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाई। इन चार नई ट्रेनों के साथ, देश में चालू वंदे भारत ट्रेनों की कुल संख्या अब 160 से अधिक हो गई है।

- **वाराणसी जं. स्टेशन पर ट्रेन के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत**

इस अवसर पर वाराणसी जं. स्टेशन पर ट्रेन के प्रथम आगमन के समय कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे ,लखनऊ एवं स्टेशन निदेशक वाराणसी अर्पित गुप्ता ने स्वम उपस्थित होकर लोको पायलेट को पुष्प माला पहनाकर उनका का स्वागत किया। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में यात्रियों की उपस्थिति रही। स्टेशन पर देशभक्ति संगीत के साथ पारंपरिक स्वागत समारोह ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। यात्रियों एवं रेलवे अधिकारियों द्वारा ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। स्टेशन परिसर को विशेष रूप से सजाया गया तथा यात्रियों का पुष्पमालाओं और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया गया। यह अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस बनारस और खजुराहो के बीच तीव्र, आरामदायक एवं आधुनिक रेल सेवा प्रदान करेगी, जो उत्तर प्रदेश के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है। बनारसझखजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस 26422 सप्ताह में 6 दिन (गुरुवार को छोड़कर) चलेगी। यह ट्रेन बनारस से प्रातः 05:25 बजे प्रस्थान कर 13:10 बजे खजुराहो पहुंचेगी तथा वापसी में खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस 26421 खजुराहो से 15:20 बजे रवाना होकर रात 23:00 बजे बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन के प्रमुख ठहराव वाराणसी जं., विंध्याचल, प्रयागराज छिवकी, चित्रकूटधाम, बांदा एवं महोबा स्टेशनों पर है। इस आधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस में अत्याधुनिक यात्री सुविधाएँ जैसे स्वचालित दरवाजे, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली,आरामदायक रीक्लाइनिंग सीटें, ऊर्जा-कुशल वातानुकूलन प्रणाली,उन्नत सुरक्षा एवं फायर अलार्म सिस्टम उपलब्ध हैं। यह नई वंदे भारत एक्सप्रेस न केवल तीर्थ यात्रियों बल्कि पर्यटकों और आम यात्रियों के लिए भी यात्रा का एक नया अनुभव लेकर आई है। इसके संचालन से वाराणसी जं., प्रयागराज, चित्रकूट एवं खजुराहो जैसे प्रमुख स्थलों के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आयेगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को एक नई दिशा मिलेगी।

# यूपी पोल्ट्री एवं पशु स्वास्थ्य एक्सपो का सफल समापन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पोल्ट्री एवं पशु स्वास्थ्य एक्सपो का शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में सफल समापन हुआ। 7 व 8 नवंबर को आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। एक्सपो में पोल्ट्री एवं पशुपालन क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों, नवाचारों और श्रेष्ठ प्रथाओं का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सरकार, उद्योग जगत, शिक्षाविदों और उद्यमियों के बीच व्यापक सहभागिता देखने को मिली।

इस एक्सपो का आयोजन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (कार्ड), नई दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के पशुपालन विभाग के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोल्ट्री एवं पशुपालन क्षेत्र में सतत विकास, उत्पादकता वृद्धि और लाभप्रदता को प्रोत्साहित करना था। एक्सपो का शुभारंभ 07 नवम्बर को प्रतिष्ठित अतिथियों और उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया गया। एक्सपो में नवाचार, रोग नियंत्रण, उत्पादकता वृद्धि एवं पोल्ट्री तथा पशु स्वास्थ्य क्षेत्र में उभरते अवसरों पर केंद्रित तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

- **पशु स्वास्थ्य, कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका सृजन के लिए नवाचार और नीतिगत सहयोग को निरंतर प्रोत्साहित किया जायेगा**

एक्सपो के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ. मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश ने एक्सपो के माध्यम से सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी (पीपीपी) को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की तथा सरकार की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि पशु स्वास्थ्य, कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका सृजन के लिए नवाचार और नीतिगत सहयोग को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा। एक्सपो में देश एवं विदेश की अग्रणी कंपनियों ने भाग लिया है जिन्होंने अत्याधुनिक पशु आहार, पशु औषधियाँ, प्रजनन तकनीकें और एकीकृत पशुपालन प्रबंधन समाधान प्रदर्शित किए हैं जिससे प्रदेश में पोल्ट्री और पशुपालन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकलेंगी यूनिटी मार्च पदयात्राएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के साथ सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान की तैयारियों को लेकर वर्चुअल प्लेटफार्म पर बैठक की। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने किया।

वर्चुअल बैठक में प्रमुख रूप से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, मंत्री सुरेश खन्ना, धर्मपाल सिंह, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता, बेबी रानी मौर्य, अनिल राजभर, जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर मिश्र दयालु, सोमेन्द्र तोमर, जयवीर सिंह, दारा सिंह चौहान, सुनील कुमार शर्मा, गुलाब देवी, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, असीम अरूण, धर्मवीर प्रजापति, केपी मलिक, संजय गंगवार, ब्रजेश सिंह, रजनी तिवारी, संजीव गौंड सहित अभियान के प्रदेश, क्षेत्र, जिला एवं विधानसभा के संयोजक व सहसंयोजक जुड़े। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान के राष्ट्रीय संयोजक सुनील बंसल ने कहा कि सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा में आयोजित होने वाली यूनिटी मार्च पदयात्राएं उत्तर प्रदेश में 10 नवम्बर से 20 नवम्बर के बीच जनमानस को सरदार पटेल के ऐतिहासिक निर्णयों के साथ राष्ट्रीय एकता के भाव को मजबूत करते हुए गांव, गली, शहर में पहुचेंगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने तय किया कि उत्तर प्रदेश में सभी 403 विधानसभाओं में यूनिटी मार्च पदयात्राएं निकलेंगी। पदयात्राओं की तैयारी के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद तथा विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि तथा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बैठक करके एक-एक बिन्दु पर चर्चा करते हुए जवाबदेही तय करें।

- **भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने भूपेंद्र चौधरी के साथ वर्चुअल प्लेटफार्म पर की बैठक**
- **सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान की तैयारियों को लेकर संगठन और सरकार के प्रतिनिधियों की जवाबदेही होगी तय**

उन्होंने कहा कि 08 से 10 किलोमीटर तक मार्ग तय करने वाली पदयात्राओं का यात्रा मार्ग पहले से निर्धारित होना चाहिए।उन्होंने कहा कि पदयात्रा के प्रारम्भ स्थान पर किसी बड़े कार्यक्रम से शुभारम्भ करना है। इसके साथ ही यात्रा के पड़ावों पर पौधरोपण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा समापन स्थल पर सभा का आयोजन करना है। बड़ी संख्या में राष्ट्रध्वज के साथ राष्ट्रीय एकता के भाव तथा सरदार पटेल के विचारों को साझा करते हुए यात्रा आगे बढ़ेंगी। प्रभारी मंत्री, सांसद तथा विधायक यात्रा का नेतृत्व करेंगे। खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, पद्म पुरस्कार प्राप्त विशिष्ठ जन, शिक्षक व प्रधानाचार्य, कुलपति, सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन, मजदूर संगठन, शिक्षक संगठन, महिला संगठन, सांस्कृतिक संगठन तथा उनके नेताओं तथा समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों को यात्राओं में सम्मिलित करना है। स्थानीय नागरिकों को यात्रा से जोड़ना है और यात्रा में जनसहभागिता और जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

# एसआईआर वोट चोरी का नया हथियार : आराधना मिश्रा मोना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से पूरे देश में वोट चोरी का आरोप लगाते हुए विगत दिनों पूर्व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी के विरूद्ध आवाज बुलंद कर देश की जनता को सम्बोधित किया था। कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के खिलाफ पूरे देश में एक वृहद स्तर पर देश के आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक अभियान चलाया था। जिसकी शनिवार को उत्तर प्रदेश में समस्त चरणों की प्रक्रिया पूरी होने पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एक प्रेसवार्ता आयोजित हुई जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सम्पूर्ण अभियान की विस्तृत जानकारी पत्रकारों के साथ साझा की। उन्होंने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) वोट चोरी का एक नया हथियार है। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि 7 अगस्त को वोट चोरी के खिलाफ राहुल की पहली प्रेस वार्ता के बाद कांग्रेस द्वारा पूरे देश के समस्त प्रांतों में वोट चोरी के विरूद्ध अभियान चलाया गया।

- **कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रेसवार्ता कर चुनाव आयोग पर लगाये गंभीर आरोप**

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 12 एवं 13 अगस्त को उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की प्रेसवार्ता को अलग- अलग स्थानों पर प्रोजेक्टर/वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। 14 अगस्त को लखनऊ में कैंडल मार्च आयोजित किया गया। 7 सितम्बर को बिसवां, सीतापुर में वोट चोर गद्दी छोड़ राज्य स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि 15 सितम्बर से 8 नवंबर तक पूरे प्रदेश में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसके तहत 1795370 प्रदेशवासियों के हस्ताक्षर कराये गये हैं जिन्हें प्रेसवार्ता के बाद दिल्ली रवाना कियागया।

उन्होंने कहा कि नवंबर अंतिम सप्ताह में रामलीला मैदान, दिल्ली में विशाल वोट चोर गद्दी छोड़ रैली आयोजित की जाएगी और उसी दिन पूरे देश से 5 करोड़ हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपे जायेंगे। मोना ने कहा कि बिहार में फॉर्म और जरूरी दस्तावेज जमा होने के बावजूद लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब हैं। जो भाजपा के वोटर नहीं हैं उनके नाम छांट-छांट कर सूची से काट दिए गए हैं। उन्होंने हाल ही हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान हुए वोट चोरी पर अपनी बात कहते हुए कहा कि कुल 2 करोड़ के वोटर में 25 लाख वोट चोरी यानी हर 8 में से 1 वोट की चोरी की चोरी हुई है। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीएल पुनिया सांसद, सांसद किशोरी लाल शर्मा, सांसद उज्जवल रमण सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# शहरी विकास के लिए रोडमैप होगा तैयार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव में आज उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने प्रतिभाग किया। यह कॉन्क्लेव शहरी विकास के क्षेत्र में साझा रणनीति और दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

- **उत्तर प्रदेश के शहरी सुधारों और नवाचारों की हुई सराहना**
- **उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने किया नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव में प्रतिभाग**
- **केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और विभिन्न राज्यों के मंत्रीगण रहे उपस्थित**

इस अवसर पर देशभर से आए शहरी विकास विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं और विभिन्न राज्यों के नगर विकास मंत्रियों ने



क्षेत्र नियोजन, शहरी गतिशीलता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, क्षमता निर्माण, सुलभ आवास योजना, सतत शहरी ढांचा, और शहरी आजीविका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश में शहरी विकास के क्षेत्र में किए गए प्रमुख कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कई अभिनव प्रयास किए हैं – जैसे घरों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे से कंपोस्ट उत्पादन, और नालों की सफाई व ट्रीटमेंट के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग।यूपी दर्शन पार्क हमारे उत्कृष्ट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का उदाहरण बना है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि नगर निकाय केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि शहरी विकास के सक्रिय भागीदार बनें। इसके लिए नागरिकों की भागीदारी, जनजागरूकता और तकनीकी सक्षमता को बढ़ाना आवश्यक है। कॉन्क्लेव के दौरान उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मॉडल की विशेष रूप से सराहना की गई।

संक्षेप

## दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर से अचानक असंतुलित होकर गिरने से युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के खैरा पूरे छेमी निवासी धुन्नी लाल पटेल का बाइस वर्षीय बेटा आर्यन उर्फ गोलू शुक्रवार की रात टैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। ट्रैक्टर चलाते समय अचानक झटका लगने से वह नीचे गिर गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से गोलू की मौके पर ही मौत हो गयी। पास के खेत मे धान की कटाई कर रहे एक ग्रामीण ने शोर सुना तब वहां पहुंचा। ग्रामीण ने आननफानन में ट्रैक्टर को बंद किया। युवक की मौत की सूचना घर पहुंची तब रोते बिलखते परिजन वहां पहुंचे। सूचना मिलने पर रानीगंज कैथौला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## इटवा में आशा बहू की करंट लगने से मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा थाना क्षेत्र के सुहेलवा गांव में शनिवार सुबह करंट लगने से 45 साल की एक आशा बहू की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 8:30 बजे हुई, जब वह अपने घर में काम कर रही थीं। मृतक की पहचान प्रभावती पत्नी स्व. कांशीराम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घर में बिजली का एक तार कटा हुआ था, जिस पर प्रभावती का ध्यान नहीं गया। जैसे ही वह तार के संपर्क में आईं, उन्हें तेज करंट का झटका लगा। परिजनों और आसपास के लोगों ने गंभीर हालत में प्रभावती को तत्काल इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मचारियों ने घटना की सूचना इटवा थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। प्रभावती के पति का निधन लगभग दो साल पहले हो चुका था और वह अपने बेटे के साथ रहती थीं। इटवा थाना प्रभारी (एसएचओ) श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि करंट लगने से एक महिला की मौत हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

## डुमरियागंज ब्लॉक में 600 बच्चों ने मैराथन दौड़ में भाग लिया



जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक प्रांगण में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री जगदम्बिका पाल ने हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया। सुबह से ही बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और ऊर्जा देखी गई। प्रतिभागियों ने मैराथन में हिस्सा लेकर खेल भावना और अनुशासन का संदेश दिया।

सांसद जगदम्बिका पाल ने इस अवसर पर कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ शरीर-स्वस्थ मन का आधार है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए खेलों के प्रोत्साहन अभियान की सराहना की, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया है। पाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सिद्धार्थनगर जिले में खेलों की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं, उन्हें केवल सही दिशा और अवसर की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना और खेल को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस आयोजन में एसडीएम डुमरियागंज राजेश कुमार, सीओ बृजेश वर्मा, बीडीओ कार्तिक मिश्रा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और इस आयोजन को स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करने के लिए मंच तैयार किया गया था। सभी प्रतिभागियों की सहभागिता की सराहना की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में सांसद खेल महोत्सव के तहत अन्य खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। ब्लॉक परिसर में आयोजित इस मैराथन ने क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा दी है। 600 बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने यह दर्शाया कि सिद्धार्थनगर के ग्रामीण इलाकों में खेल के प्रति गहरा रुझान है। जिससे उचित प्रोत्साहन मिलने पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं।

## बीएमपीएस में अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी संपन्न

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरांत छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रगति की जानकारी हेतु अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों ने अपने पाल्यों की शिक्षा संबंधी कमियों और विशेषताओं के बारे में उनके अध्यापकों से विचार विमर्श किया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन से भी अपने विचार साझा किया। इस अवसर पर प्रबंधक शांतनु सिंह व प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि छात्रों को संस्कारिक और जीवनोपयोगी शिक्षा देना ही बीएमपीएस का उद्देश्य है। आपके द्वारा प्राप्त सुझाव के आधार पर ही प्रबंधन छात्रों की अच्छाइयों और कमियों को जान कर उनमें सुधार करने का प्रयास करता है इस अवसर पर अभिभावकों ने नर्सरी से कक्षा-12 तक के बच्चों के प्रगति पत्र व परीक्षा कापियों का स्वअवलोकन कर अध्यापकों से अपने पाल्यो की दैनिक क्रिया कलापों को लेकर अध्यापकों से विचार विमर्श किया। प्रिंसिपल अभिषेक रंजन ने आए हुए अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए पाल्यों के प्रति सचेत रहने की बात कही। सह प्रशासनिक सचिव शालिनी सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए उनके पाल्यो की शिक्षा संबंधी समस्याओं का निराकरण तुरंत करवाया। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा-12 तक के अध्यापक व उनके अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन और से सभी अभिभावकों के लिए पर्याप्त जलपान की व्यवस्था की गई यह जानकारी बीएमपीएस पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

## बूढ़ी राप्ती किनारे मिली लावारिस लाश

**सिद्धार्थनगर।** जोगिया क्षेत्र में बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे ककरही घाट के पास एक लावारिस शव मिला है। ग्रामीणों ने सुबह शव देखकर स्थानीय जोगिया उदयपुर कोतवाली को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव जानवरों द्वारा बुरी तरह से क्षत-विक्षत कर दिया गया था। इस कारण पुलिस काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं कर पाई है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में कौतूहल बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी मीरा चौहान ने लावारिस शव मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है और पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

## मतदाता अभियान कार्यशाला संपन्न



**इकौना, श्रावस्ती।** जगतजीत इंटर कॉलेज, इकौना में विधायक राम फेरन पाण्डेय के कुशल प्रबंधन में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत श्रावस्ती विधानसभा की कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बलरामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, प्रवासी मंत्री विनोद कुमार, कार्यक्रम संयोजक चंद कुमार मिश्रा, जिला संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, प्रेम सिंह नायक, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पांडे, जिला उपाध्यक्ष पूजा पांडे तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता नेकराम पांडेय, ,मंडल अध्यक्ष मनोज दुबे, शक्ति केंद्र साइजक पुस्कर तिवारी,राहुल सिंह,सभी मंडल अध्यक्ष,बूथ अध्यक्षा तथा बी एल ए 2 सहित अनेक सम्मानित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यशाला में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की शक्ति, मतदाता सूची के शुद्धीकरण के महत्व और आगामी चुनावों में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

## तहसीलदार ने सुनीं शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में लालगंज मे छः शिकायतो मे एक का निस्तारण हुआ। वही सांगीपुर मे सोलह शिकायतो मे एक का निस्तारण अफसर करा सके। उदयपुर मे पांच शिकायतें आयी। यहां भी एक शिकायत का निस्तारण हुआ। लीलापुर मे आठ शिकायतो में निस्तारण शून्य रहा। लीलापुर थाने मे तहसीलदार गरिमा वर्मा ने शिकायतो की सुनवाई की। उन्होने राजस्व से जुडी पांच शिकायतो मे पुलिस एवं राजस्व टीम का गठन कराया।

## कोठार मंगोलपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में कृष्ण महिमा सुन मगन हुए श्रद्धालु

**प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर के कोठार मंगोलपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को कथाव्यास स्वामी ओमानंद जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धरा पर अवतार लेकर धर्म के अनुसार जीवन जीने का हमें मार्ग दिखलाया है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा को सुनना और समझना दोनों श्रेयस्कर है। स्वामी ओमानंद महराज ने कहा कि भगवान द्वारिकाधीश ने सत्य की रक्षा के लिए धर्मयुद्ध का शंखनाद किया। उन्होने कहा कि जीवन में सत्य का मार्ग और सुचिता के साथ कर्म सदैव मंगलदायी हुआ करता है। स्वामी जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला में ही संसार को अनीति तथा अधर्म के समूल नाश का संदेश मिल गया। उन्होने कहा कि जीवन को जीने के लिए सदैव भक्ति साधना को पवित्र रखना चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि भक्ति का मार्ग कठिन है किंतु इसका कभी भी परित्याग नही करना चाहिए। कथा के दौरान भगवान के सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। संयोजक डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल एवं सरोज शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर प्रतीक शुक्ला, संजय शुक्ला, संजय पाण्डेय, संतोष मिश्र, विश्वंभरनाथ शुक्ला, शिवशंकर शुक्ला, बच्चा शुक्ला, रत्नाकर तिवारी आदि रहे।



## संजीव कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

**इटावा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के नवनियुक्त प्रदेश सचिव संजीव कठेरिया को मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर जिले के सभी कांग्रेस जनो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, प्रवक्ता वचस्पति द्विवेदी, प्रवक्ता सतीश नागर, नरेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, आसिफ जादरान, सरवर अली, राहुल दीक्षित, जितेन्द्र यादव, अंशुल यादव, सचिन संखवार, सतीश शाक्य, अरूण यादव ओबीसी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह शाक्य, शहर अध्यक्ष मोहित शर्मा, योगिराज यादव, अंसार अहमद, रमेशचंद्र यादव, उदयराज यादव, संदीप यादव, शालू यादव, अंकित, रामकुमार, अजीत शर्मा, प्रशांत यादव, प्रवीन कुमार फिरदोस खान आदि साथियों ने हर्ष व्यक्ति किया है।

# दूसरा काला नमक क्रेता-विक्रेता सम्मेलन संपन्न

राम आशीष दुबे

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय काला नमक चावल (बुद्धा राइस) द्वितीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन बीएसए ग्राउंड में संपन्न हुआ। शनिवार को शुरू हुए इस सम्मेलन का उद्घाटन मंत्री राकेश सचान, सांसद जगदंबिका पाल, विधायक माता प्रसाद पाण्डेय सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में नेता प्रतिपक्ष/विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चन्द्र द्विवेदी, डीएम शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अभिषेक महाजन और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्टालों का निरीक्षण कर कालानमक उत्पादों का अवलोकन किया। कार्यक्रम की



शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई।

डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ के छात्रों ने सरस्वती वंदना और कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किया। उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सिद्धार्थनगर भगवान बुद्ध की धरती है और कालानमक चावल को भगवान बुद्ध का प्रसाद माना जाता है, जिसकी खुशबू विदेशों तक पहुंच रही है। उन्होंने घोषणा की कि कालानमक के लिए 2 और कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा! मंत्री सचान ने बताया कि युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विश्वभर में कालानमक की मांग बढ़ रही है और सरकार इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि कालानमक चावल विलुप्त होने की कगार से निकलकर आज अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि जी-20 सम्मेलन में भी विदेशी प्रतिनिधियों को कालानमक चावल भेंट किया गया था। सांसद पाल ने इसे शुगर रोगियों के लिए लाभकारी भी बताया। सांसद जगदंबिका पाल ने आगे कहा कालानमक अकेला सिद्धार्थनगर को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की क्षमता रखता है। इटवा विधायक माता प्रसाद ने कहा कि सीएफसी के माध्यम से बेहतर ब्रांडिंग और उचित मूल्य मिलने से किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## आरोपिता के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर मारपीट की घटना मे पुलिस ने आरोपिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के उमरपुर भटनी निवासी मंसूरी लाल सोनकर के पुत्र रमेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सात नवंबर को दोपहर वह घर में मौजूद था। विवाद को लेकर उसकी पत्नी माया देवी ने उस पर हमला बोल दिया। हमले मे पीड़ित को गंभीर चोटें आ गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपिता माया देवी के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## महिलाओं-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया




**सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत एक साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं और छात्राओं को साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला कॉन्स्टेबल किरन यादव ने उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को बताया कि किसी भी अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में वे कहां और कैसे शिकायत दर्ज करा सकती हैं। कांस्टेबल ने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड केयर लाइन), 108 (एम्बुलेंस) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) के बारे में बताया गया। महिलाओं और छात्राओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार के डर या संकोच के बिना किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

# मंत्री के अपमानजनक बयान पर क्षमायाचना करें पीएम मोदी : प्रमोद



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर लगातार देश की धार्मिक आस्था व आध्यात्मिक परम्परा पर चोट पहुंचाने को लेकर करारा हमला बोला है। उन्होने बिहार के सीतामढ़ी मे मां सीता के जन्म को लेकर भाजपा के केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री के द्वारा संसद में दिये गये जबाब को लेकर घेराबंदी करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सीता मईया का अपमान कर करोड़ो भारतीयों की आस्था पर आघात पहुंचाया है। प्रमोद तिवारी ने बिहार चुनाव को लेकर पीएम मोदी के सीतामढ़ी दौरे की घेराबंदी करते हुए कहा कि पहले पीएम मोदी को अपनी सरकार के मंत्री के द्वारा सीता मईया की जन्मस्थली को लेकर दिये गये घोर विवादास्पद बयान पर देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होने उदाहरण के साथ कहा है कि राज्यसभा में सांसद प्रभात झा के सवाल के जबाब में 2017 में मोदी सरकार के संस्कृति मंत्री ने यह बयान दिया था कि बिहार के पुनौर मिथिला में मां सीता के जन्म का कोई भी ऐतिहासिक साक्ष्य नही है। प्रमोद तिवारी ने कहा भाजपा ने अयोध्या मे राम मन्दिर के उदघाटन के समय भी मां सीता से जुड़े रश्मों को निभाने के लिए मिथिला की जगह नेपाल के प्रतिनिधिमण्डल को आमंत्रित किया था। उन्होने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर का यह सबसे गंभीर प्रमाण है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की यह विचित्र दशा है कि वह अयोध्या मे श्रीराम का जन्म स्वीकार करती है और मिथिला में मां सीता के जन्म को लेकर प्रमाणिकता का सवाल उठाया करती है। उन्होने कहा कि रामायण और श्रीरामचरितमानस जैसे ग्रन्थों व पुराणों की प्रमाणिकता को मोदी सरकार के मंत्री कैसे झुठला सकते हैं कि मां सीता का प्राकटय संतों की तपस्या से बिहार के सीतामढ़ी में हुआ है। प्रमोद तिवारी ने महाराष्ट्र में वहां के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुडे करोड़ो के सरकारी जमीन के घोटाले पर भी सवाल दागा है। उन्होने कहा भाजपा व सहयोगी दल जहां पूंजीपतियों को कौड़ी के दाम जमीन आवंटित कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया है कि 18सौ करोड़ की सरकारी जमीन का सौदा तीन सौ करोड़ में कैसे और किसकी शह पर मंजूर हुआ। प्रमोद तिवारी ने कहा कि आश्चर्य है कि दलितों के लिए आवंटित सरकारी जमीन की बड़े पैमाने में भाजपा की शह पर हुई चोरी में उप मुख्यमंत्री के बेटे के लिए इस जमीन सौदे में स्टाम्प डयूटी को भी माफ किया गया है।

## सीता द्वार मेले की सुरक्षा चाक-चौबंद



**श्रावस्ती।** थाना इकौना क्षेत्र के सीताद्वार में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेले में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम ने शनिवार को कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र, प्रमुख मार्गों, घाटों, पार्किंग स्थलों तथा भीड़ नियंत्रण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटीरत पुलिस व यातायात कर्मियों को सतर्कता, संवेदनशीलता और जनहित को प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं से संवाद कर अपील की कि सभी शांतिपूर्ण ढंग से पूजा-अर्चना करें, यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनसहयोग व संयमित संवाद के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण प्रदान किया जा रहा है। पुलिस बल की मुस्तैदी से मेले का आयोजन शकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी अपराध आलोक कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नवीन मॉडर्न में गंभीरता से सुनी गयीं फरियादें

**श्रावस्ती।** थाना नवीन मॉडर्न कटरा में शनिवार को डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं एसपी राहुल भाटी की अध्यक्षता में समाधान दिवस/थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को प्राथमिकता से सुना जाए और निस्तारण की कार्यवाही में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवादों से संबंधित मामलों का राजस्व एवं पुलिस टीम मौके पर जाकर निस्तारण करें, जिससे लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित व प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा फरियादियों के साथ नम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखा जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल मौके पर जांच की जाए और निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता को फोन या अन्य माध्यम से अवगत कराया जाए, ताकि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप लोगों को न्याय मिल सके। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपाल, बीट निरीक्षक, बीट कांस्टेबल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।




## डीएम व सीडीओ ने कटरा श्रावस्ती में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती के समेकित पर्यटन विकास परियोजना के अंतर्गत कटरा श्रावस्ती स्थित चक्रभंडार के निकट मैदान में निमार्णाधीन बौद्ध विहार परिसर में डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं सीडीओ शाहिद अहमद ने निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह ज्ञात हुआ कि प्रस्तावित कार्यों में स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन, बुद्धवनम पार्क, डोरमेट्री (64 व्यक्तियों की क्षमता), इंटरप्रिटेशन सेंटर तथा गेट पिलर (02 नग) का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। डीएम ने सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समय-सीमा के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। श्रावस्ती बौद्धस्थली होने के कारण प्रतिवर्ष देश-विदेश से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण हो जाने से श्रावस्ती जिले को नई पहचान मिलेगी तथा पर्यटन गतिविधियों को और अधिक गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर सहायक पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव सहित कार्यदायी संस्था के अभियंता एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# गांधीवादी विचारक का समारोहपूर्वक मना जन्मदिन

**प्रतापगढ़।** सेनानी ग्राम देवली में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं गांधीवादी विचारक पं0 सूर्यबली पाण्डेय का 105वाँ जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया। सर्वोदय सदभावना संस्थान द्वारा आयोजित समारोह का शुभारंभ इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अरविंद त्रिपाठी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामसेवक त्रिपाठी एवं अनिरुद्ध रामानुजदास ओमप्रकाश पाण्डेय ने अतिथियों के साथ पं0 सूर्यबली पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। रिटायर्ड न्यायमूर्ति अरविन्द त्रिपाठी ने कहा कि सूर्यबली पाण्डेय ने देश की आजादी के लिए जेल की यात्रा कर राष्ट्र को आजादी का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होने कहा आजादी के बाद भी सामाजिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पं0 सूर्यबली पाण्डेय ने जेल की यात्रा की। अध्यक्षता कर रहे पं0 रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि समाज में सदभाव तथा लोगों के अधिकार की रक्षा के लिए पं0 सूर्यबली पाण्डेय का त्याग भरा व्यक्तित्व गौरवपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि अयोध्या धाम के अनन्तश्री विभूषित जगदगुरू रामानुजाचार्य स्वामी करपात्री जी महराज ने कहा कि सदभावना सनातन धर्म की आस्था के विश्वास का पवित्र मंत्र है। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी सूर्यबली पाण्डेय ने यह सिद्ध किया कि सदभावना किसी भी प्रकार से कमजोरी नही है। आरएसएस के जिला प्रचारक प्रवीण जी ने विनोबाभावे के भूदान आंदोलन में पं. सूर्यबली पाण्डेय के सशक्त योगदान को चिरस्मरणीय कहा। समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, लोकतंत्र रक्षक सेनानी डॉ0 ईश्वरचंद्र शुक्ला ने भी पं. सूर्यबली पाण्डेय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। महंत रामपूजन तिवारी व स्वामी रामभद्राचार्य ने भी स्वतंत्रता सेनानी सूर्यबली पाण्डेय के जीवन को प्रेरणास्पद कहा। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक अनिरूद्ध रामानुजदास ओमप्रकाश पाण्डेय व नारायण रामनुजदासी डॉ0 अवंतिका पाण्डेय, डॉ0 विवेक पाण्डेय, डॉ0 अंकिता पाण्डेय, इं0 पूजा पाण्डेय ने कार्यक्रम में अतिथियों को सारस्वत सम्मान प्रदान किया। समारोह को भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, सपा नेता संजय पाण्डेय, आचार्य अनिल मिश्र, डॉ. संजीत शुक्ला, ज्योतिषाचार्य कमलेश पाण्डेय, ज्योतिषाचार्य राकेश नारायण पांडेय, आचार्य आलोक ऋषि, कथाव्यास संजय शरण शांडिल्य ने भी संबोधित किया। वहीं साहित्यकार कवि निर्झर प्रतापगढ़ी, अनूप तिवारी, हरिवंश शुक्ला शौर्य, कृपाशंकर यादव पथिक, अंकित तिवारी, कल्पना तिवारी, कनक तिवारी, इंद्रेश शुक्ला, रामेश्वर शुक्ला ने काव्यपाठ के जरिए सामाजिक सदभावना का संदेश दिया।



संक्षेप

## रेलवे अंडरपास में डूबकर ठेकेदार की मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में बने रेलवे अंडरपास में जलभराव के कारण बड़ा हादसा हो गया। 70 वर्षीय ठेकेदार श्रीकृष्ण यादव की अंडरपास के गहरे पानी में गिरकर मौत हो गई ।तीन दिन तक शव पानी में पड़ा रहा। गुरुवार सुबह जब शव उतराता दिखाई दिया, तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अमित मिश्रा के अनुसार, श्रीकृष्ण यादव तीन दिन पहले अपने परिचित से मिलकर लौट रहे थे। संचेतना कॉलेज के पास बने अंडरपास में लंबे समय से जलभराव था। जब वे बाइक से वहां से गुजरे, तो गहरे पानी में संतुलन बिगड़ गया ।बाइक सहित गिरने पर वे बेहोश हो गए और डूबकर उनकी मौत हो गई ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी स्पष्ट हुआ कि मौत बेहोशी की स्थिति में डूबने से हुई है। शरीर पर चोट या संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने आरोप लगाया कि यह अंडरपास लंबे समय से जलभराव की चपेट में है, लेकिन रेलवे विभाग और नगर पालिका दोनों ने कोई कार्रवाई नहीं की ।न तो जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराई गई, न ही रास्ते को बंद करने के लिए कोई बैरिकेड या चेतावनी बोर्ड लगाए गए। स्थानियों का कहना है कि प्रशासन की यह लापरवाही जानलेवा साबित हुई, जिसने एक निर्दोष की जान ले ली।

## जुगाड़ गाड़ियों की भिड़ंत में चालक घायल

**बकेवर, इटावा।** भरथना मार्ग पर हरारपुरा में पिकअप व जुगाड़ वाहन की आमने सामने की टक्कर में जुगाड़ वाहन चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल के लिऐ रेफर किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बकेवर भरथना मार्ग पर शनिवार की दोपहर भरथना की तरफ जा रहे जुगाड़ वाहन व पीकअप वाहन की आमने सामने टक्कर हल गयी जिसमें जुगाड़ वाहन चालक पिन्टू पुत्र रामनारायण निवासी लालपुरा थाना कोतवाली इटावा गम्भीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस ने घायल को उपचार हेतु बकेवर के पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टर अभिषेक द्वारा घायल को प्राथमिक उपचार दिया गया। वहीं घायल जुगाड़ वाहन चालक की हालत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल के लिऐ रेफर किया गया। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त जुगाड़ वाहन व पिकअप को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया गया।

## किसानों की समस्याओं पर सीएम को ज्ञापन भेजा

**इटावा।** किसान सभा ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि जनपद में धान की फसल कटने के लिए तैयार थी, ऐन वक्त पर कई दिनो तक हुई बेमौसम बारिश से किसानो की फसल बर्बाद हो गई है, किसान सरकार से फसल नुकसान का सर्वे कराकर नुकसान के आधार पर किसान को मुआवजा दिलाने आदि मांग को लेकर दर्जनो किसानो ने कचहरी पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य ने कहा कि मोदी-योगी सरकारों की किसान-मजदूर विरोधी एवं कारपोरेटपरस्त-साम्प्रदायक नीतियों की कडी आलोचना करते हुए कहा मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में डीएपी खाद की किल्लत दूर करने, धान की लूट बंद कर एमएसपी पर सरकारी खरीद कराने, बासमंती का न्यूनतम संमर्थन मूल्य 4000-5000 रू. कुं. करने, रोक लगने से धान उत्पादन में हुयी कमी की क्षतिपूर्ति का मुआवजा, बिजली निजीकरण बिल वापसी, मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने आदि मांगो को उठाया गया। प्रदर्शन में वीरेन्द्र सिंह, प्रेमशंकर यादव, ओपी सिंह, नरेन्द्र शाक्य, मोनू यादव, माधुरी, श्रीकांता, सकट नरायण, दिनेश चंद्र, कैलाश, राजेश, जय कुमार, गोपी, राजू आदि लोग मौजूद रहे।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री सेजल कनौजिया के स्कूली अभिलेखों में माता का नाम त्रुटिवश किरन कनौजिया दर्ज है जबकि माता के आधार कार्ड में उनका सही नाम किरन देवी अंकित है। मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में माता का सही नाम दर्ज किया जाये। **किरन देवी पत्नी श्री सुमित कुमार नि.- 2/735 विवेक खण्ड गोमती नगर लखनऊ।**

# पीड़ित के साथ विधायक के थाने पहुंचने पर मचा हड़कंप

## चार दिन से झंगहा थाने का चक्कर लगा रहा था पीड़ित



- जनता की न्याय के लिए जरूरत पड़ी तो थाने भी पहुंचूंगा और आंदोलन भी करूँगा : ई सरवन निषाद

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** विधानसभा चौरी चौरा के विधायक ई. सरवन निषाद शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो टोला आमघाट निवासी पीड़ित राम सहाय निषाद जो पिछले चार दिनों से झंगहा थाने का चक्कर लगा रहे थे,को लेकर झगहा थाने पहुंचे। तथा पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराये। विधायक ने बताया कि। झगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो टोला आमघाट निवासी राम सहाय निषाद की जमीन पर उसी गांव के भू माफिया हरि प्रसाद यादव, जय गोविंद, विकास यादव, अनूप यादव, अमित थाने से दबाव बनावाकर जबरन पीड़ित राम सहाय निषाद की जमीन जबरन कब्जा रहे थे। और झंगहा पुलिस से पीड़ित चार दिन से न्याय की गुहार लगा रहा था। विधायक ने भी पीड़ित की मदद करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था। उसके बवाजूद झंगहा पुलिस अपने रवैया में बदलाव नहीं करते हुए लगातार भू माफियाओं की कर रही थी। पुलिस के संरक्षण में मनबढ़ो भू माफियाओं ने पीड़ित और उसके परिवार को बुरी तरह से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित शनिवार को थाना दिवस से वापस घर लौट रहा था। तभी विधायक की नजर पीड़ित पर पड़ी ।विधायक ने पीड़ित को गाड़ी में बैठाकर थाने ले जाकर मुकदमा दर्ज कराया।और कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना ही मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा जिन्होंने लापरवाही की उनकी शिकायत भीअधिकारियों से किया हूं ।दोषी किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं गरीब जनता के न्याय के लिए जरूरत पड़ी तो थाने पहुंचूंगा और आंदोलन भी करूंगा ।लेकिन गरीबों को न्याय दिला कर ही रहूंगा। उनके न्याय में बाधा उत्पन्न करने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा ।विधायक ने पुलिस के इस मनमानी रवैया पर काफी नाराजगी व्यक्त किया है।

# पिपराइच विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर कार्यशाला आयोजित

**चरगांवा, गोरखपुर।** पिपराइच विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत विकास खण्ड चरगांवा के जंगल धूषण स्थित एक निजी मैरेज हाल में शनिवार को

मतदाता गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं को एस आई आर प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यकताओं ने भी संकल्प लिया कि वे



केवल अभियान का हिस्सा नहीं, बल्कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ के कर्मयोगी हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण और हर योग्य नागरिक का नाम सूची में शामिल करने के लिए सक्रियता से जुड़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से इस दिशा में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व विशिष्ट अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राधेश्याम सिंह का पिपराइच विधानसभा के विधायक महेंद्र पाल सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लालजी गुप्ता, चंद्र भूषण मिश्र, ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह, प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, आनन्द शाही पूर्व प्रमुख, राघवेन्द्र प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भटहट, चेयरमैन संजय मद्धेशिया, संयोजक (एस आई आर) नरेंद्र सिंह, चंद्रबाला श्रीवास्तव, रामानंद यादव, मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, चंद्रभान चौहान, जिला पंचायत सदस्य रामउग्रह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि संत गुलाब यादव, पार्षद रितेश सिंह, पार्षद रामगति निषाद, दयाशंकर मिश्रा व संजीव पासवान आदि मौजूद रहे।

# मेधावी वैश्य छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह आज



**मेरठ।** 32वां मेधावी वैश्य छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह को लेकर आज शनिवार, 8 नवंबर को संघ भवन, पीडब्लूडी कंपाउंड में वैश्य समाज मेरठ महानगर की एक प्रेस वार्ता हुई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वैश्य समाज मेरठ महानगर पंजीकृत के महामंत्री प्रमोद गुप्ता एवं मुख्य संयोजक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि इस वर्ष वैश्य समाज मेरठ महानगर अपना 32 वे मेधावी वैश्य छात्र-छात्र अभिनंदन समारोह रविवार 9 नवंबर 2025 को प्रातः बाले राम बृजभूषण, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, डी ब्लॉक शास्त्री नगर मेरठ पर मनाने जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। समारोह में लगभग 500 मेधावी वैश्य छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही समाज की छह विशिष्ट विभूतियां जिनमें डॉ संदीप कुमार गर्ग (डायरेक्टर- न्यूट्रीमा हॉस्पिटल), नीरज मित्तल (उपाध्यक्ष- व्यापार संघ मेरठ, भाजपा नेता, पायल फर्नीचर हाउस), वीरेंद्र कुमार अग्रवाल , डॉ अरुण कुमार सिंघल (हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, इंजीनियर निखिल किशोर गुप्ता, गोपाल जानम (शायर एवं कवि) को वैश्य शिरोमणि की उपाधि से अलंकृत किया जाएगा और ₹वैश्य एकता₹ पत्रिका का विमोचन व वितरण भी किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि- अरुण गोविल सांसद (मेरठ- हापुड़ लोकसभा क्षेत्र), श्री विजेंद्र कुमार गुप्ता जी ( दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष, नई दिल्ली) पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल (मेरठ कैंट विधायक) होंगे। समारोह में अनेको विशिष्ट अतिथिगण, वैश्य सभासद गण एवं हजारों वैश्य बन्धु उपस्थिति रहेंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से महामंत्री- प्रमोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष- सुशील राजवंशी, मुख्य संयोजक- अशोक कुमार मित्तल, संयोजिका- गीता जिंदल, प्रवीण गुप्ता, निमेष गोयल- संगठन मंत्री, अजय गुप्ता- लेखा परीक्षक, गीता अग्रवाल- प्रधानाचार्य, मुकुल सिंघल, निमेष गोयल, पारस गुप्ता, संजीव अग्रवाल सदस्य, राजीव मित्तल- सदस्य, दिनेश अग्रवाल- सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## महिला की संदिग्ध हालत में मौत के मामले में केस दर्ज, दो आरोपित भेजे गये जेल

**गोला,गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के भूपगढ़ गांव में शुक्रवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। भूपगढ़ निवासी राजकुमारी देवी पत्नी सुरेश यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सुबह करीब छह बजे घटना की जानकारी मृतका के भतीजे ईश्वर चंद यादव निवासी ग्राम सिहोड़वा, थाना झंगहा को दी गई। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भतीजे द्वारा दी गई तहरीर में ससुराल पक्ष के सुरेश यादव उर्फ गुड्डु, सुबाष यादव, गीता देवी, गोलू उर्फ अमित यादव, मुन्नी देवी, उमेश यादव, अभिषेक यादव, विपिन यादव और सेवाती देवी पर हत्या का आरोप लगाया गया है। तहरीर में बताया गया कि ये सभी लोग मृतका को आए दिन प्रताड़ित करते थे और बीती रात साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**गोरखपुर।** बेलीपार थाना क्षेत्र के भौवापार स्थित काली स्थान के पास शनिवार की शाम लगभग 4 बजे जुताई करने जा रहे ट्रैक्टर के पलट जाने से ट्रैक्टर मालिक की मौके पर ही मौत हो गयी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गयी। मृतक चालक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के भौवापार निवासी 34 वर्षीय अरुण निषाद पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र निषाद के रूप में की गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह ट्रेक्टर अरुण निषाद का ही है और यह स्वयं ट्रेक्टर लेकर अपना खेत की जुताई करने अपना ट्रैक्टर लेकर स्वयं जा रहा थे। की बंधे के पास ट्रैक्टर चढ़ाते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया जिस कारण ट्रैक्टर चला रहे ट्रैक्टर मालिक नीचे दब गया। जब तक स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर पलटते देख दौड़कर मदद के लिये पहुंचे तब तक देखा की ट्रेक्टर चला रहे चालक की मौके पर ही मौत हो गई ।

# बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करना है मिशन शक्ति : प्रियंका



**गोला, गोरखपुर।** उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल- सुअरज पर शनिवार गोला पुलिस के तत्वाधान मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां मिशन शक्ति प्रभारी महिला दरोगा प्रियंका मौर्य ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा व साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जानकारी दी। उप निरीक्षक प्रियंका मौर्या ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान उन्होने छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्हें यह भी प्रेरित किया कि किसी भी अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि तुरंत संबंधित विभाग से सहायता प्राप्त करें। पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा जागरूकता से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए। एसआई प्रियंका मौर्या ने बच्चियों से कहा कि वे किसी तरह के डर या असुरक्षा की स्थिति में बिना हिचकिचाहट पुलिस से संपर्क करें। हम आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होने छात्राओं को महिलाओं से संबंधित कानूनों, साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों, जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर और विमेन पावर लाइन -1090, एम्बुलेंस सेवा -108, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्प लाइन - 102, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन-1076, चाइल्ड लाइन -1098, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, साइबर हेल्प लाइन -1930, महिला हेल्प लाइन - 181 व अग्निशमन सेवा 101 आदि जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपनिरीक्षक आदित्य सिंह व उपनिरीक्षक रामकुमार मुकुंद ने छात्राओं को न सिर्फ कानूनी पहलू समझाए बल्कि व्यवहारिक टिप्स भी दिए, जैसे किसी संकट में शांत रहना, भरोसेमंद वयस्कों को सूचित करना, और आपातकालीन नंबर तुरंत डायल करना भी बताए।

## होटल के बाहर सर्राफा व्यापारी की कार पर हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

**इटावा।** जमीन खरीद-फरोख्त के विवाद के चलते होटल के बाहर सरार्फा व्यापारी की कार के हमलावरों ने शीशे तोड़ दिए। कार में बैठे युवक के सिर के पास पत्थर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अशोक नगर निवासी मनोज यादव सरार्फा का काम करते हैं और साथ ही जमीन खरीद-फरोख्त का व्यवसाय भी संभालते हैं। उन्होंने सिविल लाइन पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह जसवंतनगर तहसील में जमीन का बैनामा कराने गए थे। वहां से वापस लौटने के बाद वह सरैया चुंगी के पास होटल क्लार्क इन्न में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे। रात लगभग 9रू15 बजे उनकी कार होटल के बाहर खड़ी थी। उसी समय पीछे से आई। मोहित निवासी ग्राम कुरसैना थाना जसवंतनगर कार चला रहा था। जबकि उसके साथ कुछ अज्ञात युवक भी मौजूद थे। आरोप है कि मोहित और उसके साथियों ने अचानक पत्थर उठाकर मनोज यादव की कार पर हमला कर दिया, जिससे कार के शीशे टूटकर बिखर गए। इस दौरान कार में बैठे शिवपाल सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी नंबर खरग थाना ऊसराहार के कान के नीचे जोरदार पत्थर लगने से वह बेहोश होकर घायल हो गया। मौके पर मौजूद अन्य व्यक्ति पुष्पेंद्र पुत्र रविंद्र सिंह निवासी मिल्किया थाना चैबिया ने मोहित को पहचान लिया। बाकी हमलावरों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। घायल शिवपाल को तत्काल पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और प्रथम दृष्टया मामला जमीन के लेन-देन के विवाद का प्रतीत हो रहा है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## यातायात प्रबंधन व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मेरठ।** यातायात प्रबंधन सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात माह के अंतर्गत पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र श्री कलानिधि नैथानी द्वारा आज 8 नवंबर को पुलिस लाइन मेरठ में जिलाधिकारी मेरठ डॉ. वीके सिंह, एसएसपी मेरठ डॉ. विपिन ताडा, सीएमओ मेरठ, एसपी ट्रैफिक मेरठ एवं जनपदीय पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों तथा विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों व स्कूली बच्चों की मौजूदगी में विचार गोष्ठी कर यातायात के नियमों के बारे में बताया गया एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# बार एसो. चुनाव का परिणाम घोषित

- राजेश त्रिपाठी अध्यक्ष, नितिन तिवारी महामंत्री, प्रभाकर त्रिपाठी कोषाध्यक्ष

**इटावा।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव परिणामों की मतगणना रात 9 बजे पूरी होने के साथ ही नई कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश त्रिपाठी, महामंत्री पद पर नितिन तिवारी और कोषाध्यक्ष पद पर प्रभाकर त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

परिणाम सामने आते ही कचहरी परिसर में खुशी और उल्लास का माहौल दौड़ गया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़े बजाकर, आतिशबाजी कर और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत का जश्न मनाया। बार चुनाव में इस बार उत्साह देखने लायक रहा। कुल 951 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 867 ने मतदान किया, जोकि 91 प्रतिशत मतदान रहा। चुनाव में 23 पदों के लिए मतदान होना था, जिनमें अध्यक्ष पद पर 5, महामंत्री पद पर 4, कोषाध्यक्ष पर 2, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर 3, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर 4, सदस्य पद पर 6 प्रत्याशी मैदान में थे। जबकि वरिष्ठ सदस्य के 6 पद मतदान से पूर्व ही निर्विरोध चुन गए थे। अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी 349 , प्रबल प्रताप सिंह 207, महामंत्री नितिन तिवारी 429, अरुण कुमार उर्फ बॉबी 198, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी 462, कृष्ण मुरारी यादव 396 मत मिले। परिणामों से स्पष्ट रहा कि तीनों प्रमुख पदों पर विजेताओं ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर निर्णायक बढ़त बनाई। मतदान और मतगणना के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए न्यायालय परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। न्यायालय गेटों पर बैरिकेडिंग, अंदर निगरानी और कर्मचारियों व अधिवक्ताओं की सक्रियता के चलते पूरा चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और पटाखों के साथ जश्न मनाया। विजयी प्रत्याशियों के गले में फूल मालाओं की लंबी कतारें नजर आईं। देर रात तक अधिवक्ताओं के बीच बधाइयों का दौर चलता रहा। विजय होने के बाद मीडिया से बात करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा, हमारी प्राथमिकता अधिवक्ताओं का हित रहेगा। हम अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं की सुविधाओं के विस्तार, उनके कार्यस्थल और संसाधनों को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान देंगे। जो भी कदम अधिवक्ता समाज के हित में होंगे, उन सभी को वरीयता के साथ लागू किया जाएगा। हमारी जीत में सबसे अधिक युवा अधिवक्ताओं ने साथ दिया मैं उनका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि बार संघ की एकता को मजबूत रखते हुए सभी अधिवक्ताओं के अधिकारों एवं हितों की रक्षा की जाएगी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि वे बार संघ को मजबूत बनाने, अधिवक्ता सुविधाओं को बढ़ाने और कार्य-संस्कृति को सुचारु करने के लिए मिलकर काम करेंगे। अब अधिवक्ता समाज की निगाहें नई टीम के कार्यों पर टिक गई हैं।

## तीन के खिलाफ मारपीट व एसटी का केस दर्ज

**गगहा/मंझगांवा,गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के अयायर निवासी लालमती की तहरीर पर गांव के ही उमेश साहनी,रितेश साहनी व कृष्णा साहनी के खिलाफ मारपीट, जान-माल की धमकी व एस टी एस सी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। अतायर निवासी लालमती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया की गांव के ही उमेश, रितेश व कृष्णा ने 3 नवम्बर की शाम करीब सात बजे बिना कारण मेरे बेटे विनीत को मारपीट कर घायल कर दिया अक्सर यह लोग रास्ते में देखकर मेरे बेटे को जाति सुचक शब्दों का प्रयोग करते हैं। विरोध करने पर मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। मारपीट मे घायल मेरे बेटे का इलाज गगहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## स्कूल के लिए निकली छात्रा नहीं वापस पहुंची घर केस दर्ज

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के बरगदवा में किराये का कमरा लेकर परिवार सहित रह कर स्कूल के लिये निकली छात्रा के घर न पहुंचने पर परिजन काफी ढूढ़ने का प्रयास किए। मगर सफलता न मिलने पर लिखित सूचना चिलुआताल थाना पर देकर घटना से अवगत कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है । छात्रा की माँ फूलमती पत्नी किरन चन्द मूल निवासी मझौरा थाना हरपुर बुदहट जिला गोरखपुर ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि स्थानिय थाना क्षेत्र के बरगदवा में रह कर अपनी नाबालिक बेटी को मदन मोहन मालवीय इण्टर कालेज भगवानपुर में पढ़ा रही थी। बीते शुक्रवार की सुबह बेटी घर से स्कूल के लिये गयी थी मगर स्कूल से वापस घर न पहुंचने पर काफी खोजबीन किया गया मगर कुछ पता न चलने पर थाने पर लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराया पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पहताल शुरू कर दी है।

## कार व कंटेनर की भिड़ंत में कार क्षतिग्रस्त

**बकेवर, इटावा।** कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 ओवरब्रिज के निकट हाईवे के किनारे लगी सिंघाड़ा की ठेली के पास खड़ी कार को तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी जिसमें कार क्षतिग्रस्त हुई लेकिन उसमें सवार चार लोग मामूली जख्मी हुए सभी लोग बाल बाल बच गए। औरैया जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र की ग्राम जुआ निवासी आरती देवी अपने पति के साथ बीमार पुत्री की दवा लेने इटावा कार से गई थी जब वह वापस लौट रही थी तो कस्बा स्थित हीरो एजेंसी के सामने हाइवे के किनारे ठेली पर सजी उबले हुए सिंघाड़ा की खरीददारी करने के लिए रुकी तभी तेज रफ़्तार कंटेनर उनकी खड़ी कार में आ भिड़ी जिससे उनकी कार तो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई इस दुर्घटना में कार सवार चार लोग मामूली रुप से जख्मी हो गए। और बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। वहीं कंटेनर चालक मनोज ने बताया कि वह मानेसर से गाड़ियों के पार्टस कंटेनर में लोड करके नागपुर जा रहा था कि अचानक कंटेनर का संतुलन बिगड़ने से कंटेनर खड़ी कार में जा भिड़ा। वहीं दुर्घटना की सूचना मिलने पर 112पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हाइवे से हटवाकर यातायात बहाल कराया।

## कृष्ण जन्म की लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**जसवंतनगर, इटावा।** ग्राम नगला रामसुंदर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक परम पूज्य सागर दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कंस के अत्याचार, देवकी और वसुदेव की पीड़ा तथा कारागार में हुए कृष्ण जन्म के अलौकिक दृश्य को इतनी सरल और प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया कि पूरा कथा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। सागर दास महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण का अवतार केवल अत्याचारों का अंत करने के लिए नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना और मानवता के कल्याण के लिए हुआ। उन्होंने बाल लीलाओंकृमाखन चोरी, ग्वाल-बालों संग क्रीड़ा, और यशोदा मैया के वात्सल्य भावकृका जीवंत चित्रण किया।

# एसआईआर अभियान 4 दिसम्बर तक चलेगा

जिला संवाददाता (vol)

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में स्पेशल गहन मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में सदर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला भाजपा कार्यालय, भर्थना विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला शीला रिजॉर्ट लखना तथा जसवंतनगर विधानसभा की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला यलो गार्डन में संपन्न हुई।



कार्यशाला के दौरान चुनावों में भाजपा संगठन को सशक्त बनाने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। सदर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रियता से होती है। उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया लागू हो चुकी है। भर्थना व जसवंतनगर विधानसभा की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला को मुख्य अतिथि की रूप में सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने बताया कि एसआईआर अभियान 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक चलेगा। यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी, जिलामंत्री जितेंद्र गौड़, अवधेश चतुवेर्दी, अजय यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, अजय धाकरे, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व प्रत्याशी सिद्धार्थशंकर दोहरे, विवेक शाक्य गुड्डू, जिलामहामंत्री प्रशांत राव चैबे, जिलाउपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, शिव किशोर धनगर, दीपकनाथ चैधरी, हरनाथ कुशवाह, जिला मंत्री रजत चैधरी, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, राजकमल यादव तथा चक्रेश जैन, कोषाध्यक्ष व सदर विधानसभा संयोजक संजीव भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मंडल पदाधिकारी मंडल प्रभारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ महामंत्री बीएलओ-2 सहित विधानसभा में निवास करने वाले पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | एयर ब्रेक पाइपिंग को एम.एस./ई.आर.डब्ल्यू. एस.एस. पाइप से सीमलेस एस.एस. पाइप में परिवर्तित करना (आई.सी.एफ. कोचों में)। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 4,44,27,741 मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 3,72,100/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 01.12.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट –www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.– सी एंड डब्लू ईनिविदा – 64 दिनाँक: 07.11.2025 3477/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## कफारा फार्म हाउस पर निकला अजगर

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कफारा में एक सरदार के फार्म हाउस पर शनिवार को अजगर के निकलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने रेस्क्यू करते हुए अजगर ले गए। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी कफारा निवासी सरदार तरसेन सिंह के फार्म हाउस पर शनिवार को अजगर दिखने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे धौरहरा वन रेंज कर्मियों ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए कब्जे में लेकर चल गये।

## बाइक की टक्कर से गन्ना पर्यवेक्षक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अलीगंज रोड पर शुक्रवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में गोला चीनी मिल के गन्ना पर्यवेक्षक की मौत हो गई। मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी 56 वर्षीय प्रदीप सिंह को जंगल कुटी पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी गोला और बाद में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत बुआ व बच्चा घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शुक्रवार की शाम हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बगहा चैराहे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें शादी समारोह में शामिल होने आई महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी बुआ और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ निवासी 24 वर्षीय मोनी देवी श्रीवास्तव पत्नी धर्मेंद्र कुमार अपने फूफा ओमप्रकाश श्रीवास्तव के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम बगहा आई थीं। उनके साथ उनकी 48 वर्षीय बुआ अनारा देवी और दो वर्षीय पुत्र ऋषभ भी थे। शुक्रवार शाम लगभग छह बजे जब तीनों सड़क पार कर रहे थे, तभी अजान की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे मोनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने मोनी देवी को मृत घोषित कर दिया। बुरी तरह घायल अनारा देवी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मोनी का दो वर्षीय पुत्र ऋषभ भी घायल हुआ, हालांकि उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## संपत्ति विवाद में बुजुर्ग की हत्या

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद के बाद 60 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके दो बेटों ने कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, दुर्गा प्रसाद पर शुक्रवार देर रात उसके बेटों वीरेंद्र और विमलेश ने हमला कर दिया, क्योंकि उसने अपनी बहू को जमीन का हिस्सा देने से इनकार कर दिया था। बीच-बचाव करने की कोशिश करने वाले उसके बड़े बेटे ज्ञान को भी चोटें आईं और बाद में उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दुर्गा प्रसाद की मौत हो गई।

# सीजीएन कॉलेज ने ओपन क्रिकेट फाइनल में मारी बाजी



**गोला खेल महोत्सव**

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वच्छ भारत नगरीय मिशन के तहत नगर पालिका परिषद गोला द्वारा आयोजित युवा शक्ति का उत्सव गोला खेल महोत्सव के आठवें दिन खेल मैदानों में उत्साह और जोश देखने को मिला।

स्व. राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक मधुसूदन गिरि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व सुबेदार राजेश्वर सिंह, सभासद हरिओम वर्मा, रज्जन खान, जितेन्द्र सिंह, समाजसेवी योगेश साहनी, उमाशंकर मिश्रा, खेल महोत्सव संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला एवं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि खेल सामाजिक समरसता व गतिशीलता के प्रतीक हैं। मुख्य अतिथि मधुसूदन गिरि ने कहा कि गोला खेल महोत्सव नगर की नई पहचान बनेगा। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूनामेंट की शुरूआत की। उद्घाटन मुकाबले में आरएफसी ईदगाह ने नीची भूड़ घुसियाना बी को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की। इसके साथ ही सीजीएनपीजी कॉलेज मैदान पर क्रिकेट टूनामेंट के तीसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में मुख्य अतिथि सह विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीतापुर अविनाश जी, द्वितीय मैच में मुख्य अतिथि ब्यूरो चीफ विकास शुक्ला, विशिष्ट अतिथि जिला प्रचारक शिव प्रकाश जी, सभासद मोहित कनौजिया, धर्मेंद्र तिवारी टीटू, एवं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। ओपन वर्ग के अंतर्गत खेले गए मुकाबलों में पहला मैच नया गाँव ने चैम्पियन क्लब को 24 रन से हराया। दूसरा मैच सीजीएन ने कुम्हारन टोला को 15 रन से पराजित किया। तीसरे मैच में अरविन्द एकेडमी ने सेंट जॉस को 24 रन से हराया। सेमीफाइनल में नया गाँव ने अरविन्द एकेडमी को 19 रन से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सीजीएन ने महाकाल टीम को 7 विकेट से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में सीजीएन ने नया गाँव को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर सुनील शुक्ला, पूर्व चेयरमैन सुरजन लाल वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा दीपेंद्र गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक सक्सेना, सभासद सौरभ तिवारी, एसआई संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, अंकित गुप्ता, धीरज बाजपेयी, विजय मिश्रा सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर बैठक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शुक्रवार को विधायक अमन गिरि ने आगामी 18 नवंबर को आयोजित होने वाली पैदल यात्रा ह्नरन फॉर यूनिटीह्न की तैयारियों की समीक्षा को लेकर ममरी में कार्यकताओं एवं ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और सभी को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

विधायक ने कहा कि यह यात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने संगठन की एकजुटता व समाज के सभी वर्गों की सहभागिता पर बल दिया। इस अवसर पर भेखराम वर्मा गुरु जी, अरविंद वर्मा, पूर्व प्रधान विजेंद्र कुमार वर्मा, ध्रुव कुमार वर्मा, स्वामी दयाल, मुनेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार सोनी, सुनील कुमार अर्कवंशी, चांद खान, सूरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने वालों को पुलिस ने भेजा जेल

सिंगाही खीरी। कस्बे के वार्ड नंबर तीन में पंद्रह दिन पहले तालिब आत्म हत्या प्रकरण में आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने वाली पत्नी उसके प्रेमी और और भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके संबंध में जानकारी देते हुए एसओ



अजीत कुमार ने बताया कि कस्बे के वार्ड नंबर तीन रहने वाले तालिब बाबा जो कि मूलतः गौसपुर सिंघावली - जनपद बागपत के रहने वाले थे उन्होने बीते 23 अक्टूबर को अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। इसके बाद बागपत से आए तालिब के पिता इंतजार अली की तहरीर पर तालिब की पत्नी साबिहा उसका कथित प्रेमी फिरोज और भाई बब्बू के लिए आत्म हत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच करने के पश्चात तीनों को शनिवार के दिन इनके घरों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## दुधवा टाइगर रिजर्व में स्वच्छंद विचरण करता दिखा ऊदबिलाव का झुंड

पलिया कलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व अपनी विविध जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यहां जहां एक ओर अच्छी संख्या में वन एवं वन जीवों के सुरक्षार्थ की जा रही पेट्रोलिंग एवं मॉनिटरिंग किए जाने की दृष्टि से कैप्टिव एलीफेंट का प्रबंध है। वहीं यहां दो गैण्डा पुनर्वास केंद्र स्थापित है, जिसमें 46 गैण्डा विद्यमान हैं।



इसके साथ ही वर्तमान में बच्चों सहित 6 गैण्डा पुनर्वास केंद्र से स्वतंत्र स्वछंद विचरण करते नजर आते हैं। बाघ, जंगली हाथी, भालू दीदार के चर्चे पहले भी निरंतर सुर्खियों में रहते हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी दक्षिण सोनारीपुर सुरेन्द्र कुमार द्वारा वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षार्थ की जा रही पेट्रोलिंग की मानीटरिंग के दौरान उभयचर वन्य जीव उदविलाव का झुंड खुलेआम मस्ती करता हुआ यकायक दिखाई देने पर आकर्षण का केंद्र बन गया। जिस प्रकार यह वन्य जीव यहां स्वछंद क्रीड़ा करते हुए दिखाई दे रहे हैं वह इनके सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होने एवं अन्य वन्य जीवों के साथ सह अस्तित्व की कहानी स्वयं बयां कर रहे हैं।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में एक मैरिज लान परिसर में भाजपा द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, कुलभूषण सिंह और मडेंद्र पांडे मौजूद रहे संचालन रमेश त्रिवेदी ने किया है। जिला संयोजक ज्योतिर्मय बरतरिया द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि और बताओ विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर कार्यकताओं को बी एल ओ के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरुक कर विशिष्ट गणना प्रपत्र ई एफ को भरवाने में सहभागिता करने का मंत्र दिया है। जिससे आगामी चुनाव में पारदर्शी शुद्ध और फर्जी मतदाता मुक्त वोटर लिस्ट बनाई जा सके जिसके लिए सरकार द्वारा 4 नवंबर से अभियान शुरू किया गया है। इस मौके पर विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता गण मौजूद रहे हैं।

## विद्युत आपूर्ति ठप होने पर धरने पर बैठे उपभोक्ता



मोहम्मदी खीरी। विद्युत की लड़खड़ाई आपूर्ति व्यवस्था से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया लोग बूंद बूंद पानी को तरस गए जिससे उनका गुस्सा फूट गया और विद्युत उपकेंद्र मोहम्मदी पर बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर अधिशासी अभियंता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और मुदार्बाद के नारे लगाते हुए धरने पर बैठ गए जिससे प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारीयों पर जूं तक नहीं रेंगी है।

अधिकारियों की उदासीनता और अनैतिक कार्यों में संलिप्तता के चलते विद्युत आपूर्ति व्यवस्था नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ध्वस्त हो जाने से त्राहि त्राहि मच गई लगातार कई दिनों से पूरे पूरे दिन आपूर्ति न मिलने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया जिसके चलते लोगों का गुस्सा फूट गया जिसके चलते नगर के मां जानकी सेवा संस्थान के अध्यक्ष/समाजसेवी शिवम राठौर के नेतृत्व में, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, अब्बास नकवी, मो हाशिम, संजीव मेहरोत्रा, अशफाक मंसूरी समेत सैकड़ो लोगों ने उपकेंद्र पर पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया सूचना पर पहुंचे सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक उमेश चौरसिया ने मोर्चा संभाला और अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर बात कर तत्काल आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने की बात कही गई जिस पर उन्होंने छुट्टी होने पर बाहर होने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया बचाव में आए एसडीओ शुभम मौर्या ने आनंन-फानन में लाइन फाल्ट ठीक करा कर आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन देने पर प्रदर्शनकारियों ने धरना दो दिन के लिए स्थगित कर दिया है।

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर हुआ विचार-विमर्श



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 10 एवं 12 के लगभग 250 अभिभावकगण शामिल हुए।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा और प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। गोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी को और अधिक मजबूत करना रहा। इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद का सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की पढ़ाई, उपस्थिति, परीक्षा परिणाम एवं व्यवहारिक प्रगति से संबंधित विषयों पर खुलकर चर्चा हुई।

प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अभिभावकों से विद्यार्थियों के अध्ययन में निरंतर रुचि एवं सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावक, दोनों के सामूहिक प्रयासों से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय-प्रबंधन, और आत्मविश्वास के महत्व से अवगत कराया।

कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों, गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कारों का संवाहक माध्यम है, जिसके लिए शिक्षक और अभिभावक दोनों की संयुक्त भूमिका आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया। गोष्ठी के समापन पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और सुझाव दिए कि विद्यालय अभिभावक संवाद को नियमित बनाए रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## कार्रवाई के आश्वासन पर माने परिजन, किया अंतिम संस्कार



धौरहरा खीरी। गुरुवार रात सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में शराब के नशे में धुत्त दोस्त ने दोस्त पर चाकू से बार बार वार करने से हुई मौत के मामले में शनिवार को गाव पहुंचे शव का अंतिम संस्कार न करने की जिद पर अडे परिजनों ने धौरहरा पुलिस के समझाने के बाद अंतिम संस्कार किया।

प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली धौरहरा के ग्राम पहाड़ियां पुर निवासी अभय भास्कर व रंजीत हम उम्र होने के साथ चचेरे भाई थे। थोड़े दिन पूर्व रंजीत दिल्ली से वापस आया तो दोनों दोस्तों ने जिला मुख्यालय के मोहल्ला हाथीपुर उत्तरी मकान पर पार्टी करने गए वहा शराब के नशे में किसी बात पर अभय द्वारा चाकू से रंजीत 22 वर्ष पुत्र प्रताप गौतम के सीने व गले पर हुए वार से मौत के मामले में शुक्रवार को गांव पहाड़ियां पुर पहुंचे रंजीत के शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना करने के साथ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने परिजनों, ग्रामीणों को समझाते हुए आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की बात पर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान तहसील प्रशासन, सी ओ शमसेर बहादुर सिंह, कोतवाल शिवाजी दुबे सहित अन्य पुलिस बल तैनात रहा।

## गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण तेज मुख्य द्वार अस्थायी रूप से बंद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भव्यता की दिशा में आगे बढ़ रहे गोकर्ण कॉरिडोर के निर्माण कार्य ने शनिवार को नया मोड़ ले लिया। निर्माण स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने मंदिर



के मुख्य प्रवेश द्वार (स्टेशन मार्ग) पर बड़ा सूचना बैनर लगाकर उस मार्ग से आमजन की आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी है। श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे मंदिर में दर्शन हेतु वैकल्पिक मार्गों या अब नीलकंठ मैदान मार्ग का प्रयोग करें। गोकर्ण कॉरिडोर परियोजना 69.14 करोड़ रुपए की लागत से आकार ले रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का व्यापक विस्तार, सौंदर्यीकरण और सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। निर्माण कार्य में कई नए मंदिरों का निर्माण, आकर्षक प्रवेश द्वार, चौड़े मार्ग, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग क्षेत्र तथा धार्मिक आयोजनों के लिए खुले प्रांगण शामिल हैं। परियोजना पूर्ण होने पर गोला गोकर्णनाथ धाम छोटी काशी के रूप में नई पहचान प्राप्त करेगा। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मंदिर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि कॉरिडोर का निर्माण इस ऐतिहासिक तीर्थस्थल की गरिमा को और ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

## ब्लॉक सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर हुई कार्यशाला



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला ब्लॉक सभागार में शनिवार को मतदान गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री अवध क्षेत्र मणेंद्र पांडे और विधायक अमन गिरि रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए संगठन की मजबूती और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ। इसके उपरांत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। बैठक में मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, बीएलए-2 तथा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं ने भाग लिया। इस दौरान मंत्री मणेंद्र पांडे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है, इसलिए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से संपन्न करें। विधायक अमन अरविंद गिरी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम भावना और संवाद ही जीत की कुंजी है। उन्होंने संगठन के मूल उद्देश्यों और अनुशासन पर भी जोर दिया। बैठक में चेयरमैन रिंकू शुक्ला, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, मैलानी मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा, कुंभी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, नगर अध्यक्ष स्त्रोहन मिश्रा, मंडल महामंत्री मिथलेश मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष अनुराधा बंसल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरा सभागार जयघोष और देशभक्ति गीतों से गूंजता रहा।

## प्राथमिक विद्यालय में हुई प्रतियोगिताएं



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। स्वतंत्र भारत के वस्तुकार भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष के क्रम में प्राथमिक विद्यालय बैलहा डीह निघासन में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा वीर गाथा प्रोजेक्ट 5.0 का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में नेहा को प्रथम स्थान, सचिन को द्वितीय स्थान और आरुषि को तृतीय स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी ने प्रथम जितेंद्र ने द्वितीय तथा लक्ष्मी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को इंचार्ज प्रधानाध्यापक दीपक दीक्षित द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान सचिन कुमार सहायक अध्यापक, गुलशन कुमार, जय प्रकाश शिक्षामित्र, विद्यावती यादव, दयाशंकर रसोइया, विद्यावती रसोइया, काजल, सुमित सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## समाज में बढ़ती डिजिटल निर्भरता को लेकर जतायी चिंता

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। आधुनिक जीवनशैली की चकाचौंध अब स्वास्थ्य के लिए खतरे का संकेत बनती जा रही है। इसी विषय पर शनिवार को क्षेत्र के बुद्धिजीवियों की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के फिजिशियन डॉ. योगेश द्विवेदी से विस्तृत चर्चा की। विमर्श का केंद्र था कि देर रात सोने की आदत, मोबाइल और रील की लत तथा सड़क दुर्घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक कारण।

डॉ द्विवेदी ने बताया कि देर रात तक जागना और मोबाइल स्क्रीन पर लगातार नजर टिकाए रखना मस्तिष्क की जैविक घड़ी को बिगाड़ देता है। इससे नींद की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ता है और सुबह व्यक्ति मानसिक रूप से थकान महसूस करता है। उन्होंने कहा कि नींद में बाधा आने से स्मरण शक्ति, ध्यान केंद्रण और निर्णय क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, जिससे व्यक्ति तनाव, चिड़चिड़ापन और अवसाद की चपेट में आ जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बेडरूम में मोबाइल या रील देखने की आदत धीरे-धीरे डिजिटल लत का रूप ले लेती है।

सड़क दुर्घटनाओं पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हेलमेट न पहनना, तेज रफ्तार और चलते वाहन में मोबाइल चलाना ये तीनों आदतें मौत को दावत देने जैसी हैं। विमर्श के दौरान बुद्धिजीवियों ने चिकित्सक से कई व्यावहारिक प्रश्न किए। अधिवक्ता पन्नालाल सिंह ने पूछा क्या देर रात सोने के बाद सुबह व्यायाम करने से शरीर का संतुलन लौट सकता है। इस पर डॉ. द्विवेदी ने कहा कि यदि नींद पूरी नहीं होती तो व्यायाम राहत नहीं बल्कि और थकान देता है। अधिवक्ता विपिन तिवारी ने सवाल किया कि क्या बच्चों पर मोबाइल का असर वयस्कों से अधिक होता है। उन्होंने जवाब दिया निश्चित रूप से बच्चों का मस्तिष्क विकासशील होता है। इसलिए देर रात स्क्रीन टाइम उनके न्यूरोलॉजिकल विकास को प्रभावित करता है। छात्र नेता राजेंद्र सिंह यादव ने पूछा कि सड़क पर मोबाइल चलाने वालों को रोकने के लिए क्या सामाजिक पहल जरूरी है। इस पर डॉक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा अब केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि पारिवारिक जिम्मेदारी भी बन गई है। इसका संदेश हर घर से शुरू होना चाहिए। बैठक में समाज में बढ़ती डिजिटल निर्भरता को लेकर गहरी चिंता जताई गई। बुद्धिजीवियों ने सुझाव दिया कि डिजिटल संयम और समय पर विश्राम को लेकर सामूहिक जनअभियान चलाया जाए। इस मौके पर अखिलेश, विजय, मनोज केसरी, प्रभाशंकर दुबे सहित क्षेत्र के अन्य बुद्धिजीवी भी उपस्थित रहे।

- **हेलमेट न पहनना, तेज रफ्तार और चलते वाहन में मोबाइल चलाना ये तीनों आदतें मौत को दावत देने जैसी हैं इससे बचें**
- **आधुनिक जीवनशैली की चकाचौंध अब स्वास्थ्य के लिए खतरे का संकेत बनती जा रही**

संक्षेप

## जरूरतमंद को मिली दो व्हील चेयर व पांच छड़ी

आजमगढ़। जरूरतमंदों के लिए हमेशा निःस्वार्थ भाव से प्रयासरत प्रयास सामाजिक संगठन पर विश्वास जताते हुए शहर के केटी गैस एजेंसी के संचालक देवेन्द्र पाण्डेय (पप्पू) जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आये। शुक्रवार को प्रयास सामाजिक संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह से मिलकर दो व्हील चेयर व पांच छड़ी प्रदान कर जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए दिया। इस दौरान प्रयास केन्द्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहाकि संस्था निरंतर जरूरतमंदों के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है, जिसका परिणाम है कि समाज का वह तबका जो जरूरतमंदों की मदद करना चाह रहे वह प्रयास सामाजिक संगठन को माध्यम बना रहे है। इसी कड़ी में आज केटी गैस के संचालक देवेन्द्र पाण्डेय पप्पू जी ने जरूरतमंदों की मदद के लिए दो व्हील चेयर व पांच छड़ी देकर जरूरतमंदों की मदद की। जरूरतमंदों की सेवा ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। मेरी नजरों में यह सबसे बड़ा धर्म भी है। इस मौके पर सौरभ, अमित यादव, दिलीप, राजेन्द्र, रंजन सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## मदिरालय का ताला तोड़ दो लाख रुपये व उठा ले गये शराब

आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र में भुजही बाजार में शनिवार को तड़के 2 से 3 बजे के बीच चोरों ने देशी शराब की दुकान से दरवाजे का ताला तोड़ कर करीब 2 लाख रुपए कैश और दो पेटी शराब उठा ले गए। साथ में सीसीटीवी कैमरे को ऊपर कर दिए और डीवीआर उठा ले गए। घटना को लेकर सौरभ गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी बरहतीर जगदीशपुर थाना जहानागंज ने थाना पर तहरीर दी है। पीड़ित अनुज्ञापी के अनुसार बाजार में अंग्रेजी और देशी शराब की दो दुकानें अगल बगल हैं। चोर पहले पास के एक हैंडपंप की पाइप को खोल लिए। पहले अंग्रेजी शराब की दुकान पर गए। लेकिन उसका ताला नहीं तोड़ पाए। इसके बाद देशी शराब की दुकान का में दरवाजे का ताला तोड़ दिए। सभी कैमरे को ऊपर कर दिए। कैश बॉक्स में रखी नकदी निकल लिए। दो पेटी शराब को इलाका चले गए। पास की दुकान के सीसीटीवी से कुछ फुटेज आई है। सूचना के बाद मौके पर थाना पुलिस और अन्य टीम पहुंची। जांच पड़ताल कर पुलिस लौट गई।

## ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत आपूर्ति ठप

जौनपुर। शहर के व्यस्ततम कोतवाली चैराहे पर स्थित बिजली का ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत आपूर्ति ठप होने से व्यापारिक प्रतिष्ठानों समेत नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कोतवाली चैराहे पर स्थित पावर हाउस के सामने शुक्रवार को दोपहर अचानक ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा दिन व्यापारिक प्रतिष्ठान जहां ठप रहा वहीं नागरिकों के सामने पानी आदि की समस्या उत्पन्न हो गई है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। एक तरफ प्रदेश सरकार बिजली को लेकर सख्त।वहीं बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी सरकार के सारे किए कराए पर पानी फेर रहे है। नगर के व्यस्त इलाके में भी विद्युत विभाग का ऐसे रवैया से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## बढ़ने लगा ठण्ड का असर

जौनपुर। ठण्ड का असर शुरू हो गया है। सुबह से ही ठंड का असर बना हुआ है, साथ ही सुबह के समय धुंध भी छाई रहती हे। मौसम विभाग के अनुसार, जौनपुर का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी हुई है। इसी के चलते जौनपुर सहित पूरे प्रदेश में ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे तापमान में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।आने वाले कुछ दिनों में जौनपुर में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर बना रह सकता है। इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे भी दर्ज किए गए हैं। शुक्रवार को लखनऊ में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम था। वहां अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम था। अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे दिन और रात दोनों के तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे पहुंच गए हैं।

# विंध्याचल धाम को मिली सौगात, बढ़ेगी श्रद्धालुओं की तादाद



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। विख्यात देवी धाम विंध्याचल धाम क्षेत्र को दो बड़ी सौगातें मिली है। वंदे भारत एक्सप्रेस और सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस का विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू होने से लोगों में प्रसन्नता देखी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन वाराणसी से चुनार होते हुए विंध्यवासिनी धाम स्टेशन से खजुराहो तक चलेगी। आधुनिक रेल व्यवस्था के तहत यात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी वहीं धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र के लिए यह ट्रेन बड़ी राहत साबित होगी, जिससे विंध्याचल आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। आज सुबह 10 बजकर 34 मिनट पर वंदे भारत एक्सप्रेस विंध्याचल रेलवे स्टेशन पहुंची और थोड़ी देर रुकने के बाद आगे के लिए रवाना हुई। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और मिर्जापुर नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाई, साथ ही, विंध्याचल धाम रेलवे स्टेशन पर सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस का ठहराव भी शुरू किया गया, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को एक और नई सौगात मिली।

## नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा कला में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के विकास खण्ड-पटेहराकलां एवं राजगढ़ के अनुसूचित जाति के 68, अन्य पिछड़ावर्ग के 21 सामान्य वर्ग 1 अर्थात कुल 90 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, केन्द्रीय मंत्री प्रतिनिधि, प्रदेश सचिव अपना दल, चेयरमैन-जिला सहकारी बैंक जगदीश सिंह पटेल, ब्लाक प्रमुख पटेहराकलां, ब्लाक प्रमुख राजगढ़ एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए, धर्मजीत सिंह, उपनिदेशक, समाज कल्याण विन्ध्याचल मण्डल, डीसी मनरेगा, खण्ड विकास अधिकारी पटेहराकलां, राजगढ़ एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव उपस्थित रहकर नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी नव-वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर-वधू को उपहार हेतु दी जाने वाली सामग्रियों को एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहारा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ों की शादी में कुल धनराशि रू 100000 के सापेक्ष कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू 60000 कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। साथ ही विवाह संस्कार के लिये रू 25000 की धनराशि का आवश्यक सामग्री (कपड़े, बिछिया, पायल चाँदी की तथा अन्य गृहस्थी सामान दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु रू 15000 प्रति शादी की दर से कार्यक्रम आयोजक को दिया जायेगा।

## डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का आरोपित गिरफ्तार




आजमगढ़। जनपद के थाना महराजगंज क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने की घटना से गाँव में तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम दशराजपट्टी निवासी अनिल कुमार पुत्र श्रीकान्त ने महराजगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके ही गाँव के महेन्द्र राम पुत्र रामबली (35) ने गाँव में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मु0अ0सं0 299/25 धारा 298/324(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित दबिश दी और आरोपी महेन्द्र राम को उसके घर से समय 11.45 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारी टी में उनि अशोक कुमार सिंह, हेका राजेश कुमार व का संगम कुमार शामिल रहे। इस संबंध में थाना प्रभारी महराजगंज ने बताया, ह्लघटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और शीघ्र ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु गाँव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रचलित है। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि ऐसी किसी भी घटना से सामाजिक सौहार्द को नुकसान न पहुँचे।

## प्रतिबंधित पशु के साथ एक धराया



आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली में उनि अमित कुमार वर्मा हमराह के साथ वांछित/ईनामिया, चेकिंग संदिग्ध वाहन/ व्यक्ति की तलाश हेतु रात्रि भ्रमण में थे। चुनहवा तिराहे पर मुखबिर ने सूचना दिया कि दो व्यक्ति एक प्रतिबंधित पशु को वध करने के लिये लेकर पैदल रौजासैफन पट्टी गांव की तरफ से खालिसपुर की खजूर वाली बाग की तरफ जा रहे हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को प्रतिबंधित पशु के साथ पकड़ लिया तथा दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति द्वारा अपना नाम आदिल पुत्र इश्तियाक निवासी कुरैशनगर, कस्बा जीयनपुर, थाना जीयनपुर उम्र 24 वर्ष बताया गया। जिसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया तथा फरार हुए व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो उसका नाम रईस पुत्र रियाजुद्दीन निवासी खालिसपुर थाना जीयनपुर बताया। पकड़े गये व्यक्ति आदिल उपरोक्त को हिरासत पुलिस में लेकर बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 बनाम आदिल पुत्र इश्तियाक, रईस पुत्र रियाजुद्दीन निवासी खालिसपुर थाना जीयनपुर व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम आदिल व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम रईस पंजीकृत किया गया।

## पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोपित को किया गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। राजगढ़ थाना पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने की आरोपिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 7 नवंबर 2025 को वादी ध्रुवचन्द्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी रामपुर 38 थाना राजगढ़ द्वारा नामजद आरोपिता के विरूद्ध धन आदि का लालच व प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी थी। उक्त सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शनिवार को राजगढ़ पुलिस टीम ने क्षेत्र से नामजद अरोपिता प्रमीला पत्नी दीपक निवासिनी चन्दनपुर गिरफ्तार किया है।

## पेड़ पर झूलता मिला अधेड़ का शव



आजमगढ़। जनपद के निजामाबाद थाना क्षेत्र के बढ़या गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय वीरेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र झपसी सिंह, निवासी सुरजनपुर, थाना गंभीरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से अपनी ससुराल बढ़या गांव में रह रहे थे। सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर पेड़ से अधेड़ का शव लटकता देखा। घटना की सूचना तुरंत निजामाबाद थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है कि यह आत्महत्या है या कुछ और, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। घटना के बाद से गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोग युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

## पुरानी पेशन की मांग को लेकर शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (नवीन) के जिलाध्यक्ष राज केसर के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव की उपस्थिति में 11 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को संबोधित सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव को सौंपते हुए जनपद स्तर की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने और प्रदेश स्तर की समस्याओं को शासन तक प्रेषित कर समाधान कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में लाखों शिक्षक कर्मचारी के भविष्य से जुड़ी हुई सामाजिक एवं आर्थिक समस्या पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों में व्याप्त आक्रोश से शासन सत्ता को अवगत कराने, जन शिक्षण संस्थाओं में निजीकरण का समाप्त करते हुए विद्यालयों का राजकीय करण करने, शिक्षकों की पदोन्नति संबंधी धारा-12, कार्यवाहक प्रधानाचार्यो की सेवा शर्तें संबंधित धारा-18 और सबसे महत्वपूर्ण शिक्षकों की सेवा सुरक्षा संबंधी धारा-21 को चयन बोर्ड की भांति नए आयोग उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग-2023 में भी यथावत सम्मिलित करने, सातवें वेतन आयोग की विसंगति (प्रवक्ता के चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान) को दूर करने, प्रधानाचार्यो का चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से करने, संस्कृत एवं मदरसा विद्यालयों में शिक्षक की नियुक्ति अन्य बोर्डो की तरह आयोग से करने, शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 से 65 वर्ष करने, एनपीएस से ओपीएस में आच्छादित शिक्षक- कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस के मद में जुलाई 2016 से अप्रैल 2025 तक की गई कटौती की संपूर्ण धनराशि को ब्याज सहित उनके आवंटित जीपीएफ खाते में स्थानांतरित करने, सहदेव इंटर कॉलेज भोड़ा के शिक्षकों-अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, सुदीप कुमार सिंह, दयाशंकर यादव और पंचशील इंटर कॉलेज फतेहगंज के राजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षकों की जमा पत्रावलियों का निस्तारण कर एरियर का शीघ्र भुगतान करने, मृतक आश्रितों की नियुक्ति हेतु नियमित बैठक करने, मानव संपदा पोर्टलध्एनपीएस के अंतर्गत शिक्षक कर्मचारियों से जुड़ी सूचनाओं को अपडेट करने की मांग शामिल हैं। ज्ञापन देते समय प्रांतीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने शिक्षकों की लंबित पत्रावलियों पर कार्यालय की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबित फाइलों की वजह पूछने पर पता चलता है कि डीआईओएस कार्यालय के बाबुओं पर अधिकारियों का कोई नियंत्रण नहीं है जबकि सच्चाई इसके बिलकुल उलट है।

## धोखाधड़ी कर निकाले 26 लाख वापस कराये



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिले की पुलिस ने 8 व्यक्तियों के खातों से साइबर धोखाधडी कर निकाले गए 26 लाख 68 हजार 275 सपये वापस कराये। इसक साथ ही, 21 लाख के 106 गुमशुदा मोबाइल फोन भी बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को इस बात का खुलासा कर जानकारी दिया। उन्होने बताया कि बरामद किए गए 106 मोबाइल फोन चोरी या गुम हुए थे। ये फोन दिल्ली, गुजरात, मुंबई, झारखंड, बिहार, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से बरामद किए गए हैं। इनमें एप्पल, सैमसंग, वीवो, रेडमी, ओप्पो जैसी विभिन्न कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं। अक्टूबर महीने में साइबर धोखाधड़ी के शिकार हुए 8 व्यक्तियों के खातों से निकाले गए 26 लाख 68 हजार रुपये उन्हें वापस लौटाए गए। पुलिस ने बताया कि जौनपुर पुलिस की प्राथमिकता साइबर धोखाधड़ी के मामलों को सुलझाना है, जिसमें खातों से पैसे निकालना और मोबाइल फोन चोरी करना शामिल है। धोखाधड़ी होने पर तत्काल टोल-फ्री नंबर पर सूचित करने की सलाह दी गई, जिससे पैसे को ट्रैक कर होल्ड किया जा सके और वापस दिलाया जा सके। जौनपुर में पिछले एक साल में कुल 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को होल्ड कराया गया है, जिनकी वापसी की प्रक्रिया जारी है। मोबाइल फोन से जुड़े मामलों में अब तक 6 गिरफ्तारियां हुई हैं और उनके लिंकेज के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। पीड़ित विपनेश श्रीवास्तव ने बताया कि 6 अगस्त की रात उनके खाते से 1 लाख 6 हजार रुपये गायब हो गए थे, जो अब उनके खाते में वापस आ गए हैं।

## 13 ने लगायी फरियाद समाधान एक का भी नहीं

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस तहसीलदार दीक्षा पांडे के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें निस्तारण एक का भी नहीं हो सका सभी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु तहसीलदार दीक्षा पांडे ने राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। फरियादियों की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तहसीलदार दीक्षा पांडे ने राजस्व एवं पुलिस टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्या गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण होना चाहिए उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि फरियादी को अपनी समस्या लेकर बार-बार तहसील एवं थाने का चक्कर न लगाना पड़े। टीम को निर्देशित करते ही कहा कि आप लोग आवश्यकता अनुसार फरियादी की समस्या निस्तारण करने में पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर फरियादी से मिलकर उनके समस्या का समाधान करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें उन्होंने टीम को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि फरियादी की समस्या निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह, दीवान पंचम यादव, राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश उपाध्याय, लेखपाल अरुण तिवारी, मनोज सिंह, नीरज सिंह आदि फरियादी मौजूद रहे।

## स्वच्छता, शारीरिक ही नहीं मानसिक, सामाजिक भी हो

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के मनोविज्ञान विभाग में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में विभाग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिसर की सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। डॉक्टर जान्हवी श्रीवास्तव में कहा कि स्वच्छता, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तीनों जगहों पर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक संस्कार है, जिसे युवा पीढ़ी के माध्यम से समाज में गहराई तक पहुँचाया जा सकता है।कार्यक्रम का समापन स्वच्छ परिसर, स्वस्थ मनष के संकल्प के साथ हुआ।अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने कक्षाओं, गलियारों और विभागीय परिसर की सफाई की।

## मन्दिर निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

जौनपुर। मड़ियाहूं क्षेत्र के बदौवाँ स्थित पंचग्राम चैरामाता मन्दिर प्रांगण में विघ्नहर्ता भगवान गणेश के भव्य मन्दिर निर्माण के लिए प्रधान पुजारी अखिलेश मिश्र ने क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ भूमि पूजन का कार्य किया। पंचग्राम चैरा माता मंदिर से क्षेत्र ही नहीं आस पास के जनपद से भी लोगो की आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर में ग्राम देवी चैरा माता के अलावा भगवान भोले नाथ, राम परिवार, राधा कृष्ण और हनुमान जी बिराजमान है हर वर्ष यहां चैत्र नवरात्र के नवमी व दशमी के दिन रामायण के पाठ के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है, यहाँ भंडारे का प्रसाद पाने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु आते है। मान्यता है कि यहां जो श्रद्धालु सच्चे मन से अपनी मन्नत लेकर आते है उसे भगवान भोलेनाथ जरूर पूरा करते है। गणेश जी के मंदिर की भूमि पूजन के मौकेपर पंडित भाष्कर मिश्र, गिरजाशंकर, कल्लू, चिंतामण, मया, ज्ञान, नन्हे, मनोजकुमार, पं. सुभाष, भूपेश, रमेश, जटाशंकर, रामलाल, राजकुमार, देवेंद्र, रमेश मिश्र वृजेश मिश्र एवं तमाम क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## भागवत कथा का हर शब्द महामंत्र के समान

जौनपुर। भागवत कथा हर शब्द महामंत्र है इसे सुनने मात्र से ही जीवों का कल्याण हो जाता है यह बातें शुक्रवार को सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के



बेलवा रामसागर गांव चन्द्रबहादुर सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में प्रवचन करते हुए पंडित मनोज शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य को कलिकाल के प्रकोप से बचना है तो श्रीमद भागवत की कथा उसके लिए महामंत्र है।मानव जीवन का कल्याण इसी में है।परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही होती है।श्री शास्त्री ने श्रोताओं को भगवान द्वारा बताए गए सत्मार्ग को बताया।मनुष्य के कल्याण के लिए भी जागृत किया।कथा शुरू होने के पूर्व आयोजक चन्द्र बहादुर सिंह, इसरदेव सिंह, डॉ सजंय सिंह, राकेश सिंह मुरारी ब्रह्मदेव सिंह, श्रीदेव सिंह, आजाद सिंह, चेतन सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बाबूराम सिंह, अगनु सिंह, राकेश यादव, अंकित सिंह, बृजेश सिंह, शिवम सिंह, प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। ।

## शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें: डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में थाना सिकरारा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या टालमटोल की स्थिति पाई जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच कर आपसी विवादों एवं भूमि संबंधी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मिर्जापुर डिस्ट्रिक्ट जूडो एंड ब्लाइंड स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव बने अश्विनी कुमार

मीरजापुर। जनपद में पहली बार डिस्ट्रिक्ट जूडो एंड ब्लाइंड एसोसिएशन के माध्यम से अब जिले के बच्चे जूडो में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जनपद का नाम रोशन कर सकेंगे। इसकी मान्यता, उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ एवं जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया से प्राप्त है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी त्रिपाठी सह सयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ, उपाध्यक्ष अगस्त द्विवेदी, उपसचिव सोमेश्वरपति त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार मौर्य सदस्य शिवराम शर्मा, अनिल मौर्या रामधनी पाल आदि लोगों से सुसज्जित जूडो एसोसिएशन जनपद के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कराने के लिए उनकी सुविधा अनुसार प्रशिक्षण मुहैया तथा जुडो खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अध्यक्ष एसपी त्रिपाठी ने कहा है आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्पोर्ट एवं युवाओं के सुन्दर भविष्य के लिए तमाम योजनाएं व खेल से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से खेल एवं खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। अब जुडो के माध्यम से बच्चें अपने जनपद का मान सम्मान और गौरव बढ़ाने के लिए तैयार है।इस अवसर पर राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला, सचिव योगासन खेल संघ ने कहा कि जनपद में जूडो के आगमन से यहां के खिलाड़ियों में बहुत उत्साह है और अब यहां के खिलाड़ियों को जुडो में अनेक सुविधाएं मिल सकती है, खिलाड़ी जनपद में रहकर के ही अपना अभ्यास कर अपने को बड़े स्तर प्रदर्शन के लिए पर तैयार कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के जूडो ऐंड ब्लाइंड टीम को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की। इस अवसर पर रामू सोनकर सचिव ताइक्वांडो ने जनपद की जूडो एसोसिएशन व उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में बृज मोहन जी राज्य प्रभारी पतंजलि युवा भारत, योग गुरु योगी भोला नाथ संस्थापक विंध्य योग सेवा धाम, जगदीश सिंह पटेल अध्यक्ष जिला को ऑपरेटिव बैंक, अनवर अली, विवेक मिश्रा, निधि सिंह पटेल राष्ट्रीय खिलाड़ी, राकेश त्रिपाठी आदि रहे।

## यातायात माह अभियान के तहत एएसपी ने किया जागरूक, जरूरतमंदों को बांटे हेलमेट

मड़िहान, मीरजापुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चल रहे यातायात माह नवम्बर जागरूकता अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मनीष कुमार मिश्रा ने थाना राजगढ़ क्षेत्र के राजगढ़ ब्लॉक तिराहा पर



जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने आमजन को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। लोगों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। अभियान के दौरान 10 जरूरतमंद मोटरसाइकिल चालकों को निःशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए। कहा कि बाइक चलाते समय हेल्मेट का उपयोग करें यह बोझ नहीं जरुरत है और सुरक्षा के दृष्टिगत भी काफी अहम है। इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।

## विधिक सेवा दिवस पर विविध कार्यक्रम आज

जौनपुर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशांत कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन 09 नवम्बर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा मुख्यालय, तहसील, ब्लॉक, विद्यालयों एवं विधि महाविद्यालयों में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर जागरूकता रैलियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से आम जनमानस को उनके विधिक अधिकारों एवं विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

संक्षेप

## आज 9 से 4 बजे तक रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**कुशीनगर।** आज सात घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। रविन्द्र नगर स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर रखरखाव कार्य के चलते 9 नवम्बर (रविवार) को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता संजय सागर, उपखंड अधिकारी शशि कांत गुप्ता एवं अवर अभियंता पिंटू बिंद ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अवधि में वीसीबी-13 (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) को बदला जाएगा। यह कार्य विद्युत तंत्र को अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ और निर्बाध बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि ब्रेकर बदलने के बाद उपकेंद्र की सप्लाई लाइन में ओवरलोड और फाल्ट की संभावना काफी कम हो जाएगी। बिजली विभाग के अनुसार इस दौरान रविन्द्र नगर सहित आसपास के कई मोहल्लों और गांवों की सप्लाई प्रभावित रहेगी। अधिकारियों ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान धैर्य बनाए रखें।

# सरदार पटेल की जयंती पर पदयात्रा राष्ट्र एकता का प्रतीकः विधायक



**कुशीनगर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 12 नवंबर को आयोजित होने वाली विधानसभा स्तरीय पदयात्रा एवं जनसभा की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक फाजिलनगर के नारायनपुर कोठी स्थित विधायक आवास में सम्पन्न हुई।

**● आगामी 12 को आयोजित होने वाली विधानसभा स्तरीय पदयात्रा को लेकर तैयारी बैठक**

बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रप्रेम से पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र एकता और अखंडता का प्रतीक है। विधायक श्री कुशवाहा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में एकता और सद्भाव का संदेश दें। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से संगठन, समर्पण और सेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में भाग लें और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करें। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कन्हैया शर्मा ने जानकारी दी कि यह पदयात्रा विकास खण्ड देवपोखर से प्रारम्भ होकर लगभग पाँच किलोमीटर की दूरी तय करेगी और फाजिलनगर के पावानगर महावीर इंटर कॉलेज के प्रांगण में पहुंचकर सम्पन्न होगी। इसके उपरांत वहीं पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, प्रमोद पाण्डेय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय राय, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पंकज पांडेय, अनिल जायसवाल, मंडल अध्यक्षगण राणा प्रताप सिंह, शेषनाथ मिश्र, अमलेश तिवारी, अंजेश भारती, पूर्व मंडल अध्यक्षगण राजेन्द्र यादव, विजय शंकर तिवारी, श्रीनिवास राय, शैलेन्द्र तिवारी, अभिषेक तिवारी बिट्टू, अरविंद कुशवाहा, योगेन्द्र कुशवाहा, राना सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से हुई थी पति की मौत, केस दर्ज

ललितपुर। तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा रानीपुरा निवासी पिंकी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 27 अक्टूबर को उसका पति बड़कू रैकवार पुत्र चन्दू शाम करीब साढ़े छह बजे घर से रोड पर रामसहाय झां के घर के सामने सब्जी के ठेले पर खड़ा था, तभी तालबेहट की ओर से आ रही गाड़ी नं. यू.पी.78 डी.डब्ल्यू.5944 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद महेन्द्र झां व अन्य लोग घायल पति को लेकर सरकारी अस्पताल तालबेहट पहुंचे, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। कुछ समय तक भर्ती रहने के बाद 1 नवम्बर 2025 को सुबह 5 बजे उसके पति की उपचार के दौरान मौत हो गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय एक दिवसीय पशु आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम धर्मखोर दूबे में उत्तर प्रदेश पशु विभाग के निर्देशन के अंतर्गत एक दिवसीय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गौ पूजा अर्चन कर संपन्न हुआ शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष शिव सरदार मिश्र व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता महंत जी द्वारा गौ पूजन कर किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमे स्वयं ही पशुओं की रक्षा करने के लिए समाज में आगे आना होगा। बीमार पशुओं की सहायता कर चिकित्सक को सूचित करने व दवाईलाज के लिये तत्पर रहना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भटनी पशु चिकित्सा प्रभारी ने पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी जांच व होने वाली बीमारियों के बचाव की जानकारी देकर किया। शिविर में आये पशुओं की स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ उनके अन्दर होने वाली संक्रमित रोगों के लक्षण से और उनके बचाव में लोगों को जागरूक भी किया कार्यक्रम के दौरान भटनी भाजपा मण्डल के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहें।

## भलुअनी की बेटी ने ताइक्वांडो में जीता सिल्वर मेडल, लोगों ने दी बधाई



**बरहज, देवरिया।** लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पांच से आठ नवंबर के बीच आयोजित ओपेन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में क्षेत्र के सिंहपुर ग्राम प्रधान राजेश यादव की पुत्री अमृता यादव ने परचम लहराया है। अमृता ने अंडर-17 के 55 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता के विभिन्न दौर में अमृता ने अपने आत्मविश्वास, फुर्ती और सटीक तकनीक के दम पर प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए फाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। जीत के बाद अमृता ने कहा कि यह सफलता उनके कोच, अभिभावकों और विद्यालय परिवार के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन का परिणाम है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए निफा जिलाध्यक्ष एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी, यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने संस्था की तरफ से बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र की बेटी की यह सफलता अन्य बेटियों के लिए खेल के क्षेत्र में आत्मविश्वास एवं प्रेरणा प्रदान करेगी। भरत वर्मा, विनोद सिंह गुड्डू, मनोज मद्धेशिया, दिनेश गुप्ता, शौर्य कुमार सिंह, अभिषेक गुप्ता, चंद्रभान वर्मा, राजेश गुप्ता, रामप्रवेश मद्धेशिया एवं संजय वर्मा आदि ने बधाई दी है।

## महिला आयोग की सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण किया

जिला संवाददाता

**देवरिया।** आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्या श्रीमती रितू शाही के द्वारा जिला कारागार का निरिक्षण कर महिला बन्दियों एवं उनके बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया, गारगार में आवासीत महिला एवं बच्चों को फल,

**● बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया**

चाकलेट, वस्त्र इत्यादि का वितरण किया गया, तथा कारागार अधीक्षक श्री प्रेम सागर शुक्ला को शासन के निर्देशानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायें जाने के निर्देश दिए गए, तत्पश्चात इन्दिरा गांधी आवासीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय खोरा राम का निरीक्षण किया गया।

विद्यालय के बच्चियों से शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त होने वाले सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर विद्यालय की अधिक्षिका को पठन, पाठन, शिक्षा सामग्री, खेल, मनोरंजन, भोजन, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायें जाने हेतु निर्देश दिए गए, तथा बच्चियों की मांग पर श्री अयोध्या धाम शैक्षणिक भ्रमण करायें जाने के भी निर्देश दिए गए तत्पश्चात वन स्टाप सेंटर का भी निरिक्षण किया गया सेन्टर प्रबंधक को पीड़ितियों एवं बालिकाओं को मिलने वाले आवश्यक सुविधाएं को ससमय उपलब्ध करायें जाने के निर्देश दिए गए।

, निरीक्षक के समय डिप्टी जेलर श्रीमती गीता रानी, जिला परिवीक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार सोनकर, श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रीमती नितू भारती केन्द्र प्रबन्धक, श्रीमती मिनु जायसवाल मनोवैज्ञानिक वन स्टाप सेंटर, श्री मनोज कुमार सिंह पी एल बी सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इत्यादि गणमान्य एवं विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दौड़ की तैयारियां जोरों पर

अयोध्या। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पखवाड़े के अंतर्गत 15 नवंबर को निकाली जाने वाली राष्ट्रीय एकता दौड़ की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। दौड़ के सफल आयोजन को लेकर पांचों पड़ावों पर कार्यकताओं की बैठकें हुईं, जिनमें तैयारियों की समीक्षा कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। दौड़ की शुरूआत आशा भगवान सिंह महाविद्यालय से होगी और समापन गंगौली चैराहे पर जनसभा के रूप में किया जाएगा। जनसभा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तैयारियों का जायजा क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह तथा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने लिया।

बैठकों में विधायक गोसाईगंज अभय सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दौड़ देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है।

# दिव्यांग बच्चों में सहायक उपकरण वितरित




**देवरिया।** आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव के निर्देश के क्रम में जिला समन्वयक समेंकित शिक्षा श्री ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय पुरैना सलेमपुर, देवरिया में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड, कानपुर के सहयोग से आयोजित कराया गया।

जिसमें कुल 182 बच्चों का परीक्षणोपरान्त कैंप में ट्राई साइकिल -28, व्हीलचेयर 36, बैशाखी-4; रोलेटर-10, एम0आर0 किट-25, ब्रेल किट 6, स्मार्ट केन -06, सीपी चेयर -16, हियरिंग एड 68 एवं कैलीपर 30, वितरित किया जाएगा। इस प्रकार कुल 228 उपकरण के लिए चिन्हित करते हुए एलिम्को के प्रतिनिधि श्री फैजल, आनन्द सिंह, अभिषेक नरेन्द्र कुमार एवं गजेन्द्र कुमार द्वारा टोकन जारी किया गया। इस अवसर पर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) ने बताया कि जनपद में कुल 4057 दिव्यांग बच्चे चिन्हित है। जिसमें 4056 बच्चें परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत है। गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए जनपद में 50 स्पेशल एजुकेटर, एवं 01 फिजियोथेरेपिस्ट कार्यरत हैं जिनके द्वारा नियमित शैक्षिक सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है। आज के उपकरण वितरण शिविर के लिए मापन शिविर का मुख्य उद्देश्य जिन बच्चों को विद्यालय आने-जाने, देखने में असुविधा एवं सुनने में कठिनाई हो रही थी उसकों दूर करने के लिए एलिम्को कानपुर के सहयोग से उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका समुचित उपयोग करते हुए बच्चे नियमित विद्यालय आयेगें और शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगें। इसी क्रम में इस मौके पर स्पेशल एजुकेटर राजा राम दूबे देव नीलम त्रिपाठी, दुर्गावती वेद प्रकाश दूबे बृजेन्द्र तिवारी रजनी शुकला कर्म चन्द्र परमात्मा सिंह राम प्रसाद पाठक मणिन्द सिंह संतोष पाण्डेय ओंकार पान्डेय विनोद, उपस्थित रहकर कार्यर्क्रम में सहयोग प्रदान किया गया।

## अवैध शस्त्र व कारतूस बरामद, पशु तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जिले में पशु तस्कर और पुलिस में हुई मुठभेड़ में गौ तस्कर के पैर में गोली लगी है। जिसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। लार पुलिस वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर थाना लार पर पंजीकृत मु0अ0सं0-320/2023 धारा-3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूता अधि0 में वांछित अभियुक्त मुबारक पुत्र शदिक निवासी हरिहास थाना हुसैनगंज जनपद सिवान (बिहार) को पुलिस टीम ने खरवनिया बंधा के पास घेरा लिया। मोटरसाइकिल सहित रोकने का प्रयास किया गया जो मोटरसाइकिल घुमा कर भागने में गिर गया तथा पुलिस टीम के ऊपर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस टीम ने अभियुक्त के पास से बरामद एक देशी तमंचा 315 बोर तथा 1 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस व मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में ईलाज कराया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उ.नि. विन्ध्याचल शुक्ल, उ.नि. सुशील कुमार, उ.नि. धर्मेन्द्र सिंह, शेरे अली, दीपक कुमार, मृत्युन्जय मौर्या, धन्नजय पटेल और मिठाई लाल शामिल रहे।

## 666 लीटर कच्ची शराब का हुआ विनष्टीकरण

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपदीय थानों पर लम्बित पड़े मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रुद्रपुर पर शनिवार को न्यायालय सिविल जज (प्रवर खण्ड) एफटीसी प्रथम/एसीजेएम द्वारा गठित टीम हरिशंकर लाल एसडीएम रुद्रपुर, हरिराम यादव क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर व प्रभारी निरीक्षक रुद्रपुर कल्याण सिंह सागर की मौजूदगी में आबकारी अधिनियम के कुल 65 मुकदमों से सम्बन्धित 666 लीटर अवैध कच्ची शराब का विनष्टिकरण किया गया।

## पुलिस एडिट वीडियो वायरल करने वाले की पहचान में जुटी

भटनी(देवरिया)। भटनी में शराब तस्करी का एक विडियो वायरल हुआ जिसमें महिला युवक व युवतियां पिटठू बैग लिए सडक पर झुण्ड बनाकर सडक पर जा रहे थे। उसी समय एक युवक पकड लेता है। और अपने अन्य साथियों से कह रहा है कि एक भाई ने पकड लिया है। जल्दी सडक पर आ जाओ। वीडियो वायरल होते ही लोग स्थान का पता करने मे दिन भर लगे रहे। और पुलिस सरगर्मी के साथ उसकी वास्विकता की जाँज में लग गयी। आई टी सेल भी जाँच करने लगी। पुलिस की जाँच मे. वायरल वीडियो एडिट विडियो निकला। बिना तथ्य व प्रमाण के विडियो वायरल करने वाले व्यक्ति की तलाश मे पुलिस जूट गयी है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि एडिट वीडियो वायरल कर फेंक न्यूज प्रसारित करने वाले व्यक्ति के करीब पुलिस पहुँच चुकी है। शीघ्र ही इसका पटाक्षेप हो जायेगा।

## परमानंद और मुक्ति दायिनी है श्रीमद्भागवत कथाः डॉ.श्रीप्रकाश



**बरहज, देवरिया।** कपरवार घाट पश्चिम टोला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास डाक्टर श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि श्रीमद्भागवत के श्रवण से मिलती है परमानंद शांति व मुक्ति। श्रीमद्भागवत के श्रवण से पापी से पापी जीव का उद्धार हो जाता है और समाज में व्याप्त कुरीतियों से मुक्ति मिल जाती है यह कथा सबसे पहले बम्हां जी को श्रीमन्नारायण जी ने दी बम्हां जी ने नारदजी को व नारद जी ने चार श्लोक व्यास जी को दिया उसी चार श्लोकों पर आधारित करके अठारह हजार श्लोकों की रचना कर अपने अवधूत पुत्र श्रीशुकदेवजी जी को पढाई। जब राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि का श्राप लगा कि आज के सातवें दिन तक्षक नाग के डंसने से मृत्यु हो जायेगी यह जानकर श्रीशुकदेवजी ने राजा परीक्षित को कथा सुनाकर सप्ताहांत मुक्ति दिलाई। श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ से पूर्व संगम तट तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पश्चिम टोला से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा रवाना हुई। यात्रा में दर्जनों महिलाओं ने कपरवार संगम के जल से भरे। कलश सिर पर रखकर कथा यज्ञ स्थली पहुंची। कलश यात्रा में हर हर महादेव, जय श्रीराम के नारे लग रहे थे। इस अवसर पर यजमान सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, तवारी आदि मौजूद रहे।

# गूंजे मुक्केबाजों के दमदार पंच

अयोध्या। मुक्केबाजी के रोमांच और जोश से शनिवार को पूरा अयोध्या शहर सराबोर हो उठा, जब सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल के मैदान में ह्वके.एस.ई. कप सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025ह्व का रंगारंग शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दोनों अतिथियों ने मुक्केबाजों से हाथ मिलाकर उनके मनोबल को ऊँचा किया और खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने अनुशासित अंदाज में मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों को निष्पक्षता, अनुशासन और सौहार्द के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई। बॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों व आयोजकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि ह्वहर प्रतियोगिता में विजेता केवल पदक नहीं जीतता, बल्कि अपने स्थान और देश की प्रतिष्ठा को ऊँचा उठाता है। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और धैर्य का विकास करते हैं। जो हारता है, वह भी अनुभव लेकर अगली बार और बेहतर बनने की प्रेरणा प्राप्त करता है।ह्व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ह्वखेलों का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना है। युवाओं को खेलों में भाग लेकर स्वस्थ, अनुशासित और ऊजार्वान समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रतियोगिता के पहले दिन दो सत्रों में मुकाबले आयोजित हुए। उद्घाटन सत्र में कुल 17 रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार पंच और बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन किया। 54 किलो भार वर्ग में चार मैच हुए। पहले मैच में उत्तर प्रदेश के जितेंद्र कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के छत्रपाल को दूसरे राउंड में पराजित किया। दूसरे मुकाबले में दिल्ली के जतिन को हरियाणा के दीपक ने मात दी। तीसरे मैच में महाराष्ट्र के विधान सदानंद ने जीत दर्ज की। 60 किलो भार वर्ग में चैथे मुकाबले में उत्तराखंड के अंकित ने तमिलनाडु के पी. कालीदोस को हराया। इसी वर्ग में जम्मू-कश्मीर के धर्मेंद्र और कर्नाटक के पवन कुमार ने अपने-अपने मैच जीते। 67 किलो भार वर्ग में जम्मू-कश्मीर के महेश, पंजाब के जैलेश और दिल्ली के लोकेश ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, 71 किलो भार वर्ग में कर्नाटक के ए. श्रीधर, तमिलनाडु के के. दिनेश और हरियाणा के कृष विजेता रहे। 75 किलो भार वर्ग में दिल्ली के आर्यन और चंडीगढ़ के कमल शर्मा ने मुकाबला अपने नाम किया, जबकि 80 किलो वर्ग में त्रिपुरा के रॉबिन और उत्तर प्रदेश के सूर्या प्रताप ने विजयी पंच लगाए।



पूरे दिन दर्शक दीर्घा में मौजूद खेल प्रेमियों ने मुक्केबाजों का जोश बढ़ाया। हर पंच पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। खिलाड़ी जहां जीत की खुशी से उत्साहित दिखे, वहीं हारने वाले भी खेल भावना के साथ अगली बार बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लेते नजर आए। भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष विशाल गुप्ता, ने बताया कि चैम्पियनशिप के आगामी चरणों में देशभर के प्रतिभाशाली मुक्केबाजों के बीच और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और अयोध्या को राष्ट्रीय स्तर पर एक स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करना है।

## बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने बौद्ध धर्मगुरु ज्ञानेश्वर को दी श्रद्धांजलि



**कसया, कुशीनगर।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, पूर्व सांसद घनश्याम खरवार सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने दिवंगत भिक्षु ज्ञानेश्वर के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शनिवार को वर्मी बुद्ध बिहार के मुख्य मंदिर में दिवंगत भंते एबी ज्ञानेश्वर के पार्थिव शरीर का दर्शन और श्रद्धांजलि देने का क्रम नौवें दिन जारी रहा। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भंते ने बुद्ध की करुणा, मैत्री, शांति की शिक्षाओं का विश्व के देशों में प्रसार किया। इस दौरान भंते डॉ नन्द रतन, भंते नंदिका, भंते चन्दिमा, भंते अशोक, भंते शील प्रकाश, भंते आलोक, भंते उपाली, भंते सागरा आदि लगातार शांति पाठ और व्यवस्था में जुटे रहे। गोरखपुर मंडल प्रभारी हरेंद्र गौतम, असगर अली, कुशीनगर जिलाध्यक्ष सुधीर भारती, सुरेश गौतम, कमलेश, सुरेश चंद भारती, रितेश खरवार, अवधनारायण गौतम, विद्या सागर, जयश्री प्रसाद, राम नगीना, टीके राय, ओम प्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड सहित श्रद्धालु मौजूद थे। श्रद्धांजलि देने के क्रम में म्यांमार, थाइलैंड, वियतनाम, श्रीलंका, कोरिया सहित विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु लगातार आ रहे हैं।

# डीएम ने की मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ की बैठक




**कुशीनगर।** मतदेय स्थलों का सम्भाजन के तैयारी के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, के साथ बैंठक की गई। बैठक दौरान मतदेय स्थल सम्भाजन -मतदेय स्थल सम्भाजन प्रस्ताव के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों जिलाध्यक्ष /मन्त्री/प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि वर्तमान बूथ से सम्बन्धित कोई दावा आपत्ति हो तो 10 नवंबर 2025 तक जिला निर्वाचन कार्यालय, एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी के कार्यालय में लिखित रूप से अवगत कराये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश में चल रहे अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में आपत्ति एवं सुझाव मागे गये साथ ही प्रत्येक बूथ हेतु बीएलए नियुक्त करने हेतु बार-बार अनुरोध किया गया। जिसपर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा अतिशीघ्र बीएलए की सूची निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। बैठक दौरान समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो को मतदेय स्थल सूची एवं बीएलओ की सूची प्राप्त कराया गया। प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 09 नवंबर 2025 को महा विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिये। इसी प्रकार निर्देशित किया गया कि दो दिवस के अन्दर गणना प्रपत्र समस्त मतदाताओं भ्रमण पर रहेंगें निर्वाचन से जुडे. समस्त अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रगाढ़ पुनरीक्षण के प्रगति के सम्बन्ध प्रति दिन जूम वीसी के माध्यम से समीक्षा किए जाने के निर्देश सहित, बीएलओ एवं सुपरवाइजर को माह अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, 2025 कुल तीन माह का मानदेय का भुगतान किए जाने का निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी को यह निर्देश दिया कि निर्वाचन में कोई बीएलओ एवं सुपरवाइजर द्वारा कोई लापरवाही करता है तो तत्काल सम्बन्धित बीएलओ एवं सुपरवाइजर के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी गण सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## टेट अनिवार्यता मुद्दे को लेकर शिक्षक आंदोलनरत

अयोध्या। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत में टेट अनिवार्यता मुद्दे को लेकर आंदोलनरत है। जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने कहा कि आंदोलन के तीन चरण पूरे हो चुके हैं राष्ट्रीय नेतृत्व सुशील कुमार पाण्डेय के आह्वान पर पूरे देश भर में शिक्षक अपने खिलाफ सरकार द्वारा जबरन थोपे गए टेट अनिवार्यता परीक्षा का विरोध संवैधानिक तरीके से कर रहे हैं, आंदोलन का यह चैथा चरण है इस चरण में पूरे देश के शिक्षक 11 दिसंबर 2025 को दिल्ली के लिए कूच करेंगे और सरकार को बता देंगे कि हम अब चुप नहीं रहेंगे। जिला मंत्री अशोक वर्मा ने मीडिया को बताया कि सरकार हमारी मांग को लेकर उदासीन रुख अख्तियार किए हुए हैं, आरटीई अधिनियम 2009 लागू होने के पूर्व शिक्षकों की भर्ती में यह योग्यता नहीं थी, बाद में नियम बना कर पहले के शिक्षकों पर लागू करने का यह पहला प्रकरण है, इसका हम सभी शिक्षक पुरजोर विरोध करेंगे और दिल्ली में सरकार को घेरेंगे, सरकार को ऐसे कानून को रद्द कर को बाध्य होना पड़ेगा।

## बाइक की टक्कर से युवक की हुई थी मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** नेहरूनगर चैकी क्षेत्रांतर्गत अम्बेड़कर नगर निवासी घनश्याम पुत्र छोटेलाल ने जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 17 अक्टूबर को उसका पुत्र बृजेन्द्र प्रताप सिंह अपनी मोटरसाइकिल नं. यू.पी.94 ए.बी. 1323 पर सवार होकर पिपरई में रिश्तेदारी मिलकर वापस घर आ रहा था। बताया कि बरखेरा नहर से 400 मीटर दूरी पर सामने से आ रही मोटर साइकिल स्प्लेण्डर नं. एम.पी.15 जे.जे. 3583 के चालक ने उसके पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बृजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों में बरखेरा निवासी धर्मेंद्र पुत्र गोबरधन व नुनावली निवासी प्रीतम पुत्र हरनाम ने एम्ब्युलेंस के जरिए घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बृजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## निःशुल्क खाद्यान्न वितरण पच्चीस तक

ललितपुर। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया है कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के पत्र में अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह नवम्बर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का जिले के अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को 08 से 25 नवम्बर 2025 तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकोंको 14 कि.ग्रा. गेंहू, 21 कि.ग्रा.चावल प्रति कार्ड एवं पात्रगृहस्थी कार्डधारको को 2 कि.ग्रा. गेंहू, 3 कि.ग्रा. फोर्टिफाईट चावल (कुल 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न) प्रति यूनिट निशुल्क वितरण किया जाना है।

संक्षेप

## युवक यमुना में डूबा तलाश जारी

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के यमुना घाट पर शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब अंतिम संस्कार में शामिल हुआ युवक स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की मदद से देर शाम तक तलाश अभियान जारी रहा, मगर समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था ।जानकारी के अनुसार, किशनपुर कस्बा निवासी भूपेंद्र सिंह ( 35 वर्ष ) पुत्र महेंद्र सिंह शुक्रवार को अपने पड़ोसी के परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यमुना घाट गया था। संस्कार पूर्ण होने के बाद वह अन्य ग्रामीणों के साथ यमुना में स्नान करने लगा। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गया। देखते ही देखते घाट पर चीख-पुकार मच गई ।ग्रामीणों ने तत्काल गोताखोरों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने यमुना में उतरकर तलाश शुरू की। वहीं परिजनों के घाट पहुंचते ही कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों को देख घाट का माहौल गमगीन हो गया ।थाना प्रभारी किशनपुर सत्यदेव गौतम ने बताया कि ह्लअंतिम संस्कार के दौरान स्नान करते समय युवक यमुना में डूब गया है। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही युवक को ढूंढ़ लिया जाएगा ।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण घाट पर जमा हो गए। पुलिस ने भीड़ को हटाकर गोताखोरों के लिए जगह बनवाई। देर शाम तक नदी में सर्च अभियान जारी था।

## मौजूदा प्रधान की मौत से मातम

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सराय अख्तियारपुर की प्रधान



का आकस्मिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड गयी। उनकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। क्षेत्र के गांव सराय अख्तियारपुर की मौजूदा प्रधान निकहत आसमा को अचानक शुक्रवार को दिल का दौरा पड गया। जिनको परिजन उन्हे तुरन्त लेकर कानपुर कार्डियोलाजी अस्पताल ले गये। जहाँ उपचार के चलते रात तीन बजे प्रधान की मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो मातम छा गया।

## संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर। परिवहन आयुक्त के निदेर्शानुसार मंगलवार को राज्य कर विभाग और परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पखवारे में एक दिन का संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, जिसमें दोनों विभागों के फील्ड अधिकारी एक साथ कार्रवाई करेंगे। इसी क्रम में गुरुवार रात 11 बजे से 1 बजे तक लखनऊ सीतापुर हाईवे पर संयुक्त अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई यात्री वाहनों में परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए माल ढोया जाता मिला। नियम विरुद्ध संचालन पर कुल छह वाहनों का चालान किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश चतुवेर्दी ने बताया कि परिवहन विभाग और राज्यकर विभाग की टीम ने मिलकर अभियान चलाया। अब ऐसे मामलों में दोहरी कार्रवाई होगी। परिवहन विभाग जहां नियम विरुद्ध संचालन पर टैक्स वसूलेगा। वहीं राज्यकर विभाग जीएसटी चोरी पर टैक्स वसूलेगा। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की ओर से एआरटीओ सर्वेश चतुवेर्दी और यात्रीकर अधिकारी एम.ए. आब्दीन शामिल रहे। वहीं राज्यकर विभाग की ओर से राज्य कर अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में टीम ने भाग लिया। साथ ही प्रवर्तन दस्ता मौजूद रहा।

# वंदे भारत का सीतापुर में हुआ स्वागत



सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सीतापुर को एक बड़ी सौगात दी है। लखनऊ से रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस जब सीतापुर पहुंची तो रेलवे स्टेशन पर उसका भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, एडीआरएम लखनऊ मण्डल रेलवे नीतू कुमारी सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और सैकड़ों नागरिकों ने फूलमालाओं से ट्रेन का स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद नगर विकास राज्यमंत्री ने सीतापुर से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सहारनपुर के लिए रवाना किया। जानकारी के अनुसार लखनऊ से सहारनपुर के बीच लगभग 560 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन महज 7 घंटे में तय करेगी। यह ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। जिससे यात्रियों को तेज सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। रेलवे ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्टेशन पर कराया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे और गौरवान्वित महसूस किया। वंदे भारत ट्रेन की इस नई सौगात से सीतापुर के लोगों में उत्साह देखने को मिला यात्रियों ने सरकार के इस निर्णय को सराहनीय बताया और कहा कि इससे यात्रा समय में भारी कमी आएगी। एडीएम रेलवे नीतू कुमारी ने बताया कि यह ट्रेन फिलहाल ट्रायल रन के तहत चलाई गई है। यात्रियों के लिए नियमित सेवा कब से शुरू होगी। इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेलवे जल्द ही समय सारिणी तय कर नियमित संचालन शुरू करेगा। इस ट्रेन के शुरू होने से लखनऊ, सीतापुर, बरेली, सहारनपुर समेत कई जिलों के यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर का नया अनुभव मिलेगा।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान की डीएम ने संभाली कमान



उन्नाव (वीओएल)। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनपद में चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण किये जाने के कार्य का विधानसभा सदर के बूथ संख्या 164, मोहल्ला कल्याणी देवी का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से वितरित किए गए गणना प्रपत्रों सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपस्थित मतदाताओं को अपने हाथों से गणना प्रपत्र वितरण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची पूर्ण रूप से निष्पक्ष और पारदर्शी और त्रुटि रहित हो इसके लिए किसी भी प्रकार के लापरवाही न किया जाये। कहा की प्रत्येक घर में गणना प्रपत्र पहुंचना चाहिए यदि किसी घर में ताला लगा है तो उसको भी गणना प्रपत्र देना होगा। कहा गणना प्रपत्र न पहुँच पाने पर प्रत्येक बीएलओ को तीन बार मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना होगा। कहा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में कहीं पर भी कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कहा की कार्य में तेजी लाई जाए। शतप्रतिशत मतदाताओं को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करें। निर्देशित किया कि कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो पाए, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित भी ना रह जाए। इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर विधायक ने सीएचसी में बांटे फल



जिला संवाददाता(vol)

सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर के जन्मदिन अवसर पर विधायको, ग्राम प्रधानो, कार्यकताओं आदि ने हजारों की संख्या में उनके आवास पहुंच फूल माला एवं उपहार देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान देर रात्रि तक उनके आवास पर शुभकामनाएं देने का तांता लगा रहा। इस दौरान विधायक ने सीएचसी में मरीजों को फल भी वितरित किए। विधानसभा सफीपुर से भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर का जन्मदिन अवसर पर उनके सफीपुर स्थित कार्यालय एवं आवास पर अध्यात्म मानस मंडल के हर्ष शुक्ला द्वारा संगीतमई सुंदर की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

विधायक बंबा लाल दिवाकर के जन्मदिन पर सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता आनंद अवस्थी,जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, संतोष मिश्र, सिंपल, जयदीप मिश्र, चेयरमैन प्रतिनिधि ऊगू अनुज दीक्षित, दिलीप लश्करी, हरिशरण लाला, सुभाष सिंह, राजू सिंह चैहन, आशीष कनौजिया, अतुल अग्निहोत्री, अमित कुशवाहा, राम सजीवन विमल, सभासद अभिनव शर्मा, तनय अवस्थी, अनुपम गौड़, लल्ला तिवारी, अनूप सिंह चंदेल, अभिज्ञान त्रिपाठी, लकी रावत, लारेंस वर्मा, प्रिंस द्विवेदी, मलखान सिंह, राहुल सिंह, अशोक विश्वकर्मा, अभिज्ञान तिवारी, राज दिवाकर आदि समेत भारी संख्या में विधानसभा के समर्थक, कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष समेत नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने जन्मदिन के सुअवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में अधीक्षक डॉ0 राम सहोदर, डॉ ब्रजेश सिंह एवं सत्यम पाल की उपस्थित में फल वितरित किए। देर शाम कस्बे के एक रेस्टोरेंट पर आशीष कन्नौजिया के नेतृत्व में विधायक बम्बालाल दिवाकर का जन्मदिन केक काटकर फूल माला एवं उपहार देकर बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर अमित कुशवाहा एवं पत्रकार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने दिया बूथ मजबूती पर जोर

फतेहपुर। आज लोक विहार कॉलोनी में मतदाता गहन पुनरीक्षण रक्फ़ की 240 सदर फतेहपुर विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र से आये पवन प्रताप सिंह क्षेत्रीय मंत्री व मुख्य वक्ता विक्रम सिंह पूर्व विधायक सदर फतेहपुर मौजूद रहे।

कार्यशाला संयोजक सुशील तिवारी ने मुख्य अतिथि पवन प्रताप सिंह तथा मुख्य वक्ता विक्रम सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पवन प्रताप सिंह क्षेत्रीय मत्री ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से मतदाताओं में गहनता से पुनरीक्षण करने की बात बताई। बताया कि सभी बूथ अध्यक्ष और बी०एल०ए०-2 मिलकर कार्य करें। आपसभी का योगदान ही परिणाम सुन्दर लाता है। भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही प्रथम श्रेणी में रहते है ।मुख्य वक्ता विक्रम सिंह पूर्व विधायक ने बूथ प्रवासी नियुक्त समस्त पदाधिकारियों का अलाट बूथ नं एवं उनका बूथ भी देना है। सभी लोग अपने बी०एल०ओ० से मिलकर कार्य करें। अपने अपने मतदान क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगें। घर बंद मिलने पर गणना प्रपत्र स्लिप के रूप में डालेगें। आदि प्रमुख बिन्दुओं में चर्चा की ।इस मौके में पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, जिला महामंत्री नीरज सिंह, उदय लोधी, जिला उपाध्यक्ष अर्पणा सिंह गौतम, डॉ० शिवप्रसाद त्रिपठी, मण्डल अध्यक्ष रितेश गुप्ता शोल्डी, शिवपूजन तिवारी, संजय श्रीवास्तव, ब्रजेश द्विवेदी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष संजय मोदनवाल, जे०पी० सिंह फौजी, बलराम लोधी, विनोद चंदेल, नरेन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र मौर्य, मंजू शुक्ला, रेखा सरोज, सुनीता चौधरी, कल्पना सिंह, रीनां दीक्षित, बुदन पासवान, दददू मिश्रा, प्रेम मौर्य, राम सिंह पाल, सुधांशू पाण्डेय, ज्ञाना पासवान, वन्दना द्विवेदी, सुशीला मौर्य, सुनिधि तिवारी, शैलजा सिंह, पुत्तूलाल, सुनील गुप्ता, विक्रम चंदेल, विशाल नेता, सन्तोष पटेल, अभिषेक शुक्ला, दीपेन्द्र यादव समेत सैकडों पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

सीतापुर। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम भीखपुर में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर आरोपी को पकड़ लिया। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली बिसवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत न्यूराजपुर के मजरे भीखपुर निवासिनी 16 वर्षीय शालिनी चौरसिया पुत्री सियाराम चौरसिया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे घर के अंदर फांसी की फंदे से लटकता मिला था। जिसमें मृतका के भाई ने गांव का ही युवक महताब पर उसे लगातार प्रताड़ित करने और फोन पर बात करने का तथा जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाया था। इस संबंध में शिकायत आरोपी के परिजनों से की गई थी। परिजनों का कहना है कि इसी उत्पीड़न से परेशान होकर युवती ने यह कदम उठाया। मृतका के भाई राहुल चौरसिया ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के अनुसार परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग पाया गया है तथा मृतका के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यशाला संपन्न




फतेहपुर। विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदान गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा उपस्थित बूथों, शक्तिकेंद्रों सहित असोथर , गाजीपुर व बहुआ मंडल के पदाधिकारियों को आयोग द्वारा संचालित मतदाता गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) कार्यक्रम में संगठनात्मक विमर्श व जिम्मेदारियां सौंपी गई।

श्री पाल ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में एसआईआर चलाया गया है, जिसमें बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से बनें मतदाताओं को चिन्हित कर उन्हें बाहर किया गया, स्थानीय विधायक विकास गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि जो लोग दुबई में रह रहे हैं और वोट के समय ही सिर्फ गांव नगर में आते हैं उन्हें बूथ अध्यक्ष व बीएलओ द्वारा बड़ी ही सतर्कता से परख कर वोटर लिस्ट से नाम विलोपित कराने में योगदान देना है, अभियान के जिला संयोजक मनोज मिश्रा ने कहा कि आज संगठन के पास प्रत्येक बूथ पर अध्यक्ष, बीएलओ के साथ ही बूथ समिति है बस सभी को पुनरीक्षण में यथाउचित योगदान देना है, कार्यशाला में अर्चना त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, देवराज सिंह,सुरेश परमार, सुधीर मिश्रा,संजय हाडा, विनोद पांडेय, राम महेश निषाद,निर्मल चौहान, अरिमर्दन सिंह, शिव प्रताप सिंह गौरव सिंह गौतम,राज पांडेय,नीतू तिवारी, साहिल शर्मा, विनोद भारती सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान यूनियन टिकैट गुट की मांग पर अधिकारियों ने स्थल का लिया जायजा



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। मुख्यालय पाटन के अंतर्गत बिहार मौरावां मार्ग पर देवारा मोड के पास स्थित गंगा एक्सप्रेसवे के चैनेज 460$245 में स्लीप मार्ग द्वारा वाहनों के चढ़ने एवं उतारने हेतु मार्ग बनाए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं द्वारा 15 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जो आज 24 वें दिन भी जारी है। किसान यूनियन अपनी उक्त मांग को लेकर धरना प्रदर्शन स्थल पर डटे हैं। धरना स्थल पर पहुंचे यूपीडा के अधिकारियों ने स्थल का जायजा लिया। मांग से संबंधित पत्र बनाकर लखनऊ कार्यालय को प्रेषित किया गया। किंतु सक्षम अधिकारियों द्वारा स्वीकृति अब तक प्रदान नहीं की गई है। गंगा एक्सप्रेसवे पर स्लीप मार्ग का निर्माण हो जाने से बाहर से आने वाले पर्यटकों को बक्सर स्थित राव राम बक्स सिंह के शहीद स्थल, सिद्ध पीठ मां चंडिका अंबिका, अमर शहीद अमर बहादुर सिंह के गांव बजौरा, बैसवारा रेलवे स्टेशन, ग्राम केदारखेड़ा स्थित बाबा तिलोकचंद के किले से बक्सर तक पहुंचने के लिए आसान हो जाएगा।

इस संबंध में यूपीडा के सहायक प्रबंधक शरद मोहन मल्ल से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि यूपीडा के उच्च अधिकारी दीपक कुमार को इस संबंध में जानकारी देने के साथ फाइल बनाकर भेज दी गई है। वहीं सहायक इंजीनियर एम के सिंह ने बताया संबंधित मांग की फाइल बनाकर लखनऊ कार्यालय को भेज दी गई है। शीघ्र ही स्वीकृत होने की उम्मीद है ऐसी जानकारी दी।

### अपनी मांगों को लेकर 24 वें दिन भी बैठे रहे किसान

पाटन। स्लीप मार्ग की मांग को लेकर धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट अपनी हिम्मत हारने का नाम नहीं ले रहे हैं। उनका मानना है कि जब तक मांग पूरी नही हो जाती है धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे। जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा कि धरने का शनिवार को 24 वां दिन है। उक्त मांग को लेकर किसानों ने दीपावली का महापर्व तथा कार्तिक पूर्णिमा जैसे त्योहारों को धरना स्थल पर ही मनाया है। अपनी मांग को पूरी होने पर लोगों के साथ खुशी भी यही मनाएंगे।

## समाधान दिवस : 29 शिकायतें आईं, दो का किया निस्तारण



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से दो का आपसी सहयोग से मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

प्राप्त शिकायतों में 14 राजस्व संबंधी थीं। जबकि 15 शिकायतें लड़ाई-झगड़े से संबंधित थीं। इसके अतिरिक्त आपसी घरेलू विवाद की दो शिकायतें भी दर्ज की गईं। समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने सभी शिकायतों को समझा और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने भी शिकायतकताओं की समस्याएं सुनीं और हल्का सिपाहियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। राजस्व संबंधी शिकायतों को राजस्व निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने सुना। उन्होंने बताया कि लेखपालों के फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में व्यस्त होने के कारण किसी भी राजस्व मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। हालांकि इन शिकायतों के समाधान के लिए आदेश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह एसआई केसीएम सक्सेना एसआई अमरेश सिंह सोढ़ी और राजस्व निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्थानीय प्रतिभाओं ने मोहा सबका मन

उन्नाव, (वीओएल)। जी आई सी मैदान में 13 दिवसीय विराट बहु आयामी उन्नाव महोत्सव के आठवें दिन कई अकादमी की स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। द सोल ऑफ डांस अकादमी की डायरेक्टर कामना तोलानी और कोरियोग्राफर महेंद्र सिंह ने डांस की तमाम विधाएं पेश कराईं। बादशाह मैं बादशाह, छम्मा छम्मा गानों पर ग्रुप डांस में खूब तालियां बजीं। अपशू डांस क्लासेस की डांस गुरु रोज शर्मा के संयोजन



में डांस की कई स्टाइल्स पर प्रतिभाओं ने खूब धमाल मचाया और मेरे महबूब कयामत, राम आएंगे और ऐ मेरे वतन के लोगों गीत सुन मंत्रमुग्ध हुए दर्शक। कॉमेडियन लक्ष्य निगम ने अपने हँसगुल्लों से सबको बड़ी देर तक हंसाया। अंग्रेजी में बड़ा आकर्षक संचालन गरिमा ने किया। दीप प्रज्वलन अध्यक्षा निम्मी अरोड़ा, अध्यक्ष बाबूलाल कनौजिया, प्रबंधक अशोक पटेल शिवा, महोत्सव संयोजक राम सुमेर सिंह, सांस्कृतिक संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर, उपाध्यक्ष डॉ राजेश सिंह, प्रभारी सुख सागर पटेल, अनिल सिंह फौजी आदि ने किया। समन्वयकों राहुल कश्यप, सैमी वर्मा, शैलू वर्मा, कामना तोलानी, प्रियंका पाल, सतीश शर्मा आदि ने व्यवस्थापन किया। सम्मान प्रकिया का संचालन सांस्कृतिक संयोजक मनीष सिंह सेंगर ने किया और प्रबंधक अशोक पटेल ने सबके प्रति आभार जताया। डॉ सत्यपाल सिंह, समाजसेवी वेद प्रकाश साहू व अनूप चैधरी, बिल्डर शलभ आनंद, डॉ प्रभात सिन्हा, रमेश पटेल, मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, फैज खान, बीनू त्रिवेदी, नितिन गुप्ता, अनुराग मोहन वर्मा विशाल यादव आदि का सहयोग रहा। कलाकारों को आयोजकों ने सम्मानित किया।

## दिग्विजय सिंह देव को सपा का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दो दिन पूर्व समाजवादी छात्रसभा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने के बाद जिलेभर में बधाइयों का सिलसिला जारी है। दिग्विजय सिंह देव की नियुक्ति को लेकर पार्टी कार्यकताओं और नेताओं में उत्साह और गर्व का माहौल है। दिग्विजय सिंह देव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी सहयोगी माने जाते हैं और युवाओं के बीच उनकी विशेष लोकप्रियता है। वे छात्र राजनीति से सक्रिय रहे हैं और



संगठन में कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। जिले के समाजवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बैठक कर दिग्विजय सिंह देव को बधाई दी और पार्टी कार्यालय में मिठाई बांटी। इस अवसर पर सांसद आनंद भदौरिया, साप एमएलसी जासमीर अंसरी,लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक नरेन्द्र वर्मा, राधेश्याम जायसवाल, जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, सपा नेता अंकित त्रिवेदी ,समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सदीप कश्यप, जिला सचिव संजय चैधरी सहित कई पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह देव का यह दायित्व युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का यह फैसला संगठन में युवाओं की भूमिका को और मजबूत करेगा। दिग्विजय सिंह देव को मिली जिम्मेदारी से नौजवान कार्यकताओं में नई ऊर्जा और जोश देखने को मिल रहा है।

## महोली पुलिस को मिली सफलता अभियुक्त गिरफ्तार



महोली/सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के द्वारा चलाए गए रोकथाम अपराध व अपराधियों पर लगाए जाने अंकुश के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पांडेय ने शुक्रवार को दीपू उम्र 40 वर्ष पुत्र रामस्वरूप ग्राम कुसैला महोली को गिरफ्तार किया है ।जिसके कब्जे से एक आदद नाजायज तमंचा 3 15 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है ।अभियुक्त दीपू पर मु०अ०सं० 457/ 25 धारा 25( प्ठ ) ए ए सीटी के तहत पंजीकृत किया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी धीरेंद्र सिंह, आरक्षी पंकज कुमार, अंकित कुमार मौजूद रहे।

## बजरंग मुनि ने हिंदू धर्म को जगाने का काम किया है: मनोज कुमार त्रिवेदी



सीतापुर। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भुईयाताली स्थान पर महंत बजरंगमुनि द्वारा आयोजित मेला कार्यक्रम तृतीय दिवस उद्घाटन अवसर पर महंत बजरंग मुनि महाराज, अभिषेक बेबी गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद, सत्य प्रकाश मिश्रा नि वर्तमान अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी, भगवती गुप्ता व्यापार मंडल सीतापुर के कर कमल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आये हुए सभी अतिथियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बजरंगबली महाराज ने कहा कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आए हुए कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करता हूं। आशीर्वाद देता है कार्यक्रम को अभिषेक बेबी गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा नगर पालिका परिषद खैराबाद में विशाल कार्यक्रम में आप सब लोगों का सहयोग रहा है आप सभी लोगों को आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्य प्रकाश मिश्रा नि अध्यक्ष डीसीडीएफ सीतापुर ने कार्यक्रम में पधारे हजारों लोगों खैराबाद क्षेत्र में महंत जी के द्वारा हिंदू धर्म को जगाने का काम किया है। आप सब लोग महाराज जी के बताए रास्ते पर चले। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी सीतापुर ने कहा खैराबाद में संपूर्ण हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम महंत जी ने किया है। हिंदू धर्म का झंडा फहराने का काम महंत जी ने किया है। संपूर्ण हिंदू समाज महंत जी का ऋणी है। मंच से सभी लोगों का आवाहन करते हुए सभी लोगों से यह कहा कि आप सब लोग संकल्प लेकर जाएंगे। जब भी हिंदू समाज की कोई बात आएगी तो हम सब लोग एक साथ नजर आएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवती गुप्ता व्यापार मंडल ने कहा कि महाराज जी के द्वारा हिंदू समाज में एक नई ऊर्जा भरने का काम महंत जी के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन पियूष मिश्रा के द्वारा किया गया।

संक्षेप

## बजाज पल्सर खरीदी, रुपये मांगने पर धमकाया

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा पारसनाथ कालोनी निवासी सतीश जैन पुत्र निर्मल कुमार जैन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह आनन्द ऑटो मोबाइल्स के प्रोपराइटर है। बताया कि 6 नवम्बर गुरूवार को अपराह्न 3.30 बजे नई बस्ती निवासी ऋषि सरदार पुत्र रानू सरदार उसकी दुकान पर आया। जब उसने ऋषि सरदार से गाड़ी के रुपये मांगे तो उसने गालियां देते हुये बार-बार परेशान न करने की बात कही। गालियां देने से मना करने पर वह मारपीट पर भी आमादा होकर जान से मारने की धमकी दी। किसी प्रकार कर्मचारियों ने उसका बचाव किया। आरोप है कि उक्त ऋषि सरदार आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

पीड़ित ने बताया कि उसने 6 सितम्बर को बजाज पल्सर 1 लाख 35 हजार 718 रुपये में ऋषि सरदार के रिश्तेदार म.प्र. की राजधानी भोपाल के टी.टी.नगर हुजूर निवासी शैलेश सिंह परमार पुत्र वीरसिंह परमार को दिलायी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ऋषि सरदार के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बानपुर पुलिस ने इनामी बदमाश को दबोचा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस ने मु.अ.सं. 192/2025 धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 61(2), 316, 317 बीएनएस में 25 हजार रुपये के इनामियां बदमाश मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनवाहा निवासी गोकुल पुत्र स्व.छुन्द्रा अहिरवार को हिरासत में लिया गया है।

बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी, उ.नि.दिगविजय सिंह, उ.नि. ललित उज्जवल, का. मनीष कुमार, का.कनिष्क बघेल आदि शामिल रहे।

## किसान की कुंए में गिरने से मौत

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अन्तर्गत ग्राम ऐरा निवासी किसान की खेत पर काम करते समय कुंए में गिरने से घायल हो गया।

घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान किसान को मृत घोषित कर दिया।

# आयुक्त, डीआईजी ने सुनीं समस्याएं, दिए निर्देंश



**बांदा।** बदौसा कस्बे में आयोजित थाना दिवस में मंडलायुक्त अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने लोगों की समस्याओं को सुना। आयुक्त ने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होने उप जिलाधिकारी अतर्रा को निर्देश दिए कि निस्तारित शिकायतों की पूर्ण आख्या मंडल कार्यालय को समयबद्ध तरीके से भेजी जाए।

- स्वास्थ्य व खाद वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

उन्होने निर्देश दिए कि भूमि विवाद संबंधी मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवादों का तथ्यात्मक एवं न्यायसंगत समाधान करें। कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को समस्या समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े इसलिए फील्ड स्तर पर संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली अपनाई जाए। इसके बाद मण्डलायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदौसा का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान चिकित्सक दीपक द्विवेदी अनुपस्थित मिले, जिस पर आयुक्त ने सीएमओ को चिकित्सक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने मंडी समिति के खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान लगभग 200 किसान खाद के लिए लाइन में खड़े मिले। केंद्र प्रभारी बताया कि केंद्र पर 500 बोरी खाद उपलब्ध है, जिसे टोकन व्यवस्था के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। आयुक्त ने नायब तहसीलदार अतर्रा को पुलिस विभाग के सहयोग से किसानों को नियमानुसार खाद वितरित करने के निर्देश दिए।

## मिलीं 66 शिकायतें , 23 निस्तारित

**बांदा।** शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस पर जनपद में कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 23 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया। थाना बिसंडा में जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने लोगों की शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें राजस्व से संबंधित मिलीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश डीएम, एसपी ने पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को दिए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने राजस्व टीम के साथ कोतवाली नगर में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। इस दौरान कुछ पारिवारिक विवादों की शिकायतें मिलीं। उन्होने प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देश दिए कि दोनों पक्षों को बुलाकर निस्तारण कराएं और निस्तारण न होने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करें।

## जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जायेः डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में थाना हल्दौर पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, थानाध्यक्ष हल्दौर सहित अन्य राजस्व एवं पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को थाना हल्दौर पर जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में इस बात का अनिवार्य रूप से ध्यान रखा जाए कि शिकायतकर्ता निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट भी हो। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा थाना समाधान दिवस कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति डेस्क का भी निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं की समस्यायों के निस्तारण एवं उनको कानूनी सहायता व उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# मिलावटखोर डेयरी संचालक ने किया पत्रकार पर हमला

**ललितपुर।** जिले में खाद्य पदार्थों में लगातार हो रही मिलावट के खिलाफ प्रशासन काफी सख्त बना हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर लोकतंत्र का चैथा स्तम्भ कहलाने वाली मीडिया भी मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान छेड़े हुये है। शुक्रवार को अपराह्न खाद्य विभाग ने कार्यवाही करते हुये सुपर मार्केट स्थित साहू दूध डेयरी का ढ़ाई कुन्तल घी मिलावट के संदेह के चलते जब्त किया था। इसी कार्यवाही को लेकर शनिवार की दोपहर एक समाचार चैनल के संवाददाता संजीव नामदेव साहू दूध डेयरी पर वीडियो फुटेज बनाने के लिए गये हुये थे। यहां दूध डेयरी के संचालक ने जैसे ही कैमरा देखा तो पत्रकार को गालियां देने लगे। गालियां देने से मना करने पर डेयरी संचालक ने अपनी दुकान पर काम कर रहे कर्मचारियों के साथ एकराय होकर पत्रकार पर हमला कर दिया। यहां

- दूध डेयरी संचालक के खिलाफ आक्रोशित हुए पत्रकार
- बुलडोजर से हटाया गया दुकानदार द्वारा किया गया अतिक्रमण



प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो खौल रहे दूध को भी पत्रकार पर फेंकने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी प्रकार पत्रकार वहां से बच निकला, लेकिन पीछा करते हुये दुकान के संचालक विकास साहू ने पत्रकार पर दूध के खाली पतीले से हमला कर दिया, जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला होने के सूचना मिलने पर भारी संख्या में पत्रकार कोतवाली पहुंचे, जहां पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार पर हुये हमले पर विरोध दर्ज कराया।

प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के नेतृत्व में पत्रकारों ने दूध डेयरी संचालक पर कार्यवाही की मांग करते हुये दुकानदार द्वारा नगर पालिका की दुकान लेकर सार्वजनिक रोड व आगे टीन शैड डालकर किये गये अवैध अतिक्रमण को भी हटाने की मांग उठायी। इस पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद एक टीम ने मौके पर जाकर अवैध तरीके से लगाये गये टीन शैड, बनायी गयी दीवाल को तत्काल मौके पर गिरा दिया और बगल की तरफ से लगायी गयी लोहे की एंगिल को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिये गये। पत्रकार पर हुये हमले को लोगों ने निन्दनीय बताया। पत्रकारों का कहना है कि अगर इसी प्रकार कवरेज के दौरान पत्रकारों पर हमले होने लगेंगे तो पत्रकार सच को कैसे सामने लायेंगे। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क, बन रही मुसीबत



**ललितपुर।** नमामि गंगे योजना में अमृत योजना 2.0 के तहत शहर में बिछाई जा रही पाइप लाइन अब लोगों के लिए मुसीबत बनती नजर आ रही हैं। डोडाघाट हवलदार मंदिर के सामने कई दिनों पहले पाइप लाइन डालने के लिए खोदा गया गहरा गड्ढा अब लोगों की खासी मुसीबत बना हुआ है। यह से लोगों को पैदल निकलने में भी भारी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं, खासकर जब कार्य पूरा होने के बाद उनकी मरम्मत ठीक से नहीं की गई है। इससे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई है और दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। ऐसे में मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन से संबंधित विभाग को आदेशित कर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई है। वहीं इस मार्ग पर जलसंस्थान एवं जलनिगम के कार्यालय बने हुये हैं, मार्ग की स्थिति खराब होने के कारण अधिकारी भी तो आसानी से निकल जा रहे हैं, लेकिन कर्मचारी आये दिन कीचड एवं दलदल से सराबोर हो रहे हैं।

- न राहगीर निकल पा रहे न ही संबंधित विभाग के कर्मचारी

## मालिकाना हक मांगने वाले विस्थापितों से मिले प्रमुख सचिव

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** प्रमुख सचिव (राजस्व) रणवीर प्रसाद बीते दिन तहसील धामपुर क्षेत्र के अफजलगढ़ ब्लॉक के कई गांवों के कथित विस्थापित ग्रामीणों से मिले और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी जुटाई।

प्रमुख सचिव (राजस्व) रणवीर प्रसाद ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को प्रभावित गांवों में विस्तृत सर्वे कराए जाने को भी निर्देशित किया। जनपद के तहसील धामपुर व तहसील नगीना क्षेत्रांतर्गत कई गांवों में निवास करते कथित विस्थापित लोगों को उनके कब्जे वाली भूमि का मालिकाना हक दिए जाने की वर्षों पूर्व से मांग चली आ रही है।

इस संबंध में कथित विस्थापित लोगों की इस समस्या की गूंज लखनऊ तक पहुंची तो मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य के प्रमुख सचिव (राजस्व) रणवीर प्रसाद को बिजनौर भेजकर समस्या को बारीकी से जांचने-परखने के लिए भेजा। प्रमुख सचिव (राजस्व) रणवीर प्रसाद गुरुवार को जनपद में आए और दोनों तहसीलों के संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और रिकॉर्ड का अवलोकन किया। शुक्रवार को प्रमुख सचिव अधिकारियों के अमले के साथ तहसील धामपुर क्षेत्रांतर्गत अफजलगढ़ ब्लॉक के ग्राम मधपुरी पहुंचे जहां उन्होंने कथित विस्थापित लोगों की भूमि संबंधित समस्याओं को सुना और कई जगह मौके का मुआयना भी किया। प्रमुख सचिव ने बाद में कालागढ़ स्थित गेस्ट हाउस में क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा, छजमलवाला आदि गांवों के कथित विस्थापित लोगों से इस बाबत जानकारी हासिल की और कई बिंदुओं पर विस्तार से बातचीत की। प्रमुख सचिव ने मौके पर मौजूद जिलाधिकारी जसजीत कौर को प्रभावित गांवों का विस्तृत सर्वे कराए जाने को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सर्वे उपरांत शासन स्तर पर संबंधित बिंदुओं के परिपेक्ष्य में अग्रेत्तर निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर व उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा सहित क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह, ग्राम प्रधानपति फतेहपुर धारा सुखविंदर सिंह, ग्राम प्रधान कालूवाला अमरीक सिंह, ग्राम प्रधान छजमलवाला महेंद्र सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह सहित अनेक संबंधित अधिकारी एवं क्षेत्रीय नेता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाघ सम्भावित स्थान पर वन विभाग की ओर से लगाया गया ट्रैप कैमरा



**अफजलगढ़, बिजनौर।** बाघ की तलाश में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गांव मोहम्मदपुर राजौरी में चैथे दिन भी कांबिंग करते रहे। बाघ जिस स्थान पर नजर आया था वहां एक मचान बनाने की तैयारी की जा रही है ताकि मचान से बाघ पर नजर रखते हुए उसे विशेषज्ञ द्वारा ट्रैंकुलाइज किया जा सके।

अफजलगढ के गांव मोहम्मदपुर राजौरी के जिस क्षेत्र में बाघ जिस स्थान पर दिखाई दिया था वन विभाग की ओर से वहां गड्ढों को बंद कराकर ट्रैप कैमरे लगाए गए। वहां आसपास स्थान चिह्नित कर मचान बनाया जाएगा। नगीना रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया संभावित स्थान पर ट्रैप कैमरे लगवाए गए हैं तथा ड्रोन कैमरे से सर्च कराया गया है। उन्होंने बताया की गड्ढों को समतल कराया जा रहा है ताकि ट्रैंकुलाइज होने के बाद बाघ गड्ढों में न जा पाए।

## सदर विधायक की पत्नी की मौत से शोक में डूबा महोबा जनपद



**महोबा।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश गोस्वामी की धर्मपत्नी गायत्री गोस्वामी का शुक्रवार के दिन दुखद निधन हो गया। जैसे ही यह समाचार प्राप्त हुआ, समस्त भाजपा परिवार, महोबा जनपद एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता सहित पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारियों, कार्यकताओं तथा जनप्रतिनिधियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दुखद घड़ी में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, व्यापारियों, पत्रकारों एवं अधिकारियों ने बड़ी संख्या में उनके चरखारी स्थित आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को सांत्वना दी। दाह संस्कार का कार्यक्रम 8 नवम्बर 2025 को उनके चरखारी स्थित मुस्कुरा रोड पर निजी मोक्षधाम में संपन्न किया गया।

# हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शाइनिंग हॉकी क्लब ने शताब्दी समारोह टूर्नामेंट मनाया



जिला संवाददाता

**नगीना, बिजनौर।** भारतीय हॉकी को सौ वर्ष पूर्ण होने पर शाइनिंग हॉकी क्लब के तत्वावधान में हॉकी शताब्दी समारोह टूर्नामेंट के साथ मनाया गया। इस टूर्नामेंट में स्कूली बच्चियों ने भी हिस्सा लिया। एम एम इंटर कॉलेज के मैदान में शाइनिंग गर्ल्स टीम व एमएम इंटर कॉलेज की गर्ल्स टीम के साथ ओल्ड बॉयज के बीच दो शानदार मैच हुए। परिणाम स्वरुप एमएम इंटर कॉलेज गर्ल्स टीम की ओर से सुधा, खुशबू, कनिका, कशिश, हिमांशी, संध्या, रुखसार, रौनक, आगरा, शरफ अंजुम, रिया, रिदा व शाइनिंग गर्ल्स की ओर से शिफा, जिक्रा, अदीबा, लायबा, हिफ्जा, अफीफा, जोया, इल्मा, मायशा, अफशा, सानिया, आफिया, रहनुमा, मुबाशरा, नबिया, अल्फिशा खिलाड़ियों ने भाग लिया, वहीं दूसरी ओर ओल्ड बॉयज शाइनिंग क्लब की ओर से जुबेर जैदी, हसन जावेद, अफसर सिद्दकी, डॉ आदिल, निगार, डॉ शेख नगीनवी, मै0 तारिक, फैजुर्रब, मौ0 दानियाल, मास्टर शहजाद अहमद, अनीस अंसारी, असद कबीर, जगमीत, सतीश शर्मा, मंजूर हसनैन, अमन शम्सी, सुनील कुमार, राजीव कुमार, परवेज आदिल, शाहिद अली गौहर, ने मैत्री मैच खेला। गर्ल्स टीम बराबर रही जबकि शाइनिंग ओल्ड बॉयज में मास्टर शाहिद अली गौहर के गोल ने टीम को विजयी बना दिया। वही मेमोरियल गर्ल्स स्कूल की छात्राओं आफिया, अलीशा, नव्या और अदीन ने चक दे इंडिया पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने पुरस्कार व स्मृति चिन्ह वितरित कर छात्राओं का दिल जीत लिया। चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने अपने सम्बोधन में कहा कि पति मरहूम के हर सपने को पूरा करना उनकी कसम में शामिल है, वह हमेशा से ही नगीना के विकास को आगे बढ़ना और आपसी सौहार्द के हिंदू और मुस्लिम भाइयों के बीच प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा देते थे, यही काम वह और उनके बेटे की प्राथमिकता में शामिल हैं। जबकि बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील ने अपने संबोधन में एमएम इंटर कॉलेज की फील्ड को मिनी स्टेडियम में परिवर्तित करने और खेलों के विकास में अपने तर्कपूर्ण एवं आध्यात्म से भरे भाषण में पूर्ण सहयोग का वचन दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ खां ने अपने शायराना अंदाज में शेख शाहनवाज की जानिब से यह संदेश दिया की मैं इबादतों की तरह यह काम करता हूं, मेरा उसूल है पहले सलाम करता हूं, मुखालफियत से मेरी शख्सियत सवरती है, मैं अपने दुश्मनों का बड़ा एहतराम करता हूं। इस अवसर पर पत्रकार नौशाद अंसारी, वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ खां, डां दाऊद मुल्तानी, जावेद सिद्दीकी एडवोकेट, लाला विनोद अग्रवाल, गौरव गोयल, शेख जमशेद, शददन ठेकेदार, आमिर शबाहत, सुभाष कपूर, ठेकेदार जुबेर जैदी, सैयद एजाज अहमद, अरिंजय जैन, हाजी तंजील आलम, सभासद गोपाल शर्मा, राशिद, जहीर अनवर, फरीद खान एडवोकेट, अमन सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## जिले में पहुंची डीएपी की रैक, वितरण शुरू

बांदा। जिले में इफ्को डीएपी की रैक पहुंच गयी जिसे उर्वरक बिक्री केंद्रों को भेज दिया गया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अंसल कुमार ने बताया कि मंडी समिति के तीनों केंद्र पीसीएफ, डीसीडीएफ, केंद्रीय उपभोक्ता भंडार, बी-पैक्स गड़रिया, बी-पैक्स तिंदवारी उत्तरी, रामपुर, बी-पैक्स खुरहंड, बदौसा, बिसण्डा, ओरन, निवाइच, गोखिया, नरैनी, गिरवां व अन्य कई सहकारी बिक्री केन्द्रों से उर्वरक डीएपी, एनपीएस, यूरिया का वितरण नियमानुसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जनपद में फास्फेटिक उर्वरक का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है।

## केवल दोपहिया वाहन चालकों के जुर्माने तक सिमट रहा यातायात माह

ललितपुर। यातायात माह नवम्बर चल रहा है। ऐसे में यातायात विभाग द्वारा चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है, लेकिन यह अभियान दोपहिया वाहनों तक ही सिमटता नजर आ रहा है। जबकि हैवी वाहनों सहित चार पहिया वाहन धडल्ले से नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिन पर यातायात पुलिस विभाग एवं सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अपनी नजरें ही नहीं गढ़ा रहे हैं। अभी नेशनल हाइवे पर ओवर स्पीड एक ट्रक पलट गया था जिसमें अवैध गांजा पुलिस ने बरामद किया था, ऐसे ही अनेकों वाहन नगर की सड़कों से होकर गुजर रहे हैं, जिनमें अवैध परिवहन काफी मात्रा में शामिल है।

शनिवार को क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चैराहो पर बिना सीटबेल्ट, हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, मोडिफाइड साइलेंसर/प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान, जांच के दौरान 197 वाहनों का एम.वी.एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।

यातायात प्रभारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। अपने वाहन में हूटर/मोडिफाइड साईलेन्सर/मानक के विपरीत तीव्र ध्वनि वाले होर्न का प्रयोग न करें।

## वंदे भारत ट्रेन बुंदेलखण्ड को अहम सौगात



**बांदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से खजुराहो के लिए नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा होकर खजुराहो तक धार्मिक स्थानों से होकर गुजरेगी। शनिवार को 10 बजे से ही वंदे भारत ट्रेन के आगमन के लिए लोग आतुर थे। स्टेशन को पूरी तरह सजाया गया था। इस दौरान स्वागत कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दी गयीं। बांदा से 50 स्कूली बच्चों का जत्था वंदे भारत ट्रेन से खजुराहो के लिए रवाना हुआ। बच्चे खजुराहो घूमने के बाद उसी ट्रेन से वापस लौटेंगे। ट्रेन के यहां पहुंचने पर प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व अन्य जन प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। वंदे भारत एक्सप्रेस 2:06 बजे बांदा पहुंची और 15 मिनट ठहराव के बाद राज्यमंत्री, सदर विधायक, सांसद ने हरी झण्डी दिखाकर खजुराहो के लिए रवाना किया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन बुंदेलखण्ड के लिए अहम सौगात है। उन्होने कहा कि काशी से चलकर खजुराहो पहुंचने वाली ट्रेन से बुंदेलखण्ड में पर्यटन, सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा और इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए जीआरपी थाना प्रभारी शिवबाबू और उनकी टीम पूरी तरह मुस्तैद रही और भीड़ को नियंत्रित करने में लगातार लगे रहे।

## स्मार्ट कार ने जीता विज्ञान मेले में प्रथम पुरस्कार



**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज, ललितपुर में आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम 2025 में राजकीय पालीटेक्निक ललितपुर के सिविल अभियांत्रिकी अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं (रितिक, शिवम सिंह , महिमा, हेमा,एवं प्रगति) द्वारा बनाए गये माडल स्मार्ट कार, ने इनोवेशंस विज्ञान मेले में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं मेकेनिकल अभियांत्रिकी अन्तिम वर्ष के छात्र रामेश्वर द्वारा बनाए गये माडल आफिस रोबोट को द्वितीय पुरुस्कार एवं प्रथम वर्ष की छात्राओं अवनि दुबे, आध्या द्वारा बनाए गये स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं छात्रों का प्रोजेक्ट बनाने में मार्गदर्शन करने वाले अनुज कुमार गुप्ता प्रवक्ता सिविल अभियंत्रण, संस्था प्रधानाचार्य विवेक मेहरोत्रा एवं अन्य समस्त संस्था स्टाफ सदस्यों को सराहनीय सहयोग रहा।

## हसनुद्दीन सिद्दीकी बने सपा के राष्ट्रीय सचिव, जोरदार स्वागत




**बांदा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होने के बाद गृह जनपद बांदा पहुंचे हसनुद्दीन सिद्दीकी का जोरदार स्वागत हुआ। उन्हे सपा का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने की जानकारी मिलते ही सपा खेमें में जोश भर गया। कार्यकर्ता उनके स्वागत की तैयारियों में जुट गये। बांदा पहुंचने के बाद सपा कार्यालय में स्वागत हुआ। पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रीय सचिव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार जताया। उन्होने बताया कि वह 2011 से सपा के सिपाही के रूप में काम कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री विशम्भर निषाद, सांसद कृष्णा पटेल, बबेरू विधायक शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा ओमनारायण त्रिपाठी विदित, प्रवक्ता मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, इमरान अली राजू व अन्य नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर भाजपा की कार्यशाला

**बांदा।** भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर गणेश भवन, रामलीला मैदान में कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की शुरूआत वन्देमातरम् गीत के 150वर्ष पूर्ण होने पर गीत का सामूहिक गायन कर की गयी। कार्यशाला में सदर विधानसभा के चारों मण्डल बांदा नगर उत्तरी, बांदा नगर दक्षिणी, महुआ, बिसण्डा के बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ने, त्रुटिओं को सुधारने तथा लोक तंत्र में जन भागीदारी को और सशक्त बनाने के लिए पार्टी कार्यकताओं को दिशा-निर्देश देना था। मुख्य वक्ताओं में जिला प्रभारी भाजपा रामकिशोर साहू, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पूर्व सांसद आर0के0 सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चैहान, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुशीनगर एक्सप्रेस में यात्री के बैग से सामान चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला संत कबीर नगर के थाना खलीलाबाद अंतर्गत ग्राम सहसरांवमाफी निवासी बिलाल अहमद शेख पुत्र हमीदुल्लाह ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। विगत 7 नवम्बर को 2.20 बजे वह ट्रेन नं. 22537 कुशनगर एक्सप्रेस के कोच नं. ए-1 की बर्थ सं. 1 व 3 पर खलीलाबाद से मुम्बई रेलवे स्टेशन तक की यात्रा कर रहा था। बताया कि कानपुर रेलवे स्टेशन निकलने के बाद उसने देखा कि उसके बैग से लगभग 27 हजार रुपये की नकदी, कान का झाला, मोबाइल इत्यादि सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने यात्री की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

संक्षेप

## काशी के प्रतिभाशाली बच्चों पर गर्व है : मोदी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी के बच्चों की काव्य और कला प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि काशी के सांसद के रूप में उन्हें बहुत गर्व है कि बनारस में इतने प्रतिभाशाली बच्चे हैं। मोदी ने कहा कि बच्चों का एक कवि सम्मेलन आयोजित कराया जाए। उसमें से जो आठ-दस अच्छे बच्चे हों उन्हें देशभर में ले जाकर उनसे काव्य पाठ करवाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि अभी मैं वंदे भारत ट्रेन के अंदर कुछ विद्यार्थियों से बात कर रहा था। मैं (रेल मंत्री) अश्वनी वैष्णव जी को बधाई देता हूं। उन्होंने एक अच्छी परंपरा शुरू की है कि जहां वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ होता है, उस स्थान पर बच्चों के बीच में अलग-अलग विषयों पर प्रतियोगिताएं होती हैं। विकास के संबंध में, भारत के संबंध में, विकसित भारत की कल्पना के चित्रों के संबंध में कविताओं को लेकर प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मोदी ने कहा कि बच्चों ने विकसित भारत, विकसित काशी की जो तस्वीर बनाई थी, जो कविताएं सुनने को मिलीं, काशी का सांसद होने के नाते मुझे इतना गर्व हुआ कि मेरी काशी में इतने होनहार बच्चे हैं। उन्होंने एक विचार साझा करते हुए कहा कि मेरे तो मन में विचार आया है कि एक बार यहां इन बच्चों का कवि सम्मेलन करें और उसमें से जो आठ-दस बच्चों को देशभर में ले जाएं। उनसे कविता करवाएं। मुझे बहुत सुखद अनुभव हुआ। मैं इन बच्चों का हृदय से बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।

## ग्रामीण इलाकों में पाहुर का जोड़ नहीं

जौनपुर। जनपद के ग्रामीण इलाकों में आज भी पाहुर बदले दौर में सामूहिकता की अलख जगाने में बेजोड़ है। इसे कहीं पाहुर तो कहीं बायना बोलते हैं।शादी विवाह का सिलसिला अब चल चुका है ऐसे में ग्रामीण इलाकों में आये दिन किसी न किसी न किसी घर से पाहुर बांटने के लिए नाउन,कहाइन दउरी में लड्डू,खाजा,बताशा,मीठी पूड़ी या खोये छेने की बनी मिठाईयों को लेकर घर-घर दस्तक देना शुरू कर दी हैं। किसी मांगलिक कार्य के होने पर रिश्तेदारी से मिठाइयों और फलों की पूरी टोकरी आ जा रही है।इसे अकेले अपना ही परिवार खा सके यह सम्भव नहीं और कृषि प्रधान ग्रामीण समाज पास-पड़ोसियों को भी इसे न खिलाये यह भी सम्भव नहीं। शहरों में शायद ही कहीं इस प्रथा की गुंजाइश हो लेकिन गांव तो ठहरे गांव यहां आज भी बायना न बटे ऐसा कैसे हो सकता है ? सोशल मीडिया के जमाने में जहां खुशियां केवल आभासी दुनिया में बांटी जाती हैं ऐसे में पाहुर खुशियों को बांटने बंटवाने का आफ लाइन माध्यम बना हुआ है। सर पर दउरी रखकर जैसे ही कहाइन घर में प्रवेश करती है बच्चें खिलखिलाते हुए कहाइन का जोरदार स्वागत करते हैं।यह विकास खंड मछलीशहर के बामी गांव का दृश्य है जहां शनिवार की शाम बच्चे पाहुर पाते ही खाने में जुट गए हैं और किसके घर से पाहुर आया है इसकी पूरी इन्क्वायरी कर रहे हैं।कहाइन सुनीता गौड़ कहती हैं कि पाहुर जो बटवाता है वह भी भेट के रूप में कुछ न कुछ देता ही है और जिसके घर लेकर जाती हूं वहां से भी कुछ न कुछ अनाज मिल जाता है।पाहुर की यह परम्परा सम्बन्धों की मिठास बढ़ाती ही है साथ में कहाइन घर- घर का हाल समाचार भी बताती जाती है।

# भाजपा की सरकार ने माफिया और गुंडाराज को किया खत्म : भूपेश



सोनभद्र। सदर विधानसभा क्षेत्र के पटना शिव मंदिर परिसर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश में माफिया और गुंडाराज को पुरी तरह से समाप्त किया है, देश और प्रदेश के हो रहे विकास से विपक्षी राजनैतिक दलों को जलन हो रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा कराया जा रहे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम पर फोकस करते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि मतदाता सूचियां समय-समय पर संशोधित होती रही हैं यह प्रक्रिया लंबे समय से जारी है उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जो गलत तरीके से कहीं मतदाता बन बैठे हैं उनका नाम किसी भी सूरत में मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए, यही इसका विशेष प्रयोजन है यह कार्य संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है, विपक्ष के लोग जहां चुनाव हार जाते हैं वहां उन्हें वोट चोरी नजर आती है, जबकि देश में ऐसा कहीं कुछ भी नहीं है, विपक्षों की लुटिया मतदाताओं ने डुबो दी है इससे खार खाकर विपक्षी अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहे हैं। विधायक श्री चौबे ने कहा कि देश व प्रदेश में विकास की गति तेज है। इसके पीछे प्रमुख कारण यह है कि पहले लोगों को गुंडों माफियाओं का डर सताता था। बड़े-बड़े पूंजीपति उद्योगपति उत्तर प्रदेश समिति कई राज्यों में उद्योग लगाने से डरते थे, आज गुंडाराज व माफिया राज समाप्त हो चुका है अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे लोग समाप्त हो चुके हैं भूपेश चौबे ने कहा कि हर कार्यकर्ता हर पदाधिकारी अपने-अपने बूथ पर सजग व सावधान रहे, विपक्षी अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं यदि कार्यकर्ता सक्रिय रहा तो विपक्ष की कोई दाल गलने वाली नहीं है पार्टी कार्यकताओं को पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने भी भाजपा की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए, इस मौके पर उन्होंने बूथ लेवल के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सक्रिय रहे और यह देखें की कोई भी फर्जी नाम जुड़ने ना पाए और किसी भी मतदाता का जो उसे मतदान केंद्र का है उसका नाम कटने न पाए। पार्टी कार्यकर्ताओं को पदाधिकारीयो को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने भी भाजपा की मजबूती के लिए कार्यकताओं को कई टिप्स दिए। कार्यक्रम शुक्रवार देर शाम तक चला, सुबह से ही पटना शिव मंदिर परिसर में भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नगवा आलोक सिंह संतोष शुक्ला अनिल सिंह चतरा मंडल के अध्यक्ष जोगेंद्र प्रसाद बिंद पूर्व अध्यक्ष राज बहादुर सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीओ सिटी ने सुनी फरियादियों की समस्या

सोनभद्र। जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार द्वारा थाना चोपन पर आयोजित समाधान दिवस में उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई।

तत्क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी द्वारा थाना पन्नूगंज में आयोजित समाधान दिवस में जनता की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देश दिए गए कि भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी समस्त प्रकरणों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। इसी क्रम में सिटी सीओ रणधीर मिश्रा ने सदर कोतवाली में सदर तहसीलदार अमित सिंह द्वारा आए फरियादियों का फरियाद सुनी गई एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जनपद के सभी थानों पर कुल 99 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से पुलिस से संबंधित 12, राजस्व से संबंधित 87 शामिल रहे। कुल 10 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु 12 संयुक्त टीमें गठित की गई हैं।

## बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी

सोनभद्र। 30वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व विशिष्ट अतिथि सदर विधायक भूपेश चैबे रहे। कार्यक्रम का आरम्भ माता सरस्वती जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात झंडारोहण किया गया।

अतिथियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई। वन्दे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर क्रीड़ा प्रांगण में लगभग 1000 की संख्या में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों व बच्चों द्वारा वंदे मातरम्गीत का सामूहिक गान किया गया। मशाल धावक मशाल लेकर पूरे क्रीड़ा क्षेत्र कि परिक्रमा किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया पूरे जनपद के 10 विकास खण्ड के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित किया गया, 100 मीटर दौड़ को अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर खेल प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर मंच का संचालन अमित कुमार पाण्डेय व आनंद त्रिपाठी व आनंद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा किया गया। रंगोली टीम चोपन और राबर्ट्सगंज द्वारा सुंदर रंगोली का निर्माण किया गया। रंगोली टीम का अवलोकन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बच्चों को खेल भावना से जोड़ते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रकट की गई। सदर विधायक द्वारा बच्चो के खेल के प्रति उनको उत्साहित करते हुए विभिन्न प्रतियोगिता के बारे में ध्यान केंद्रित कराते हुए उनको खेल भावना से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए भविष्य में होने वाले सभी खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जनपद का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। अभिलेख का कार्य आशीष निरंजन व उनके सहयोगियों द्वारा तैयार किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, उनकी टीम, व्यायाम शिक्षक और निर्णायक मंडल के लोग सम्मिलित रहे। इस अवसर पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सभी शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं उनके सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी लोगो द्वारा अपने अपने ब्लॉक के बच्चों को समय से भोजन और आवास कि सुविधा का बीच बीच मे अवलोकन करते हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करते हुए राकेश पाण्डेय, अरविन्द पटेल, महेन्द्र मौर्य, बृजेश सिंह, धनंजय सिंह, सुनील सिंह, विश्वजीत सिंह, लोकेश मिश्रा।

## नाबालिग छात्रा से बलात्कार के दोषी शिक्षक को उम्रकैद

कुशीनगर। जिले की एक अदालत ने एक शिक्षक को नाबालिग छात्रा से बलात्कार का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 5.25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष शासकीय अधिवक्ता (पॉक्सो अधिनियम) फूलबदन ने बताया कि आरोपी मैनुद्दीन अंसारी (56), जो उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का पूर्व जिला उपाध्यक्ष भी था, को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) दिनेश कुमार की अदालत ने बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया। वकील ने कहा कि अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास और 5.25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की 80 प्रतिशत राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में दी जाएगी। कसया थाने में आठ अप्रैल, 2025 को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, इंटर कॉलेज की एक नाबालिग छात्रा को शिक्षक मैनुद्दीन अंसारी ने पानी पिलाने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर उसके साथ बलात्कार किया। आरोपित ने घटना का वीडियो भी बनाया और छात्रा को किसी को बताने पर जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी।

## बरेली हिंसा : तौकीर रजा समेत छह आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

बरेली। स्थानीय अदालत ने आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर 26 सितंबर को हुई हिंसा के मामले में आरोपी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत छह आरोपियों की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इन सभी पर गत 26 सितंबर को बरेली शहर में पुलिस पर पथराव, गोलीबारी और तेजाब से हमला करने का आरोप है। छह आरोपियों में से दो बिहार के पूर्णिया जिले के निवासी हैं। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता महेश पाठक ने शनिवार को बताया कि 26 सितंबर को शहर में लागू निषेधाज्ञा के बावजूद मौलाना तौकीर रजा ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से इस्लामिया मैदान में इकट्ठा होने का आह्वान किया था। पुलिस के हस्तक्षेप करने पर भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया।

पाठक ने बताया कि दंगाइयों ने अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के गनर की राइफल और पुलिस जीप से एक वायरलेस सेट भी चुरा लिया। इस सिलसिले में कोतवाली, बारादरी, प्रेमनगर, कैंट और किला थानों में 10 मामले दर्ज किये गये। इन मामलों में 125 से ज्यादा नामजद और 2500 से अधिक अज्ञात आरोपी हैं। मामले के प्रमुख आरोपी मौलाना तौकीर रजा वर्तमान में फतेहगढ़ जेल में बंद हैं। अन्य आरोपी बरेली जेल में हैं। पाठक ने यह भी बताया कि मौलाना तौकीर रजा के वकील ने बारादरी थाना क्षेत्र के श्यामगंज में हुई हिंसा के मामले में जमानत याचिका दायर की है। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला की अदालत में इस अर्जी पर सुनवाई हुई जहां मौलाना तौकीर रजा, फैजान सकलानी, तकीम और मुनीर इदरीशी (सभी बरेली जिले के निवासी) और बिहार के पूर्णिया जिले के निवासी हरमन और नेमतुल्लाह की जमानत याचिका खारिज कर दी गई। रजा 27 सितंबर से फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में बंद हैं। उन्हें घटना के सिलसिले में शहर भर के विभिन्न थानों में दर्ज 10 में से सात मुकदमों में आरोपी बनाया गया था, जबकि जांच के दौरान शेष तीन मुकदमों में भी उनका नाम जोड़ा गया।

## सीएम के आगमन को लेकर जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों संग की बैठक

सोनभद्र। भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर चोपन के रेलवे ग्राउण्ड में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन को लेकर जनजाति मोर्चा कि बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़, जीत सिंह खरवार, अनिल सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री हर वर्ष 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिवस देश के जनजातीय समुदाय के बलिदान, संघर्ष और योगदान को सम्मान देने का प्रतीक है। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरे देश में मनाई जायेगी। भगवान बिरसा मुंडा का शौर्य और संघर्ष हमें जीवन में साहस की राह दिखाता है। उन्होंने शोषणमुक्त समाज का सपना देखा था। यह योजना विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में बड़ा कदम है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जननायक थे। उन्होंने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल व जमीन को बचाने के लिए जागरूक किया और उन्हें अपने हक

- जनजाति गौरव दिवस पर सीएम के आगमन की तैयारी पर चर्चा

की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। भगवान बिरसा मुंडा ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। कहा कि चोपन के रेलवे ग्राउण्ड में जनजाति गौरव दिवस होना सुनिश्चित हुआ है जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगमन हो रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने किया। इस मौके पर जीत सिंह खरवार, शारदा खरवार, सुषमा गोंड़, रामविचार गोंड, अमरेश चेरो, नागेश्वर गोड़, रामलाल अगरिया, अमरेश चेरो, अमर पनिका व शंम्भू सिंह गोंड सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कैम्प में 222 दिव्यांग बच्चे उपकरण के लिए चिन्हित



जौनपुर।समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत एलिमको कानपुर द्वारा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय व खण्ड शिक्षा अधिकारी करंजकला श्रवण कुमार यादव की देख रेख में विकास खण्ड करंजाकला में 245 बच्चों का मापन हुआ जिसमें 222 बच्चों को उपकरण के लिए चिन्हित किया जिला समन्वयक शशिधर उपाध्याय ने बताया कि दिव्यांग बच्चों उपकरण मिलने से उनकी शिक्षा बाधित नहीं होगी दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह विद्यालय आ जा सकते हैं मौके पर एलिम्को कानपुर से, विशेषज्ञ रामानंद पी डी तिवारी के अलावा विकास खण्ड करंजाकला संतोष मिश्रा , दुष्यन्त सिंह, किरण पाण्डेय, सुषमा, और अन्य विकास खण्डों से आए स्पेशल एजुकेटर ज्योति सिंह,प्रमोद कुमार माली, रंगनाथ दुबे, सतीश मौर्या, ऊर्मिला यादव शक्ति सिंह, आनन्द यादव, प्रभात गुप्ता संतोष पांडेय, विमल कुमार, कमलेश यादव, शैलेन्द्र यादव, मनप्रभा, आनन्द तिवारी, सचिन गुप्ता अभिषेक मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कुरीतियों को दूर करने की मिलती है प्रेरणाः डॉ एमके मौर्य

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के टेढ़ा गाँव में तीन दिवसीय नाटक मंचन कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ एम के मौर्य डाइरेक्टर शिवा हॉस्पिटल दुद्धी रहे। उद्घाटन ड्रामा सुहागन सुंदरी ऊर्फ कल्ली कारिंदा स्थानीय कलाकारों द्वारा खेली गई।उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ एम के मौर्य ने कहा कि नाटक मंचन से समाजिक कुरीतियों को दूर करने कि शिक्षा मिलती हैं। नाटक में दो पक्ष होते हैं लेकिन अंत सच की ही जीत होती हैं जबकि असत्य की हार होती हैं। ड्रामा मंचन के संस्थापाक एवं पूर्व प्रधान यदुनाथ प्रसाद यादव ने कहा कि नाटक मंचन एक ऐसी विधा हैं जिसके मंचन के माध्यम से समाज को सही राह दिखायी जाती हैं। इसके माध्यम से ग्रामीण कलाकार भी अपनी कला को निखारते हुए प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी कला का जलवा बिखेरते हैं।उन्होंने कहा कि आज से करीब 58 साल पूर्व इस मंच पर ड्रामा की नींव रखी गई थी जो करीब लगातार आज भी टेढ़ा गाँव मे स्थानीय कलाकारों द्वारा ड्रामा खेलने की परम्परा जारी है। जो गौरव का पल है।उन्होंने उद्घाटन समारोह मे आए हुए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरजू प्रसाद यादव, गिरधारी बैगा, रामदुलारे, सत्यनारायण यादव, अशोक यादव, बृज किशोर यादव, राजकुमार चेरो, संतोष ऋषि,विकास, राजेश, लवकुश सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश यादव एड. ने किया। रविवार को खूनी राजकुमार नाटक का मंचन किया जायेगा।

## साइबर अपराधियों ने सेवानिवृत्त इंजीनियर से ठगे 71 लाख

नोएडा। नोएडा में साइबर अपराधियों ने कथित रूप से शेयर बाजार में निवेश के जरिए मुनाफा का झांसा देकर एक सेवानिवृत्त इंजीनियर से 71 लाख रुपये क ठग लिये। साइबर अपराध थाने ने आज एक कथित महिला ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-78 के 80 वर्षीय राकेश जैन ने शिकायत दर्ज करायी कि इसी साल एक अक्तूबर को सोशल मीडिया पर पूजा नामक एक महिला ने उनसे संपर्क किया और जल्द ही दोनों व्हाट्सऐप के माध्यम से जुड़ गए। गोयल के अनुसार पूजा ने राकेश को शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने की सलाह दी। पूजा ने कहा कि अगर उसके बताए अनुसार निवेश किया जाए तो कम समय में ही दो से तीन गुना तक मुनाफा हो सकता है। इस बीच, जब सेवानिवृत इंजीनियर निवेश करने का विचार कर रहे थे, तभी पूजा ने उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर जोड़ लिया। जैन को व्हाट्सऐप ग्रुप पर ही शेयर ट्रेडिंग का प्रशिक्षण मिलने लगा। अपर पुलिस आयुक्त का कहना है कि ठगों ने जैन को फायर्स एसएनआई नामक ऐप भी डाउनलोड करवा दिया। यह ऐप बेगलुरु स्थित ब्रोकरेज फर्म फायर्स सिक्योरिटी के नाम से मिलता-जुलता था। चूंकि जैन को इस फर्म की पहले से जानकारी थी, ऐसे में उसने महिला की बातों पर यकीन कर लिया। ऐप में कुछ नियम और शर्तें भी थीं, जिसमें ईपीओ में निवेश करने पर छूट की बात थी। पुलिस के मुताबिक, जैन ने रियायत के चक्कर में कुछ आईपीओ में निवेश करना शुरू कर दिया। शुरुआती चरण में निवेश करने पर इंजीनियर को मुनाफा हुआ। उनको मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी दी गई। इसके बाद जैन को यकीन हो गया कि उनका धन सही जगह पर निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने मुनाफे के चक्कर में 10 से अधिक बार में 71 लाख रुपये दिये। अचानक जैन को रुपये की आवश्यकता पड़ गई। ऐसे में उन्होंने मुनाफे समेत रकम निकालने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि ठगों ने जैन को ऋण भी दिया था। ठगों ने जैन से कहा कि विभिन्न करों और ऋण का ब्याज चुकाने के बाद ही रकम निकल सकेगी। बार-बार रुपये वापस करने के लिए कहने पर ठगों ने जैन को ग्रुप से ही बाहर कर दिया। पूजा का नंबर भी बंद आने लगा। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गयी।

## डीएपी का दाम 1800 पार

फतेहपुर।हसवा विकास खंड के नरैनी गांव में निजी दुकान चुन्नी ट्रेडर्स द्वारा डीएपी खाद सरकारी दर से लगभग 400 से 500 रुपये अधिक, 1750 से 1800 रुपये प्रति बोरी के भाव में बेची जा रही है, जो एक वायरल वीडियो में स्पष्ट दिखा। वीडियो में दुकानदार पिंशू मोदनवाल बार-बार रेट कम करने से मना करता है जबकि किसान कीमत कम करने की गुहार लगाते हैं। यूरिया भी सरकारी रेट 266 रुपये के मुकाबले 300 रुपये तक अधिक दाम पर बेचा जा रहा है। स्थानीय किसानों अरविंद सिंह, कुलदीप सिंह पिंटू, कुंदन सिंह ने इस मनमानी किल्लत की निंदा की है और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की हैउत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में डीएपी खाद की कालाबाजारी बढ़ रही है। जैसे हरदोई में 350 बोरी अवैध तरीके से लाई गई डीएपी खाद जब्त की गई, जिसमें खाद नकली होने का भी संदेह है। पकड़े गए आरोपी फरार हैं और मामले की गहरी जांच जारी है, जिससे खाद तस्करी और कालाबाजारी का पूरा नेटवर्क उजागर हो सकेगा। बांदा जिले में भी खाद वितरण व्यवस्था सुधारने के लिए निगरानी तेज की गई है, लेकिन समस्या बनी हुई है।किसानों का आरोप है कि निजी विक्रेता खाद की किल्लत का फायदा उठाकर मनमानी कर रहे हैं और प्रशासन की लापरवाही से यह समस्या जटिल होती जा रही है। प्रशासन ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन खाद की कमी, कालाबाजारी, बढ़ती कीमतें और नकली खाद की बिक्री किसानों की गंभीर चिंता बने हुए हैंइसलिए, नरैनी क्षेत्र में वायरल वीडियो के मामले में भी खाद की कालाबाजारी व्यापक समस्या का ही एक पहलू है। किसानों के हित में इस पर प्रभावी और सख्त प्रशासनिक कार्रवाई आवश्यक है ताकि किल्लत और मनमानी बिक्री पर लगाम लगाई जा सके। इससे किसानों की आर्थिक सुरक्षा और कृषि उत्पादन दोनों बेहतर होंगे।

## डीएम ने की जनपद में संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निमार्णाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं लम्बित हैं। उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। अनारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराये। लापरवाही करने वाली कार्यदायी संस्थाओं एवं ठेकदारों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक, वसूली एवं ब्लैकलिस्टेड किए जाने की कार्यवाही की जाये।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



सोनभद्र। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह द्वारा शनिवार को मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग महिला एवं प्रसूति विभाग एनआरसी सीएनसीयू इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर, ब्लड बैंक, सामान्य वार्ड 1 स्टाप सेंटर का काकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ एस0के0 सिंह अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित रहें। निरीक्षण में एस0के0 सिंह द्वारा बताया गया की आकस्मिकता को देखते हुए 20 बेड का ट्रामा सेंटर शुरू किया गया है, साथ ही अस्पताल परिसर में ही ब्लड बैंक प्रारंभ हो गया है।

ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह जनपद के विभिन्न स्थानों में कैंप लगाकर गतिविधियां संचालित करें, जिससे ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त की आपूर्ति हो सके। जन औषधि केंद्र पर सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में रखी जाएं तथा उनके विक्रय का विवरण भी रखा जाए साथ ही वार्डों में साफ सफाई बनाए रखने, तोलिया बदलने हेतु वार्ड बॉय की उपस्थिति नर्सों द्वारा विभिन्न भर्ती मरीजों से चिकित्सीय सहयोग

- वन स्टाफ सेंटर पर विद्युत व्यवस्था एवं पानी की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित करने के डीएम ने संबंधित को दिए निर्देश

करने और उन्हें हर संभव सहायता दिए जाने के निर्देश दिए गए। जिला अस्पताल में एक अलग परिसर में ओपीडी संचालित हो रही है के संबंध में यह निर्देशित किया गया कि मरीजों की सुविधा के लिए यथा स्थान इस संबंध में बोर्ड लगाया जाए तथा इमरजेंसी भवन के संबंध में भी बोर्ड लगाकर प्रदर्शित किया जाए। चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता तथा उनके मरीजों की सुलभता का भी परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि एसएनसीयू में अनवरत विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक वैकल्पित प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाए।

एनआरसी में मात्र दो बच्चे भर्ती पाए गए उनकी संख्या बढ़ाने हेतु आरबीएस, डीपीओ व आईसीडीएस को निर्देशित किया गया कि गांव में आंगनबाड़ी के माध्यम से अभियान चलाएं, जिससे कुपोषण की समस्या और बच्चों की मृत्यु दर में कमी आए। साथ ही उनका समय से टीकाकरण भी हो सके, इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जाए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला अस्पताल में निर्मित सीसी रोड की गुणवत्ता को ठीक किए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया साथ ही वन स्टाफ सेंटर पर विद्युत व्यवस्था एवं पानी की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित को दिए गए।

## सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा का जवाबी जागरण

सीतापु। माँ दुर्गा जागरण समिति नेरी के तत्वावधान में सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में हुए जवाबी मुकाबले में उरई जालौन की अजय विजय एंड पार्टी और हमीरपुर के दुर्गेश नंदनी एंड पार्टी के बीच मां की भेंटों का मुकाबला हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने पूजन कर दीप प्रज्वलित कर की। एक के बाद एक देवी भजन ने लोगों को देर रात तक बांधे रखा। जवाबी दुर्गा जागरण मुकाबले के बाद देर रात हुई कटपीस कार्यक्रम में दोनों पार्टियों को पांच-पांच मिनट का समय दिया गया। मुकाबला हर पल रोमांचक रहा। जागरण मुकाबला सुनने के लिए आसपास कस्बों और गांवों से भी लोग आये। समिति के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि जवाबी जागरण मुकाबले की परंपरा करीब अठारह साल पुरानी है। इसके माध्यम से नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से परिचित कराकर उनकी ईश्वर के प्रति आस्था को बलवान करने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, चंद्र कुमार मिश्रा, अरुण शुक्ला, नूर हसन, सोनू मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आशा संगिनियों ने किया धरना-प्रदर्शन

### सामान्य कार्य सामान्य वेतन व राज्य कर्मचारी का दर्जा, लंबित भुगतान की मांग

जिला संवाददाता

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर में शनिवार को ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकत्रि कल्याण सेवा समिति के बैनर तले अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपी।

जिलाध्यक्ष मंजू लता मौर्य ने बताया कि 2006 से अब तक 18 वर्षों से हम आशा और (संगिनी फैसिलिटेटर) बहने ने लगातार स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी कार्यो को बखूबी करते आ रहे है। मातृ दर से शिशु मृत्यु दर में हम बहनों ने कमी लाया पोलियों मुक्त भारत हम बहनों ने किया कोविड-19 जैसे महामारी में हम बहनों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने कार्य को ईमानदारी पूर्वक योगदान दिया। फिर भी हम आशा बहनों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया, अन्य प्रदेशों की तरह हमारे उत्तर प्रदेश की समस्त आशा एवं आशा (संगिनी फैसिलिटेटर) एक निश्चित मानदेय/वेतन समस्त कार्यों पर प्रोत्साहन राशि, टीए, डीए प्रदान किया



जाय। हमारी मांगे इस प्रकार-निम्नलिखित है। नियमित मानदेय/निश्चित वेतन दिया जाय और राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाय।, आशाओं का दुर्घटना होने पर (बीस लाख रुपए) का मुआयजा दिया जाय। यदि कारणवश आशा का मृत्यु होती है तो आशा के घर का ही सदस्य के लिए वरियता दिया जाय।, 31 अक्टूबर 2025 तक बहनों का सम्पूर्ण मांगे नहीं मानी गयी तो उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदो में कार्य का बहिष्कार करते हुए अपने-अपने ब्लाक एवं सीएसी पीएसी पर कलमबंद हड़ताल करेगी एवं इसी के साथ पुनः 15 नवम्बर हो दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। 17 नवम्बर को जन्तर-मन्तर पर अपनी मांगो के लेकर प्रदर्शन करेंगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की होगी। इस मौके पर जानकी देवी, अर्चना चौबे, माया देवी, रेखा, राधिका, सुशीला, रीना, चिंता, आशा, अनीता, रूपा, सरिता, शांति सहित अन्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## ग्रामीण इलाकों की सड़कें क्षतिग्रस्त

**अयोध्या।** अमानीगंज विकास खण्ड अंतर्गत क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की सड़कें क्षतिग्रस्त हालत में है और बरसात के बाद तो सड़कों की हालत बदहाल हो चुकी है। ग्रामीणों ने सड़को का निर्माण कार्य कराकर उन्हें राहत देने की मांग की है।रायपाट्टी मेरे चिरैंधा पुर डबल शरदा नहर से ब्रम्ह बाबा पूरे सूबेदार डॉ रविन्द्र नाथ पांडेय के गेट होते हुए पूरे मंगल रायपाट्टी गहनाग, जाने वाली सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।

क्षेत्र का पूरे पाण्डेय तालिया डबल शरदा नहर से जाने का यह सुगम मार्ग नहीं है चक रोक क्षतिग्रस्त होने की वजह से ग्रामीण सतना पुर होकर लंबा चक्कर लगाकर गृहनाग देव मन्दिर रायपाट्टी, रामनगर चैरहा, पहुंच रहे है। लंबे समय से ग्रामीण इस सड़क का निर्माण कार्य कराने की मांग कर रहे है।

अब तो चकरोट पर मिट्टी कम पानी ज्यादा दिखाई देने लगे है। समाजिक कार्यकर्ता चिंतामणि सिंह मनीष ने बताया कि ग्राम पंचायत गहनाग के पूरे सरौली सम्पर्क मार्ग से मैकू से हुए की झोपड़ी से पूर देवी में स्थित प्राथमिक विद्यालय जाने वाली लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क का सड़क निर्माण कराया जाए।

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा देशः प्रतिभा शुक्ला




**अयोध्या।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत शनिवार को प्रदेश सरकार की बाल विकास एवं महिला कल्याण राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने देवकाली स्थित रघुकुल सदन में प्रबुद्ध जनों से संवाद किया। इस अवसर पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में व्यापारी, अधिवक्ता, चिकित्सक, शिक्षक सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। राज्य मंत्री ने उपस्थित जनों को स्वेदशी का संकल्प दिलाया।राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**● आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत राज्य मंत्री ने प्रबुद्ध जनों से किया संवाद**

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक आत्मनिर्भर बने और समाज का हर वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़े। उन्होंने बताया कि महिला कल्याण विभाग की योजनाओं कृ जैसे पोषण अभियान, एक जिला एक उत्पाद योजना और स्वरोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं, जिनसे प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सशक्त भारत के लिए सशक्त समाज जरूरी है। जब हर व्यक्ति अपने श्रम और कौशल से आत्मनिर्भर बनेगा, तभी देश विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या जैसे तीर्थ और सांस्कृतिक शहरों में आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन आंदोलन का रूप देना आवश्यक है। मौके पर व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल, संजय गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, पंकज गुप्ता, अनूप गुप्ता, राकेश मणि त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत जायसवाल, अनिल मिश्रा, चन्द्र प्रकाश, दिव्य प्रकाश तिवारी सहित बडी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र सेमरहना का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच** । ग्राम भरथापुर के विस्थापन के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है।विस्थापन के लिए चयनित ग्राम सेमरहना का जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा निरन्तर भ्रमण कर विस्थापित होने वाले ग्राम भरथपुर के नागरिकों हेतु मूलभूत सुविधाओं जैसे विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्र इत्यादि की उपलब्धता का जायजा लिया जा रहा है।



इसी कड़ी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ ग्राम सेमरहना के प्राथमिक विद्याालय व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद यादव को निर्देश दिया कि ग्राम सेमरहना की जनसंख्या, परिवार, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सहित सरकारी संसाधनों का विवरण भी एकत्र किया जाय। इस अवसर पर अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, विद्युत के रंजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, तहसीलदार धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## टीआरसी लॉ कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन



**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में विधिक साक्षरता दिवस की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इस्टर्न बुक कम्पनी लखनऊ डिप्टी जनरल मैनेजर अरूण कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डिजिटलाइजेशन के युग में विधिक क्षेत्र से सम्बंधित किसी भी प्रकार की सूचना अत्यंत सरल तरीके से एकत्रित की जा सकती हैं। आज के समय में छात्र-छात्राओं के समक्ष मंहगी पुस्तकों को प्राप्त करना सुलभ नहीं है। जिसका समाधान आज ऑनलाइन व्यवस्था से प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए केवल ऑनलाइन उपलब्ध पठन-पाठन की सामग्री को खोजने के तरीकों को सीखने की आवश्यकता है। ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से उच्चतम न्यायालयों एवं उच्च न्यायालयों में लम्बित मामलों एवं निर्णीत वादों को सरल एवं सहज तरीके से देखा जा सकता है।

## प्याज और लहसुन के बीज प्राप्त कर सकते हैं कृषक

**बहराइच** । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी मिशन (यूपीएमआईपी) का संचालन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं ।वित्तीय वर्ष 2025-26 में मसाला क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत प्याज एवं लहसुन का बीज विभाग में वितरण हेतु संस्था द्वारा आपूर्ति कर दी गई है। इच्छुक कृषक पंजीकरण पावती व अन्य दस्तावेज के साथ 11 नवम्बर 2025 को उपस्थित होकर कार्यालय से बीज प्राप्त कर सकते हैं। कृषकों का चयन ह्यह्यप्रथम आवक-प्रथम पावकह्लह्ल वरीयता के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय अथवा योजना प्रभारी, पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने बिना हेलमेट ड्रंक एण्ड ड्राइव, का उल्लंघन करने पर 366 वाहनों का किया चालान



**बाराबंकी।** यातायात माह नवम्बर के तहत बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ड्रंक एण्ड ड्राइव, बिना एचएसआरपी के विरुद्ध यातायात विभाग ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट के 277 सहित कुल 366 चालान किये गये। आज शनिवार को यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने पटेल तिराहा, नाका चैराहा, पल्हरी चैराहा सहित अन्य मार्गो मे बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ड्रंक एण्ड ड्राइव, बिना एचएसआरपी के का उल्लंघन मिलने पर कुल 366 वाहनो का चालान किया। तथा चालको को यातायात नियमो के पालन करने व दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट पहनने को लेकर जागरुक किया।

## एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनायें किसानः डॉ. बिजेन्द्र सिंह

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र बलिया पर कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह का औचक आगमन हुआ। कुलपति ने केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया और वैज्ञानिकों एवं किसानों के साथ विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी ह्लकिसानों की आय बढ़ाने में एकीकृत कृषि प्रणाली का महत्वह्वमें उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि आज के समय में खेती को लाभकारी बनाने के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसान भाई केवल अनाज वाली फसलों पर निर्भर न रहें, बल्कि दलहन, तिलहन, सब्जियों, फलों, मशरूम उत्पादन, केचुआ खाद, पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली पालन, बत्तख पालन तथा मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों को अपनाकर अपनी आमदनी कई गुना बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दो फसलों के बीच खाली खेतों में हरी खाद उगाने से भूमि की उर्वरता बनी रहती है और पर्यावरण का संरक्षण होता है। इससे खेतिहर मजदूरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। कुलपति ने किसानों को दलहनी फसलों में कीट प्रबंधन के लिए ग्रीष्मकालीन जुताई, फसल चक्र अपनाने, फेरोमोन ट्रैप, ट्राइकोग्रामा कार्ड, ट्रैप क्रॉप (फसल की सीमाओं पर गेंदा उगाना) और जैविक कीट नियंत्रण जैसी तकनीकों की जानकारी दी।

# अयोध्या के सतत विकास का चल रहा दौर : गिरीशपति त्रिपाठी




**अयोध्या।** जानकी महल ट्रस्ट स्थित सभागार में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राज्य स्तरीय सम्मेलन में देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन अयोध्या नगर निगम महापौर महंत गिरिशपति त्रिपाठी ने किया और कहा आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि हमारे अयोध्या में उत्तर प्रदेश के मूर्धन्य विद्वान पत्रकारों का सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के पूरे प्रदेश से आए सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या बदल रही है 2022 में प्रभु श्री राम अपने जन्म स्थान पर विराजमान हो गए, अयोध्या के सतत विकास का दौर चल रहा है, सभी पत्रकारों से अनुरोध है कि अयोध्या आए अयोध्या में ऐसे और कार्यक्रम करें, जिससे अयोध्या के विकास का अवलोकन पूरे प्रदेश और राष्ट्र के पत्रकार करेंगे और इसकी सकारात्मक छवि पूरे विश्व में जाएगी जिससे अयोध्या में श्रद्धालु पर्यटक के रूप में आएंगे और यहां के युवाओं को रोजगार का एक नया आयाम प्राप्त होगा।

**● सांस्कृतिक कार्यक्रम का महापौर ने किया उद्घाटन**

गिरिशपति त्रिपाठी का स्वागत यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, स्वागत समिति के अध्यक्ष शिवशरण सिंह व अयोध्या मंडल के अध्यक्ष पवन पाण्डेय, मथुरा के जिलाध्यक्ष मनवीर सिंह चैहान, सूर्य नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर शिवशरण सिंह ने कहा की अयोध्या की प्राथमिक आवश्यकता महापौर की जिम्मेदारी होती है और धीरे-धीरे अयोध्या अपने सभी प्राथमिक आवश्यकताओं को पूर्ण कर रही है निश्चित रूप से इसके विकास में महापौर का बड़ा योगदान होता है और वह अयोध्या में दिखाई दे रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन में आए सभी पत्रकारों का आभार प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी साहब ने किया। उन्होंने अयोध्या के जिला कमेटी और मंडल कमेटी के सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से दो दिवसीय सम्मेलन सकुशल संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री देवराज सिंह, अविनाश शुक्ला, मुकुल मिश्रा, अनूप कुमार सिंह , शिव नरेश सिंह , महिमा तिवारी, नीलम सिंह , उग्रसेन मिश्रा, सूर्यनारायण सिंह समेत बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## घर से दवा लेने निकले युवक का मिला शव



**बहराइच** ।जिले के रिसिया थाना क्षेत्र में घर से दवा लाने के लिए गया युवक वापस नहीं लौटा पूरी रात परिजनों ने उसकी तलाश की ।शनिवार को ग्राम में स्थित एक बंद पड़े मकान के पास उसका शव मिलने से सनसनी फैल गई ।रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे , जानकारी पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुटी हुई है ।युवक शुक्रवार को ही मुंबई से वापस लौटा था । रिसिया इलाके में स्थित विशुनापुर ग्राम के रहने वाले ग्रामीण साबिर का बेटा मैनुद्दीन उम्र 25 वर्ष चार माह से मुंबई में रहकर मजदूरी करता था ।शुक्रवार को अपने घर पहुंचा , जिसके बाद शाम को बाइक से दवा लेने के लिए निकला लेकिन वापस नहीं लौटा परिजन उसकी तलाश कर रहे थे ।तभी शनिवार को ग्रामीणों ने ग्राम में काफी समय से बंद पड़े मकान के सामने उसका शव देखा जिसके बाद हड़कंप मच गया ।जानकारी पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे ।सूचना पर रिसिया पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की जानकारी ली ।मृतक की तीन वर्ष पहले शादी हुई थी उसकी एक डेढ़ साल की बेटी है ।थाना प्रभारी करुणाकर पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच की जा रही है ।रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा ।

# चोरी के 3 मुकदमों का अनावरण, 3 गिरफ्तार



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा पूर्व से वांछित अभियुकों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष श्री मदनलाल के कुशल नेतृत्व में गठित टीम व०उ०नि० शैलेन्द्र कुमार यादव मय हमराह उ०नि० संजीव चौहान, उ0नि0 दुर्गेश कुमार वर्मा, उ०नि० रामप्रवेश यादव व हे०का० जयसिंह, हे०का० ओमनाथ पटेल, हे०का० भगवान दास यादव, का० आशुतोष कुमार, का० राजकुमार गौतम व का० सत्यानन्द यादव के द्वारा मुखबिर खास की सूचना प्राप्त हुई कि 03 संदिग्ध व्यक्ति कुछ सामान के साथ वलवापुर चौराहे से बहराइच की तरफ जा रहे है सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा अकिलापुर चौराहे के पास से अभियुक्तगण 1.सय्यद अली उर्फ कन्हैया पुत्र वारिस अली उम्र करीब 28 वर्ष निवासी नउवन टेपरी दा० खसहा मोहम्मद पुर थाना रामगाँव जनपद बहराइच, 2. नफीस अली पुत्र भोगल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी नउवन टेपरी दा खसहा मौहम्मद पुर थाना रामगांव जनपद बहराइच, 3. अहमद अली पुत्र दुबरी उम्र करीब 20 वर्ष निवासी बर्दही बाजार थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को 35 अदद मोबाइल फोन व एक बण्डल बिजली का तार, 01 अदद बैट्रा, 20 अदद नट बोल्ट 09 अदद हुक, 04 अदद लोहे की कील, 01 अदद सीलिंग पंखा सेट. 01 अदद सबरी, 01 अदद रुखानी, 01 अदद हथौड़ी, 02 अदद प्लास, 01 अदद कटर लोहे की, 01 अदद लोहे की राड छोटा, 08 अदद बड़ी चाभी, 01 अदद विभिन्न चाभियों का गुच्छा, 2000 रुपये नगद व 01 अदद मोटरसाइकिल के साथ समय करीब 05.25 बजे गिरफ्तार किया गया।

## थाना समाधान दिवस संपन्न, आये 10 मामले

सोहावल-अयोध्या। रौनक थाना में थाना समाधान दिवस के अवसर पर कल कल 10 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें एक भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका सभी मामले राजस्व से संबंधित रहे। शनिवार को एस आई आलोक कुमार की देखरेख में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें राजस्व से संबंधित 10 शिकायतें आईं। मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायती पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित को सौंपा गया। इस मौके पर चैकी प्रभारी ड्योढ़ी बाजार देवेन्द्र नाथ राय, सत्तीचैरा चैकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, एस आई कमल सिंह तहसील के राजस्व कर्मी हेड कांस्टेबल बालेंद्र सिंह दीवान विवेकानंद महिला कांस्टेबल संजू यादव सहित रौनाही पुलिस बल मौजूद रहा।

## बाल संस्कार केंद्र में बच्चों को बांटा गर्म कपड़ा



**अयोध्या।** ठंड के मौसम की शुरूआत को देखते हुए दि आयुष्मान फाउंडेशन की ओर से संचालित अयोध्या बाल संस्कार केंद्र में अध्ययनरत बच्चों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को टोपी, मोजे और टी-शर्ट वितरित किए गए।इस अवसर पर वृद्धा आश्रम के संचालक अमरेश चंद्र मिश्रा, डा. मनीष राय भट्ट और फार्मासिस्ट प्रदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए और ठंड से बचाव के उपायों की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान पवन पटेल ने सभी अतिथियों का पटका पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर केंद्र की संचालिका इति सोनकर और अनीता भी मौजूद रहीं। बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अमरेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को सहयोग प्रदान कर उन्हें सर्दी से सुरक्षा देना था।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना नानपारा, थाना कैसरगंज, थाना रुपईडीहा, थाना दरगाह शरीफ, थाना हुजूरपुर, थाना जरवल रोड व अन्य थानों में मिशन शक्ति टीम द्वारा भ्रमण कर व चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।महिला सुरक्षाः महिलाओं पर हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया गया।टोल फ्री नंबरः महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 आदि और साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई।सरकारी योजनाएंः उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।साथ ही मानव तस्करी / बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी तथा संबंधित को बताया गया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है । अंत में महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल तरीके तथा खतरनाक परिस्थितियों से बचने के उपाय भी साझा किए गए ।

## अमौनी मठ पूरे देश में चर्चितः दयानंद शुक्ला

मवई-अयोध्या। कांग्रेस नेता तथा आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने विकास खंड मवई के ग्राम अमौनी के मठ महंत सत्य भारती जी महराज से मिलकर कर उनका आशीर्वाद किया तथा मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करके मुल्क की तरक्की व समाज में भाईचारा कायम रखने की प्रार्थना की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमौनी मठ की चर्चा अब जिले से निकल कर पूरे प्रदेश में हो रही है जिस प्रकार कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार रिकॉर्ड भीड़ देखने को मिली है आने वाले समय में इसकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली है। दयानंद शुक्ला ने अमौनी मठ के महन्त सत्यभारती महाराज की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाराज जी के कुशल दिशा निर्देश में आज अमौनी धाम पूरे देश में चर्चित है। महाराज जी के नेतृत्व में आए दिन अमौनी मठ में धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं।

श्री शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सर्व समाज में सदभाव और भाईचारे का माहौल बनता है।उन्होंने कहा कि आज अमौनी मठ के आस पास जो विकास कार्य हुए हैं वह श्री सत्य भारती जी महाराज के प्रयास का ही प्रतिफल है।

# हथकरघा क्लस्टर स्थापित करेगा वस्त्र मंत्रालय



**अयोध्या।** जनपद के विकासखंड अमानीगंज अंतर्गत पूरे दल में हथकरघा क्लस्टर स्थापित करेगा वस्त्र मंत्रालय। यह बातें एकदिवसीय जागरूकता शिविर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुनकर सेवा केंद्र के उपनिदेशक अशोक कुमार वर्मा ने कही। वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्य करने वाली संस्था बुनकर सेवा केंद्र ,वाराणसी द्वारा अयोध्या जनपद के अमानीगंज विकास खंड में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुनकर सेवा केंद्र के उपनिदेशक अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि जनपद में शीघ्र ही एक बुनाई का कलस्टर स्थापित किया जाएगा ।

**● अपने घरों पर ही चूल्हा चैका से बचे हुए समय में अपनी रोजी रोटी का जुगाड कर रही महिलाएं**

विकास आयुक्त हथकरघा के दिशा निर्देश में बुनकर सेवा केंद्र वाराणसी के उप निदेशक अशोक कुमार वर्मा के द्वारा अमानीगंज विकास खंड में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन खण्डासा के पूरे दला में स्थापित केला रेशा प्रदर्शन इकाई पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निदेशक अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि अयोध्या में बुनाई का कार्य अभी बिल्कुल नया है हम लोग यहां पर एक क्लस्टर स्थापित करेंगे जिससे यहां की महिला बुनकरों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हो सके । बुनकर महिलाओं का परिचय पत्र बनाकर उनको हथकरघा तथा वर्किंग शेड बनाने के लिए अनुदान राशि प्रदान की जाएगी ,भविष्य में उन्हें बच्चों की पढ़ाई के लिए दो लाख रुपए की छात्रवृत्ति तथा सोलर योजना से भी आच्छादित किया जाएगा।ओंकार सेवा संस्थान द्वारा नाबार्ड के सहयोग से अमानीगंज विकास खंड की नब्बे महिलाओं को दो वर्ष पूर्व केला रेशा से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया था । उपरोक्त प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं केला के तने से रेशा निकालकर इससे धागा बनाती है फिर हथकरघा पर उससे कपड़ा बनाकर लगभग दो सौ से अधिक तरह के उत्पाद तैयार कर रही है ।संस्था के द्वारा अभी तक तीस महिलाओं के घर पर हथकरघा स्थापित करवाया गया है जिससे महिलाएं अपने घरों पर ही चूल्हा चैका से बचे हुए समय में अपनी रोजी रोटी का जुगाड कर रही है। महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री में संस्था के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।ओंकार सेवा संस्थान के सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शीघ्र ही इस क्षेत्र में क्लस्टर स्थापित होगा जो कि इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात होगी तथा यहां की महिलाओं और पुरुषों को रोजी रोटी के लिए कही बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम को बुनकर सेवा केंद्र के गोपाल जी , तकनीकी अधीक्षक गजेंद्र सिंह, आसिफ अली तथा वरिष्ठ बंकर राजेंद्र बुटोला ने संबोधित किया। बुनकर सेवा केंद्र के उपनिदेशक ने क्षेत्र में स्थापित महिलाओं के घरों पर हथकरघा का भी अवलोकन किया तथा उन्हें जरूरी सुझाव भी प्रदान किया।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन, खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन



**बाराबंकी।** डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 10वीं सब जूनियर प्रदेशीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। ज्ञात हो कि इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे धर्मग्रन्थों व पुराणों आदि में भी इसका उल्लेख मिलता है। बाराबंकी जिले में आर्चरी प्रतियोगिता का आयोजन होना अपने आप में एक गौरव का विषय है। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएँ भी दी। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, जिला तीरंदाजी अध्यक्ष हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, बलराम कृष्ण यादव, अभिषेक पटेल, कपिल वर्मा, योगेंद्र सिंह राणाउपस्थित रहे।

**● भाजपा नेता राकेश कर्रा ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

नगर के के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने विजयी खिलाड़ियों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तीरंदाजी प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बागपत के अंश शेखावत ने प्रथम, सोनभद्र के प्रियांशु ने द्वितीय, बागपत के लव ने तृतीय स्थान मिला। वहीं बालिका वर्ग से बागपत की वेदाक्षी तोमर ने प्रथम, कानपुर नगर की रत्नाम दीक्षित ने द्वितीय व मुजफ्फरनगर की दिव्यांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 450 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि राकेश वर्मा कर्रा ने कहा कि भाजपा सरकार खेल के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के प्रयास लगातार कर रही हैं। धनुर्विद्या प्राचीन काल से हमारे बीच चली आ रही है,

## जिला स्वच्छता समिति की बैठक

बहराइचर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

## थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी समस्या, 30 प्रार्थना पत्र निस्तारित



**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जंहा आये हुये फरियादियो की समस्याओ को सुनते हुये कुल 30 प्रार्थना पत्रो का निस्तारण कराया गया। तो वही थाना कोठी मे पुलिस अधीक्षक ने आये हुये फरियादियो की समस्याओ को सुनते हुये सम्बधितो को त्वरित निस्तारण कराये जाने को लेकर निर्देशित किया।

संक्षेप

## दिनदहाड़े हुई थाना क्षेत्र में महिला लूट

**शुकुल बाजार, अमेठी।** शनिवार को थाना शुकुल बाजार के पूरे दुधौरन निवासी महिला के साथ दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने महिला के उसके नाक की की कील जबरन छीन कर बाजार पुलिस को खुले आम चुनौती दी है अचानक हुए इस तरह का घटना से महिला पूरी तरह डर गई और वह चिल्लाने लगी जिसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए जिस पर वहां के लोगों ने 112 डायल किया और पुलिस पहुंची वहां पर घटना की जानकारी लेने के बाद 112 पुलिस द्वारा थाने पर लिखित तहरीर देने को कहा गया महिला ने थाने पर लिखित सूचना दे दी है और कार्रवाई की मांग कर रही है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलोई, अमेठी।** एसपी अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 8 नवंबर को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुअसं 90/25 धारा 105 बीएनएस थाना इन्हौना जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त नंदलाल पुत्र हुबलाल निवासी दखिन मोहल्ला मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

## श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव कल

**लालगंज, रायबरेली।** श्री बालाजी सरकार सेवा समिति सब्जी मंडी लालगंज के अध्यक्ष अशोक गुप्ता और महामंत्री अशोक शुक्ला ने बताया कि गत वर्षो की तरह 10 नवंबर सोमवार को श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम होने जा रहा है। श्री बालाजी सरकार का 56 भोग मिठाई से भोग लगेगा। विशाल भंडारा होगा। रात में जागरण कलाकार मुकेश शुक्ला के द्वारा धार्मिक भजनों का भी कार्यक्रम है वहीं समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय चड्ढा ने बताया कि कार्यक्रम में तीन पहाड़ वाले श्री मेंहदीपुर बालाजी के महंत राम अवतार योगी जी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## 18 हजार बच्चों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बच्चों के मस्तिष्क में भारतीय संस्कृति की महत्ता को समझने व तदनुकूल आचरण करने की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तेरह विकास खंडों में अलग अलग विद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा में पूरे जनपद से कुल अठारह हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को अमेठी जनपद के सभी तेरह ब्लाकों के दो सौ छप्पन विद्यालयों में कुल अठारह विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित होकर भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी रुचि जाहिर किया। अपनी भारतीय संस्कृति की महत्ता को बच्चों के मन मस्तिस्क में स्थापित कर तदनुकूल अपना व्यवहार करने, आचरण अपनाने? को प्रेरित करने के उद्देश्य से यह परीक्षा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में करायी गयी? सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या जगदीशपुर और भादर ब्लाक में रही। दोनो ब्लाकों में 3500 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया। अमेठी के श्री शिव प्रताप इ कॉलेज ने 2200 बच्चों ने परीक्षा दी।

# रोजगार मेले का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के लंभुआ तहसील के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गोथुआ जागीपुर गांव में सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले का शनिवार को कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

रोजगार मेले में पहुंचे कैबिनेट मंत्री संजय निषाद सहित अन्य अतिथियों का सेवार्थम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी ने मोमेंटो, अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत भाषण में आशीष तिवारी ने कहा कि अभी तक उनके द्वारा 2500 परिवारों को परदेश ले जाकर स्व रोजगार की व्यवस्था की गई है। जब तक यह संख्या एक लाख परिवार तक नहीं हो जाएगी इसी तरह सेवा कार्य करता रहूंगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. संजय निषाद ने कहा कि मैं सौभाग्य शाली हूं व गौरवशाली हूं जो आज मुझे इस रोजगार मेले में शामिल होने का अवसर मिला। दुनिया में शिक्षा से ज्ञान से सारे दरवाजे खुलते है, लेकिन रोजगार दिलाना उससे भी पुण्य काम है रोजगार मेला एक सकारात्मक सोच को दर्शाता है। सरकार अकेले सभी को रोजगार नहीं दे सकती क्योंकि उसके पास सीमित संसाधन है। इसलिए निजी क्षेत्रों में भी पर्याप्त रोजगार उपलब्ध है। बहुत से लोग सरकारी की जगह प्राइवेट सेक्टर का रुख करते है क्योंकि यहां विकास के लिए लंबे प्लेटफार्म उपलब्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि एक समय यूपी की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी लेकिन आज अनेकों कम्पनियां यूपी में निवेश कर रही है। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था भी देश में दूसरे नंबर है अब प्रदेश सरकार को कोई भी विकास की योजना लाने के लिए कर्ज की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को भी जनता से साझा किया। अंत में आशीष तिवारी द्वारा किए जा इस महान कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि यह तो रोजगार मेला तो आशीष तिवारी ने अपने गांव में लगवाया है अगर ये चाहे तो पूरे यूपी में चाहे जहां रोजगार मेला लगाए मैं इनके लिए हर समय उपलब्ध रहूंगा। इस मौके पर मालती देवी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निषाद पार्टी, राज प्रसाद उपाध्याय विधायक सदर, अमित निषाद, प्रवीण निषाद पूर्व सांसद, अनिल त्रिपाठी विधायक, वैभव चतुर्वेदी, विजेंद्र त्रिपाठी, गुलाब चंद्र दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एएसपी ने किया महराजगंज कोतवाली का निरीक्षण

**महराजगंज, रायबरेली।** अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शनिवार को महराजगंज कोतवाली पहुंचकर अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। संजीव कुमार सिन्हा के कोतवाली पहुंचते ही कोतवाली परिसर में उपस्थित कर्मचारियों ने अपने जिले के अधिकारी को सलामी देकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने कोतवाली परिसर का भौतिक सत्यापन किया तथा शस्त्र अभिलेख, रोजनामचा, मालखाना रजिस्टर और अधिकारियों के आगमन-अवसान पंजिका सहित विभिन्न अभिलेखों की गहनता से जांच की। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव में पारदर्शिता और अद्यतन स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।



इस दौरान एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों और गैंगस्टर अपराधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया कि, इन अपराधियों का समय-समय पर गृह सत्यापन किया जाए तथा उन्हें थाना बुलाकर पूछताछ की कार्रवाई नियमित रूप से की जाए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली में शुचिता, अनुशासन और जवाबदेही सर्वोपरि है। प्रत्येक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। तो वहीं अपर पुलिस अधीक्षक के कोतवाली मोयना होने के चलते विगत तीन दिनों से कोतवाली परिसर में कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई व अभिलेखों के रखरखाव तथा शास्त्र व मालखाना सहित अनेक कार्यों में शामिल होकर मोयना को सफल बनाने हेतु मस्कत करते नजर आए कोतवाली के कर्मचारी। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एसएसआई देवेंद्र सिंह भदोरिया, एसआई रोहित कुमार, एसआई सुनील चैहान, एसआई राजवीर सिंह, एसआई दिनेश गोस्वामी, हेड मोहरिर रविकांत पांडेय, मुंशी अजय चैधरी सहित पुलिस विभाग के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसआईआर को लेकर भाजपा के जिला महामंत्री ने की बैठक



**तिलोई, अमेठी।** भाजपा जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ ब्लॉक स्तरीय एक बैठक की। भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी ने बैठक में वर्तमान में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत लोकसभा अमेठी के मंडल सिंहपुर में आयोजित कार्यशाला के दौरान बूथ अध्यक्षयों एवं बीएलए 2 को अपने-अपने बूथों पर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए रक्फ़प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शिता, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने पर विस्तृत चर्चा की व पुनरीक्षण कार्यो में लगे बीएलओ का सहयोग करने का दिशा-निर्देश दिया। गणना अवधि चार नवंबर से चार दिसम्बर तक है। उन्होंने कहा हम सभी का लक्ष्य है कि एक भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रह जाए तथा मतदाता सूची को सटीक, अद्यतन एवं निष्पक्ष बनाकर लोकतंत्र की इस सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया को और अधिक सशक्त निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सिंहपुर गौरव श्रीवास्तव, अनिल पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याममूर्ति यादव, कुलदीप मिश्रा, दीपू मिश्रा, राहुल पाठक, लवलेश पांडे सुनील पासी आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**अमेठी।** शनिवार को वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया एवं उपस्थित लोगों से समय- समय पर रक्तदान करने से होने वाले सकारात्मक प्रभावो को बताते हुये रक्तदान करने की अपील की गई। रक्तदान को महादान कहा गया है, क्योंकि रक्तदान करने से जरुरतमन्द की जान बचाई जा सकती है। इस शिविर का उद्देश्य जागरूकता फैलाते हुए अधिक से अधिक रक्तदाताओं का पंजीकरण कर और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य जरूरतमंदों, जैसे गर्भवती माताओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों, एच.आई.वी., हीमोफीलिया, थैलीसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों को समय पर बिना किसी प्रतिस्थापन के रक्त या रक्त उत्पाद उपलब्ध कराना होता है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी लाइन व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। उक्त रक्तदान शिविर में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया एवं स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया गया।

## डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**रायबरेली।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम हर्षिता माथुर व एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से थाना गुरबख्शगंज पहुँचे और आम नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, राजस्व संबंधी शिकायतें, सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम एवं एसपी ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को चेताया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों में आने वाले हर फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा विवादों को आपसी सुलह से निपटाने का प्रयास किया जाए। थाना दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, नायब तहसीलदार रामकांत मिश्रा, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सुनीं शिकायतें, निस्तारण का दिया आश्वासन

**लालगंज, रायबरेली।** एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने लालगंज थाना संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और हर संभव निस्तारण का भरोसा दिलाया। थाना दिवस में 18 शिकायतें पेश हुई जिनमें कई शिकायतों का एसडीएम ने निस्तारण भी किया। उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने सभी मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस और राजस्व की टीम भेज कर निस्तारण करने की बात कही है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अमित सिंह और प्रभारी कोतवाल अनिल कुमार सिंह, एस एस आई नरेंद्र सिंह सेंगर, कानून गो बृजेश सिंह, गंभीर सिंह सहित लेखपाल व सिपाही मौजूद रहे।

# सदर विधायक अदिति सिंह ने 26 लाख की सड़क का किया शुभारंभ



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों में एक और कड़ी जोड़ते हुए गोरा बाजार चौराहा से गणेश नगर मोड़ तक नई सड़क निर्माण का उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य कुल 26 लाख की लागत से पूरा किया जाएगा। यह सड़क न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि गोरा बाजार, गणेश नगर, निकटवर्ती मोहल्लों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़कर व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। लंबे समय से इस मार्ग पर कीचड़, गड्ढों और जलभराव की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को अब बड़ी राहत मिलेगी। जनसुविधा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी समस्या का त्वरित समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। यह सड़क केवल पत्थर और डामर की नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की नई दिशा है। हमारा संकल्प है कि सदर विधानसभा को उप्र की सबसे विकसित विस क्षेत्रों में शुमार किया जाए। कार्यक्रम में स्थानीय सभासद, भाजपा पदाधिकारी, क्षेत्रीय नागरिक और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। लोगों ने विधायक के इस त्वरित कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आशा जताई कि शीघ्र यह सड़क यातायात के लिए खोल दी जाएगी। अदिति सिंह पिछले कुछ महीनों से लगातार क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सीवर व पार्कों के विकास कार्यों को गति दे रही हैं।

● गोरा बाजार से गणेश नगर तक आवागमन होगा सुगम

## हत्या के प्रयास के अभियोग से संबंधित 2 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त कार बरामद

**अमेठी।** 4 नवंबर को वादी विमलेश सिंह पुत्र स्व. राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पूरे मंशा गूजर टोला थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा थाना गौरीगंज पर लिखित तहरीर दी गयी कि 3नवंबर को उनके पुत्र अंकित सिंह बाजार से अपने घर की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर उनके पुत्र को गिरा दिया था तथा वाहन से निकल कर 6 लोगों ने उनके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से असलहे से फायर कर दिया था तथा लोहे की राड से कई वार करके भाग गये थे। प्राप्त तहरीर पर थाना गौरीगंज पर मुअसं 372/25 धारा 190, 191(2), 191(3), 109(1), 61(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। एसपी अमेठी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे। एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त कार रजि0 नं0 वढ 32 छळ 1811 पर सवार मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तों .अल्तमस पुत्र सिब्ते हसन निवासी ग्राम दलसरैया थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष व मो0 सरवर पुत्र मो0 उमर निवासी ग्राम अरगंवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 47 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामद कार अभियुक्त अल्तमस के भाई के नाम है किन्तु अल्तमस द्वारा ही कार का संचालन किया जाता था उसके द्वारा ही घटना कारित करने के लिये कार उपलब्ध करवायी गयी थी। अभियुक्त सरवर मुकदमा उपरोक्त में नामजद अभियुक्त मोहम्मद इस्लाम का साथी है तथा उक्त घटना के षड़यंत्र में शामिल था।

# प्रतियोगिता में परिषदीय बच्चों ने दिखाया दम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के भदैया ब्लॉक में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बभनगवां में परिषदीय स्कूलों के ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा एवं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिव प्रताप सिंह की अगुवाई में आठ न्याय पंचायत के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने किया।

दिन भर चली प्रतियोगिता में प्राथमिक बालक 50 और 200 मीटर में केनौरा के शिवम प्रथम रहे वहीं 100 मीटर में मीरानपुर के आमिर ने बाजी मारी। कबड्डी में फाइनल में छतौना ने मीरानपुर को 10-7 से हराया। प्राथमिक बालिका 50 और 100 मीटर दोनों में विकवाजीतपुर की पलक विजेता रही। वहीं 200 मीटर में छतौना की अर्पिता ने जीत दर्ज की। कबड्डी फाइनल में बरुई ने केनौरा को 12-4 से हराया। जूनियर बालक वर्ग में कंधईपुर के दिलशाद प्रथम रहे, 200 मीटर में भदैंया न्याय पंचायत के अभय राज गुप्ता प्रथम रहे। वहीं 400 मीटर में कंधई पुर के दिलशाद प्रथम रहे बालक कबड्डी में मीरानपुर की टीम ने बरुई को 15-8 से हराया जूनियर बालिका 100 मीटर में मीरानपुर की आराध्या वर्मा प्रथम रही। 200 मीटर में भदैंया की सुधा ने बाजी मारी। वहीं 400 मीटर में छतौना की सुबिया बानो रही अव्वल। जिमनास्टिक योगासन एवं पीटी विशेष प्रदर्शन में बरुई ने बाजी मारी। संचालन मुनेन्द्र मिश्रा और राजकुमार यादव ने किया। समापन के अवसर पर अतिथियों द्वारा खिलाडियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर जूनियर संघ के जिला मंत्री कलहु पाल, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष गायत्री सिंह, शिक्षिका श्रद्धा सिंह, ब्लॉक मंत्री विपिन यादव, जिला गाइड कैप्टन ज्योति सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, अनुदेशक संघ जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पुलिस सहायता केंद्र का किया उद्घाटन

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में एक नया पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र महराजगंज मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर माझगांव में जन सहयोग से बनाया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र को भयमुक्त और अपराध मुक्त बनाना है।

शनिवार को माझगांव नहर कोठी के पास नवनिर्मित पुलिस सहायता बूथ का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को संबोधित किया।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों में माझगांव भी शामिल है, जो मुख्यालय से काफी दूर है। इस दूरी को ध्यान में रखते हुए, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और आम जनता से सहयोग की अपील कर इस पुलिस सहायता बूथ का निर्माण कराया। यह बूथ आसपास के गांवों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने में सहायक होगा।

मौजूद एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि यह सराहनीय कार्य जन सहयोग और क्षेत्रीय दरोगा व हल्का सिपाहियों के अथक प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि इस पुलिस सहायता बूथ पर 24 घंटे एक दरोगा और सिपाहियों की तैनाती की गई है, ताकि जनता को त्वरित सहायता मिल सके।

इस अवसर पर एसआई त्रियुगी नारायण तिवारी, एसआई रोहित कुमार, दीवान ज्ञानेंद्र तिवारी, आरक्षी कुंदन कुमार, आरक्षी गौरव कुमार, आरक्षी अरुण कुमार, मुंशी अजय चैधरी, चंद्रपाल, होमगार्ड रामकुमार सिंह, प्रधान अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू, प्रधान अंजनी गुप्ता, प्रधान शिवप्रसाद यादव, प्रधान दिलीप तिवारी, कोटेदार रामजीत सिंह, उमाशंकर त्रिपाठी, सच्चिदानंद त्रिपाठी, पंडित सोनू शुक्ला, देवा सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सीताकुंड धाम पर पहुंची भरत यात्रा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अयोध्या से चित्रकूट की ओर प्रस्थान करने वाली ऐतिहासिक भरत यात्रा का शनिवार को सीताकुंड धाम पर भव्य स्वागत किया गया। भक्तों ने गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ यात्रा का स्वागत कर वातावरण को भक्ति भाव से भर दिया। यह यात्रा लगभग 53 वर्ष पूर्व प्रभुदत्त ब्रह्मचारी श्री महाराज द्वारा प्रारंभ की गई थी, जो अब श्री मणीराम दास छावनी के महंत कमलनयन दास महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही है। इस अवसर पर यात्रा के संयोजन की जिम्मेदारी महंत विमलदास द्वारा निभाई गई। गोमती मित्र मण्डल के मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने बताया कि संस्था पिछले 24 वर्षों से यात्रा की सेवा कर रही है, जिसमें साधु-संतों के भोजन व रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जाती है। यात्रा स्वागत में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह टिन्नू, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, राधारमण, बालमुकुंद, माधव कसौधन समेत अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। यात्रा के सीताकुंड से विदा होते ही पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के नारों से गूंज उठी।

## छात्रों को डेंगू एवं मलेरिया के प्रति किया जागरूक



**सुलतानपुर।** शनिवार को केएनआईपीएसएस के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू व मलेरिया के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम मे एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। पोस्टर के माध्यम से छात्रों द्वारा डेंगू व मलेरिया के विभिन्न लक्षणों व बचाव के बारे में बताया गया। इस प्रदर्शनी में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीप नारायण प्रसाद सहित राम कृष्ण वर्मा वीना श्रीवास्तव डा. शेष विजय शर्मा व श्रेया मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम मे यश त्रिपाठी अमनदीप प्रियांशी शालिनी विदुषी व आदर्श आदि छात्रों का कार्य अत्यंत सराहनीय रहा।

## सलमान अली के गीतों पर झूम उठा एनटीपीसी

**रायबरेली।** इंडियन आइडल के कलाकार सलमान अली ने एनटीपीसी के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में ऊंचाहार परियोजना में आयोजित समारोह में अपने मोहक अंदाज से ऐसा समां बांधा कि एनटीपीसी का क्या युवा, क्या बच्चे सभी झूम कर सलमान अली के साथ कदमताल पर नाचने लगे। यहां तक कि महिलाएं भी थिरकने लगी। भव्य पांडाल में इंद्रधनुषी रोशनी के बीच जैसे ही म्यूजिकल नाइट के मुख्य कलाकार सलमान अली स्टेज पर आगाज किया उनकी पहली परफॉर्मेंस से ही दर्शक उनसे जुड़ा और अंत तक गीतों और नृत्यों में साथ देने लगा। ईश वंदना से शुरू हुई संगीतमई सुरों की महफिल फिल्मी गानों, ग्रुप डांस तथा फरमाइश गीतों विशेष रूप से भोजपुरी और लोकगीतों की यात्रा करते हुए जब कलाकार ने सुफियाना अंदाज में प्रस्तुति दी तो इस अंदाज से ताल्लुक रखने वाले दर्शक झूम उठे। सलमान अली की प्रस्तुतियों ने ऐसा जादू चलाया कि दर्शकों का हुजूम कलाकार के साथ थिरकने को मजबूर हो गया।

स्वर्ण जयंती म्यूजिकल नाइट के प्रारंभ में परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव, महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष झूमिता बिस्वास डी सी, सी आई एस एफ, अजय त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके उद्घाटन किया। समारोह में बड़ी संख्या में एनटीपीसी ऊंचाहार के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं, बच्चे एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल होकर इसे सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक आदेश कुमार पांडेय ने किया।

# मान या गुमान अभियान का विधान हो

● आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेले में बही काव्य रस की धार

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सम्मान समारोह के बाद पुस्तक मेला स्थल पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देर शाम तक काव्य रस की गंगा बहती रही। कवि सम्मेलन का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। लखनऊ से आए गीतकार धीरज मिश्रा शांडिल्य ने पढ़ा प्यार की दुनिया बसाने आ गए हैं, गीत की गंगा बहाने आ गए हैं.। गीत सुनकर पंडाल तालिया से गड़गड़ा उठा। विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश से जुड़ी उनकी यह कविता-हे विराट वृक्ष हम तुम्हें बचा नहीं सके.. सुनकर लोग प्रकृति से जोड़ने को मजबूर हो गए।

कवयित्री डॉक्टर सरिता शर्मा ने अनेक छंद सुनने के बाद नदी पर अपनी नई कविता सुनो समंदर, तिरस्कार सहते-सहते, सूख रही है एक नदी बहते-बहते.. गर्जन- तर्जन अहंकार में डूबे तुम, खुद से खुद की जीत हार में डूबे तुम.. पढ़ कर समां बांध दिया। उन्होंने ब्रजभाषा में रचे गए श्री कृष्णा और होली पर कई छंद सुनाए तो काफी देर तक तालियां बजती रहीं। उन्होंने कहा कि रायबरेली में कवि सम्मेलन की यह नदी कभी सूखनी नहीं चाहिए।




अपने मुख्य आतिथ्य में शुरू हुए कवि सम्मेलन में गीत और गजल पढ़ते हुए डॉक्टर उदय प्रताप सिंह ने जीवन की सार्थकता को इन शब्दों में व्यक्त किया- सांस खींचने के पूर्व ठीक से विचार लो कि सांस सुधारने की कौन नीति होनी चाहिए, मान या गुमान अभिमान का विधान हो, भूल करना है मनुष्य का भाव पर कार्य में मनुष्यता प्रतीत होनी चाहिए.. सुनकर तालियां बजी उठी

उन्होंने कहा कि मनुष्य को दो चिंताएं हमेशा रहती हैं। एक, कहीं हम मर ना जाएं और दूसरी, मरने के बाद कोई हमें कोई याद करेगा कि नहीं। ऐसे लोगों को संदेश देते हुए उन्होंने गजल सुनाई

हमें किस-किस को समझाना पड़ेगा, जो आया है उसे जाना पड़ेगा,

यह रकबा दिल का दौलत से न नापो, बहुत छोटा यह पैमाना पड़ेगा..

इसके पहले पुस्तक मेला प्रांगण में स्थानीय कवियों का कवि सम्मेलन भी बुजुर्ग कवि प्रमोद शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। श्रेष्ठ कवि केशव प्रसाद वाजपेई, शिव बहादुर सिंह दिलबर, दुर्गा शंकर वर्मा दुर्गेश, आचार्य सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर, इंद्रेश सिंह भदौरिया शंकर प्रसाद मिश्रा राजेंद्र बहादुर सिंह राजन, राजेंद्र वर्मा राज, शिवनाथ सिंह एवं मयंक मिश्रा ने काव्य पाठ किया।

संक्षेप

## रैली को सफल बनाने के लिए हुई मीटिंग

**छाता, मथुरा।** राष्ट्रीय लोक दल की दिनांक 16 नवंबर को होने वाली रैली अधिवेशन को सफल बनाने के लिए छाता में आरएलडी कार्यकताओं की एक विशेष मीटिंग शनिवार को छाता डाक बंगला पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने की। कोसीकलां की अनाज मंडी 16 तारीख को जयंत चैधरी रैली को संबोधित करने के लिए कोसीकलां आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में दूर दराज गांव के भारी संख्या में राष्ट्रीय लोकदल से जुड़े हुए कार्यकर्ता शामिल हुए, वहीं कार्यक्रम में पूर्व विधायक ठा तेजपाल सिंह भी सम्मिलित हुए। विधानसभा अध्यक्ष जयवीर सिंह गावों से पहुंची हुई सरदारी के द्वारा पूर्व विधायक ठाकुर तेजपाल सिंह साफा माला पहनकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ठा. तेजपाल सिंह ने कहा कि 10 सालों में जनता तंग है, सोलह नवंबर को हम सब कोसीकलां में चलकर जयंत चौधरी से कहेंगे। छाता शुगर मिल के बारे में आप मुख्यमंत्री को छाता शुगर मिल हालत से अवगत कराए। इस राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम में सभी राज्यों के पदाधिकारी भाग लेंगे, वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष की भी घोषणा की जाएगी।

## 3 दिन से लापता किरोबारी मनीष वापस आया

**मथुरा।** 3 दिन से लापता गिलट कारोबारी मनीष अग्रवाल स्वयं ही मथुरा वापस आ गए हैं। आज उन्होंने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर मीडिया को अपनी आपबीती सुनाई। कालिंदी कुंज नि. गिलट कारोबारी मनीष अग्रवाल का कहना है कि वह डॉक्टर अनुराग वैध और प्रमोद वाल्मीकि के डर के कारण मथुरा से गायब हुए थे। उन्होंने नए बस स्टैंड पर अपनी स्कूटी खड़ी कर डॉक्टर अनुराग के साले मयूर के लड़के को उसकी चाबी दे दी थी। और वह कुछ देर महोली रोड पर घूमने के पश्चात वृंदावन चले गए। वृंदावन से उन्होंने दिल्ली की बस पकड़ी दिल्ली से वह हरिद्वार चले गए। दो दिन रहने के पश्चात वह मथुरा वापस आ गए हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टर पर उनके करीब 40 लाख रुपए लॉटरी का जमा है उसको वापस करने की मांग पर डॉक्टर अनुराग उनको पास्को में बंद कराने की धमकी दे रहे थे। प्रमोद वाल्मीकि उनकी तरफ से आए दिन उनको धमका रहे थे।

## फिल्मी सितारों संग बांकेबिहारी को ध्वजा चढ़ायेंगे धीरेंद्र शास्त्री

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** भारत के लोगों में जातिवाद की जगह राष्ट्रवाद की अलख जगाने के लिए गांव-गांव और गली-गली संपर्क करते हुए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री दिल्ली से वृंदावन पहुंचेंगे। यहां अभिनेता संजय दत्त और राजपाल यादव सहित कई अन्य कलाकारों व संतों के साथ श्रीबांकेबिहारी लाल के मंदिर में उन्हें ध्वजा भेंट करेंगे। बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की सनातन जोड़ो पदयात्रा का दिल्ली से आगाज हो गया है। ब्रज में यात्रा के प्रवेश करते ही कई संतों का यहां जमावड़ा होगा। यात्रा के आखिरी दिन 16 नवंबर को धीरेंद्र शास्त्री अभिनेता संजय दत्त और राजपाल यादव के साथ बांकेबिहारी लाल के दर्शन करेंगे। उनके साथ अयोध्या, दिल्ली, चित्रकूट समेत ब्रज के कई संत रहेंगे। वृंदावन के प्रमुख संत आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने बताया है कि सनातन की इस पदयात्रा से ऐसी अलख जगेगी, जिसे बुझाना मुश्किल होगा। कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के प्रयास सार्थक होंगे।

# हॉस्पिटल में गलत इंजेक्शन से मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन

### कार्यवाही न होने से नाराज परिजनों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर किया रोड जाम



**मथुरा।** गोवर्धन चौराहा स्थित आरएस स्टोन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान गलत इंजैक्शन दिये जाने से हुयी ग्रामीण की मौत के बाद परिजनों ने शनिवार एसएसपी कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया। 24 घण्टे बाद भी आरोपी डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने गलत इंजेक्शन लगाया, जिससे मरीज की मौत हो गई। लेकिन पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

रामेश्वर सिंह (54) पुत्र चिरंजी लाल राया के गांव पिलखुनी के रहने वाले थे और गांव में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत थे। मृतक के भाई तेजवीर सिंह और कोमल सिंह ने बताया कि कई दिनों से उन्हें पेट दर्द की शिकायत थी। जांच कराने पर डॉक्टरों ने बताया कि उनकी किडनी में 16 एमएम की पथरी है। इसके बाद उन्हें गोवर्धन चैराहा के पास स्थित आरएस स्टोन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में ऑपरेशन से पहले ही हॉस्पीटल स्टाफ ने कोई गलत इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही उनकी हालत बिगड़ गई, मुंह से झाग निकलने लगे और कुछ ही मिनटों में उनकी मौत हो गई। जब परिजनों ने हंगामा किया तो डॉक्टर और पूरा स्टाफ अस्पताल छोड़कर फरार हो गए।

परिजनों ने बताया कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि हम सही-सलामत भाई को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए थे, लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही ने उसकी जान ले ली। अब आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और प्रशासन खामोश है। इसी सब से आक्रोशित ग्रामीणों ने आज एसएसपी कार्यालय के बाहर जाम लगा दिया। महिलाओं ने भी सड़कों पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## नौ साल से फरार इनामी गौ-तस्कर सिराज मुठभेड़ में गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** कोसीकलां में नौ साल से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी गो-तस्कर को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। तस्कर के दोनों पैरों में गोली लगी है। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद की है।

गौरतलब हो कि 2016 से चल रहा था तस्कर फरार हरियाणा के पलवल जिले के बहीन थाना क्षेत्र का रहने वाला 32 वर्षीय सिराज पुत्र जुबैर खां शातिर गौ तस्कर है। सिराज गौ वंश को अवैध तरीके से ले जाकर मेवात में दे देता था। इसकी पुलिस को 2016 से तलाश थी। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। थाना कोसी पुलिस को बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी सिराज गढ़ी बरबारी क्षेत्र में मौजूद है और गांवों को अवैध तरीके से ले जाने की फिराक में है। सूचना पर कोसी थाना प्रभारी अजय कौशल टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उनको सिराज गढी बरबारी से नई गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर कच्ची पगड़ी के पास से जाता दिखाई दिया। मौके पर पहुंचे थाना कोसी कला प्रभारी अजय कौशल व पुलिस टीम ने जब सिराज को रुकने के लिए कहा तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें पुलिस ने उसके पैरों में गोली मारी। दोनों पैरों में घुटने से नीचे गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने सिराज के कब्जे से 1 तमंचा .315 बोर, 2 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस 315 बोर एवं घटना मे प्रयोग एक चोरी की मोटर साइकिल स्प्लेंडर बरामद की। सिराज पर थाना कोसी में 7 मुकदमे दर्ज है।

सीओ भूषण वर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल की टीम को शुक्रवार रात में मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी सिराज गढ़ी बरबारी क्षेत्र में मौजूद है। वह गोवंश को अवैध रूप से ले जाने की फिराक में है। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सिराज को नई गांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर जाते हुए देखा तो उसे रुकने का इशारा किया। सिराज ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में सिराज के दोनों पैरों में घुटनों के नीचे गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

## भाजपा विधानसभा यात्रा को लेकर कार्यशाला हुई संपन्न



**फिरोजाबाद।** शनिवार को भाजपा ने जसराना स्थित सुरेंद्र सिंह वर्मा गेस्ट हाउस में फिरोजाबाद जिला का आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रबुद्ध सम्मेलन आहूत किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी उपस्थित रहे। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के उपलक्ष्य में 20 नवंबर को आयोजित होने वाली विधानसभा यात्रा की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी उपस्थित रहे। सम्मेलन की विधिवत शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम संयोजक अवनीश गुप्ता ने रखी। मुख्य वक्ता ब्रज बहादुर भारद्वाज प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी ने आत्मनिर्भर भारत व हर घर स्वदेशी विषयांतर्गत अपना विस्तृत उद्बोधन कार्यकर्ताओं के समक्ष दिया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला व आगामी 17 नवंबर को विधानसभा यात्रा एवं 4 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसी श्रृंखला में जसराना बाईपास हेतु 70 करोड़ की विशाल धनराशि स्वीकृत करने हेतु भाजयुमो फिरोजाबाद की पूरी टीम ने जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में मंचासीन सभी पदाधिकारियों का व प्रदेश नेतृत्व का मुख्य अतिथि ब्रज बहादुर भारद्वाज व उदय प्रताप सिंह को बड़ी माला पहनाकर स्वागत कर धन्यवाद दिया। कार्यशाला में किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री सत्यपाल राजपूत जिला महामंत्री शशिकला यादव, इंजीनियर राजीव गुप्ता देवेंद्र पालीवाल, सुरेंद्र सावन झा, राघवेंद्र सिंह, शिव शंकर शर्मा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह चौहान, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, शुभम सैनी, देश दीपक चौहान, अमलेंद्र राजपूत, शीलू सविता, अतुल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## सनातन एकता पदयात्रा 13 को मथुरा में करेगी प्रवेश, डीएम एसएसपी ने लिया जायजा

**मथुरा।** बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री की अगुवाई में सनातन एकता पदयात्रा सात नवंबर यानी शुक्रवार को दिल्ली में हिंदू एकता के शंखनाद के साथ शुरू हो गई। ये यात्रा 13 नवंबर को मथुरा सीमा में कोसी में प्रवेश करेगी, 16 नवंबर को वृंदावन पहुंचेगी। इस यात्रा की सुरक्षा और हाईवे पर सुरक्षित सफा पुलिस के लिए चुनौती है। इसके लिए मथुरा पुलिस दिल्ली जाकर यात्रा का अध्ययन करेगी और उसके आधार पर यहां पर व्यवस्थाएं करेगी। शुक्रवार को दिल्ली से पदयात्रा रवाना हो चुकी है। हाईवे पर महा जनसैलाब उमड़ा पड़ा है। आज डीएम और एसएसपी ने यात्रा के इंतजामों का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। मथुरा जनपद के कोसी के कोटवन बॉडर में ये यात्रा 13 नवंबर को प्रवेश करेगी। रात्रि विश्राम करेगी। इसके बाद 14 नवंबर को छाता की ओर पहुंचेगी। यहां पर रात्रि विश्राम होगा। 15 नवंबर को जैंत क्षेत्र में पड़ाव होगा और 16 को वृंदावन स्थित चार धाम परिसर में पहुंचेगी। पुलिस के लिए जितनी चुनौती इस यात्रा के दौरान हाईवे पर यातायात को लेकर है उतनी की यात्रियों की सुरक्षा की। मथुरा पुलिस ने हालांकि, चार हजार पलिस कर्मियों सहित सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों की तैनाती का खाका तैयार कर लिया है। मगर, अधिकारियों का मानना है कि वस्तुस्थिति का अवलोकन करने से व्यवस्थाएं और सुदृढ़ हो जाएंगी। इसके लिए एक-दो दिन में ही कुछ पुलिस अधिकारी दिल्ली जाएंगे। वे वहां पुलिस अधिकारियों से पदयात्रा को लेकर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। पदयात्रा का भी अवलोकन करेंगे। बताया जाता है वर्ष 2013 में यमुना रक्षक दल की रैली निकली थी। ये मथुरा से दिल्ली गई थी। तब हाईवे पर यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। इस बार भी ये यात्रा दिल्ली से वृंदावन आ रही है। हाईवे पर ये रैली आएगी। पुलिस के लिए यातायात सामान्य बनाए रखना बहुत चुनौती होगी। विगत में रैली के दौरान इस तरह से हाईवे पर व्यवस्था की गई थी कि वाहनों को बहुत ज्यादा जाम में न लगना पडे। इसके लिए बीच-बीच में कट बनाए गए थे। जहां तक पदयात्री होते थे, उससे काफी पहले और आगे तक कट से वाहनों को गुजारा जाता था। पदयात्रा वाली लेन खाली रखी गई थी। डीएम व एसएसपी मथुरा में यात्रा के इंतजामों को लेकर निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में लगे हुए है।

# जिपंअ ने किया सबला में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन



**मथुरा।** ग्राम पंचायत बछगांव के सबला गाँव में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उनका स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही, जो विकास कार्यों के प्रति उत्साह को दशार्ती है।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी का चांदी का मुकुट, 21 किलो की फूल माला और राजस्थानी साफा-पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। महिलाओं और बच्चों ने भी फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने मरघट तक ईंट खड़ंजा और पाइपलाइन निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने मुख्य मार्ग से नाले की ओर लगभग एक किलोमीटर लंबी ईंट खड़ंजा निर्माण परियोजना का भी विधिवत शिलान्यास किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने बताया गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण अब गांवों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और विकास की गति तेज हुई है। पंचायत निधि से सबला गांव में मुख्य मार्ग से 800 मीटर और श्मशान स्थल मार्ग पर 500 मीटर खडंजा, करीब 120 मीटर श्मशान स्थल मार्ग पर सीमेंट पाइप लाइन, सबला गुलाल मार्ग 800 मीटर सीसी सड़क, गांव बैरू में 170 मीटर सीसी सड़क, नगला शेरा में 325 मीटर सीसी सड़क आदि का लोकार्पण और भूमि पूजन किया गया है, इन विकास कार्यों से ग्रामवासियों को बरसात के मौसम में आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलने की उम्मीद है। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने जिपंअध्यक्ष के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान और वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डा. देवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार, पूर्व चेयरमैन भरत सिंह, वेदपाल सिंह, कृष्ण कुंतल, रनवीर सिंह, जुगेन्द्र सिंह, बहादुर सिंह, सत्यवीर सिंह, सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने बीएलओ सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण का जायजा लिया

**फिरोजाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम रमेश रंजन ने फिरोजाबाद स्थित पालीवाल हॉल पहुंचकर वहां चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बी एल ओ और सुपरवाइजरो के प्रशिक्षण का जायजा लिया, इस दौरान डीएम ने 17 अनुपस्थित बी एल ओ के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए, डीएम ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सुपरवाइजरों और बी एल ओ से एस आई आर प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली, उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में गलती अक्षम्य है, इसलिए सभी बी एल ओ एस आई आर की प्रक्रिया को भली-भांति समझ लें, लापरवाही की स्थिति में कठोरतम कार्रवाई की जाएगी, इस दौरान उन्होंने ए ई आर ओ हिरदेश कुमार को एसआई आर की प्रक्रिया में जानकारी न होने पर चार्ज सीट देने की बात कही, बीएलओ कमला देवी के द्वारा बी एल ओ मैपिंग में केवल 5% कार्य किया गया जिसे जिलाधिकारी ने कार्य के प्रति उदासीनता और लापरवाही माना और उनको ऊपर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए, और साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया कि इनके साथ संबंद्ध सुपरवाइजर क्षेत्र में कैंप लगाकर बी एल ओ मैपिंग के कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें, इसी तरह बी एल ओ संजय कुमार, विनीत, दीपशिखा द्वारा भी एस आई आर प्रक्रिया के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों को सही उत्तर नहीं दिया गया, जिसमें डीएम ने उन सभी को एस आई आर की प्रक्रिया की जानकारी न होने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, बी एल ओ नाजमीन द्वारा इस संबंध में अच्छा कार्य किए जाने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की बात कही, इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अनुराधा सिंह अपर नगर आयुक्त अब्बास हसन नकवी, उप जिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## यातायात माह के तहत किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** यातायात माह जागरुकता अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस टीम द्वारा इस्लामिया इंटर कॉलेज में प्रभारी यातायात मय टीम छात्र छात्राओं को यातायात के संकेतों एवं सड़क संकेतों की जानकारी हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, गति सीमा के अन्तर्गत वाहन चलाने लेन अनुशासन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। बता दें जनपदीय पुलिस टीम द्वारा यातायात माह जागरूकता अभियान अंतर्गत जनपद में पम्पलेट बैनर पोस्टर रैली नुक्कड़ नाटक आदि द्वारा लगातार जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें। वहीं प्रभारी निरीक्षक यातायात मय टीम एवं थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर परिसर में व्यापारी बंधुओं एवं आम जनमानस संग गोष्ठी कर यातायात माह जागरुकता अभियान अंतर्गत जागरुक किया गया।

# यातायात माह: महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने पर किया गया रक्तदान



**मथुरा।** भावना लाइब्रेरी बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा के द्वारा फीता काटकर किया। शिविर में महिला प्रदेश उपाध्यक्ष बाइक राइडर पूजा यादव के द्वारा सभी रक्तदान करने वाले लोगों से यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहने एवं नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार ने रक्तदान करते हुए कहा हर वर्ष रोड एक्सीडेंट में युवाओं की जान जा रही है। यातायात माह में रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों को जागरुक होकर अधिक से अधिक रक्त देना चाहिए। महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने कहा रक्तदान शिविर के माध्यम से हम देश में वर्ल्ड कप लाने वाली महिला टीम को बधाई देते हैं। शिविर के संयोजक गगन अग्रवाल ने कहा है हम समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहते हैं जिससे युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाई जा सके। समिति संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति के माध्यम से अभी तक 7870 यूनिट ब्लड पिछले 13 सालों में रक्त वीरों की मदद से रक्तदान किया गया है यह संख्या 7922 बढ़कर हो गयी है। ब्लड बैंक के निर्देशक बृजेश शर्मा ने कहा महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई। रक्तदान शिविर में लक्ष्मीकांत शास्त्री, प्रतिमा सिंह, अनुराधा भारद्वाज, रविंद्र चैधरी सुपरवाइजर, नीलू सोनी, विनीत कौशिक, निकेश का सहयोग रहा है। रक्तदान करने वालों में गीता सिंह, दीपक वर्मा, गौरव सक्सेना, दीपेश अर्जुन सोलंकी, दीपक कुमार वर्मा, पूजा वर्मा गीता सिंह, विनोद कुमार शर्मा, लोकेश गुर्जर, शौर्य कुमार कमल नवीन क्रिकेट, मनीष शर्मा, मनीष सैनी, जितेंद्र, देवाशीष सोनू लर दीपक चैधरी जितेंद्र रावत पंकज कुमार अश्वनी शर्मा रोहित प्रजापति, सचिन पाठक संदीप चैधरी, राहुल गोला, आबिद खान भुवनेश चैधरी

## मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भाजपा की दो विधानसभा क्षेत्रों में कार्यशालाएं

**मथुरा।** भाजपामहानगर मथुरा द्वारा मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर-2025) के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन एवं गोवर्धन विधानसभा की कार्यशालाओं का भव्य आयोजन किया गया। मथुरा-वृंदावन विधानसभा की कार्यशाला भूतेश्वर स्थित मुकुंद धाम पर तथा गोवर्धन विधानसभा की कार्यशाला गिरवर कुंज, गोवर्धन पर संपन्न हुई। कार्यशालाओं में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर विनोद अग्रवाल तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर यादव ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि में पहुंचे ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूची का सटीक पुनरीक्षण लोकतंत्र की रीढ़ है। हर कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष हरिशंकर (राजू) यादव ने कहा कि प्रदेशभर में मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण अभियान की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया गणना प्रपत्र के वितरण एवं संकलन का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक चलेगा, जबकि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, पूर्व महापौर डॉ मुकेश आर्य बंधु, रामकिशन पाठक, रमाशंकर पांडे युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष यज्ञ दत्त कौशिक, दीपा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, नितिन चतुर्वेदी, योगेश लंबरदार, विजय शर्मा, नितिन कौशिक, लोकेश निषाद, जितेंद्र वार्ष्णेय, कान्हा शर्मा, अजय राजावत, हाकिम सिंह टीटू, अनीश वर्मा, नट्टू पंडित, अभिषेक चतुर्वेदी, नरेंद्र गोला, सोनू गौड़ ललित, अग्रवाल, आशीष शर्मा, संजय कश्यप, राजीव अग्रवाल, डॉ कृष्ण मोहन शर्मा, डॉक्टर संतोष राजोरिया, ललित स्वामी मौजूद थे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले वाँछित अभियुक्त रोहित पुत्र दलवीर सिंह निवासी मौहल्ला टीला पत्थर वाली गली चन्द्रवार गेट थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा जा है।

## पालिका ने कपड़ा मार्केट से हटवाया अतिक्रमण

**टूंडला।** तहसील सभागार में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में स?टेशन रोड स्थित न?यू कपड़ा मार्केट अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। शिकायत पर डीएम रमेश रंजन ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। शनिवार को सुबह 11 बजे पालिका अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी अशोक शर्मा के नेतृत्व मे पालिका कर्मी न्यू कपड़ा मार्केट पहुंच गए। इसी के साथ उन?होंने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को मौके से हटवा दिया गया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस दौरान उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, महिला उपनिरीक्षक रेखा, कांस्टेबल मोहन कुमार, पंकज यतेंद्र नायक रंजीत कुमार सफाई नायक बिक्की बाबू आदि उपस्थित रहे।

## मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टूंडला।** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जीआरपी थाना प्रभारी मोनू आर्य के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन टूंडला पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान प्लेटफार्म तीन पर एक युवक संदिग्ध खड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो घबरा कर भागने लगा। तभी पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसकी तलाशी लेने पर एक चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम अजय उर्फ अजगर उर्फ नहना पुत्र जवाहर सिंह निवासी कुरगंवा थाना बरहन जिला आगरा बताया हैं। जिसे पुलिस ने जेल भेजा हैं।

## बांके बिहारी मंदिर के निकास द्वार पर बिगड़ी श्रद्धालु की तबयीत, मौत

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** शनिवार को बांकेबिहारी मंदिर की सीढियों पर एक बुजुर्ग श्रद्धालु की मौत अचानक तबियत बिगड गई। श्रद्धालु का अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। श्रद्धालु की मौत की वजह हार्ट अटैक को बताया जा रहा है। वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को दर्शन के दौरान एक श्रद्धालु की अचानक मौत हो गई। मृतक की पहचान दिल्ली के हरिनगर निवासी अखिल कुमार (70 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अखिल कुमार पिछले लगभग पांच वर्षों से हृदय रोग से पीडित थे। एसपी सिटी के अनुसार, यह घटना मंदिर के गेट नंबर 1 पर हुई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड दर्शन के लिए उमड़ी हुई थी। दर्शन करने के कुछ ही देर बाद अखिल कुमार की तबीयत बिगड़ गई और सौदियों पर बैठ गए और वहीं बेहोश होकर गिर पड़े। मंदिर प्रशासन और स्थानीय पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से आगे रामकृष्ण मिशन अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी ने बताया कि बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करने आये थे। जिनकी उम्र करीब 70 वर्ष है। दर्शन करने के उपरांत निकास द्वारा गेट नम्बर एक पर बैठे हुए थे। इसी दौरान इनकी तबियत खराब हुई है। जिस पर इन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इन्हें मृत घोषित किया गया। सीसीटीवी फुटेज से देखने में लग रहा है कि इसी दौरान इनकी तबियत खराब हुई है। परिजन द्वारा बताया गया है कि ये पांच साल से हृदय रोग से पोडित थे। प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का प्रतीत होता है और मृतक के परिजनों के अनुसार वे लंबे समय से हृदय रोग से जूझ रहे थे। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। भीड भाड को लेकर समय समय पर एडवाइजरी भी जारी की जाती हैं।

# पांच विधानसभा क्षेत्रों में विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निदेशों के क्रम में शनिवार जनपद में चलाया गया विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का बड़ा अभियान। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत जनपद की सभी विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण किए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी / अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डा. पंकज कुमार वर्मा ने तहसील सदर एवं तहसील गोवर्धन में गणना प्रपत्र वितरण किए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही तथा आयोग के निदेशों की अवहेलना पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि आज रविवार सभी विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा बूथों पर उपस्थित होकर गणना प्रपत्र वितरण किए जाएंगे।



कल सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीदारों, खंड विकास अधिकारियों आदि द्वारा क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर गणना प्रपत्र वितरण के कार्य पर निगरानी रखी जाएगी तथा बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बीएलओ की अनुपस्थिति या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

सार्वजनिक अवकाश निरस्त

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01-01-2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। उक्त महत्वपूर्ण कार्य को दृष्टिगत रखते हुए बूथ लेवल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे कर्मचारियों का दिनांक 09-11-2025 (रविवार) का सार्वजनिक अवकाश निरस्त किया जाता है तथा रविवार दिनांक 09-11-2025 को सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने निर्वाचक कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। उक्त अवकाश का उपभोग किसी अन्य कार्यदिवस में देय होगा।

## संक्षेप

### सेबी ने लोगों को डिजिटल गोल्ड उत्पादों में निवेश के खिलाफ चेतावनी दी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने शनिवार को निवेशकों को डिजिटल या ई-गोल्ड उत्पादों में निवेश को लेकर आगाह किया है। सेबी ने कहा कि ऐसे उपकरण उसके नियामकीय ढांचे से बाहर हैं और इनमें निवेश से जुड़ा जोखिम अधिक है। यह चेतावनी तब आई है जब सेबी ने पाया कि कुछ ऑनलाइन मंच भौतिक सोने में निवेश के आसान विकल्प के रूप में डिजिटल गोल्ड या ई-गोल्ड उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। सेबी ने एक बयान में कहा, इस बारे में सूचित किया जाता है कि ऐसे डिजिटल गोल्ड उत्पाद सेबी-विनियमित गोल्ड उत्पादों से भिन्न हैं, क्योंकि इन्हें न तो प्रतिभूति के रूप में अधिसूचित किया गया है और न ही कमोडिटी डेरिवेटिव के रूप में विनियमित किया गया है। ये पूरी तरह से सेबी के नियामकीय दायरे से बाहर हैं। सेबी ने आगे स्पष्ट किया कि विनियमित प्रतिभूतियों पर लागू निवेशक संरक्षण तंत्र ऐसी अनियमित डिजिटल गोल्ड योजनाओं पर लागू नहीं होगा।

### जेएसडब्ल्यू सीमेंट का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 75.36 करोड़ रुपये रहा

नयी दिल्ली। विविध क्षेत्रों में कार्यरत जेएसडब्ल्यू समूह की इकाई जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 75.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। जेएसडब्ल्यू सीमेंट को वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई सितंबर तिमाही में 75.82 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 1,436.43 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,223.71 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का कुल व्यय 1,348.72 करोड़ रुपये रहा। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने अलग दी एक सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई एक बैठक में एक कैप्टिव संयंत्र से सौर ऊर्जा की खरीद के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी फिफ्टीन लिमिटेड के साथ एक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी। इसके लिए जेएसडब्ल्यू सीमेंट, जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी फिफ्टीन में 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी खरीदेगी। सौदे के लिए विचाराधीन राशि के बारे में जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने कहा कि जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी फिफ्टीन की 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए 21.78 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### पैनासोनिक इंडिया के चैयरमैन मनीष शर्मा ने इस्तीफा दिया

नयी दिल्ली। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के चेयरमैन मनीष शर्मा ने एक दशक से अधिक समय तक उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद विनिर्माता कंपनी का नेतृत्व करने के बाद कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा को 2012 में पैनासोनिक इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ के रूप में पदोन्नत किया गया था और वह तब से कंपनी का नेतृत्व कर रहे हैं। वह इस साल के अंत तक अपने पद पर बने रहेंगे। शर्मा ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा, यह एक निजी और सोच-समझकर किया गया फैसला है, और मैं देश के विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाने में योगदान देता रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह अपना नोटिस पीरियड पूरा करने के बाद जनवरी 2026 में अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। पैनासोनिक ने भी एक बयान में इस घटनाक्रम की पुष्टि की और कहा कि शर्मा ने भारत में पैनासोनिक की व्यावसायिक रणनीति, वृद्धि पथ और संगठनात्मक कार्य संस्कृति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### डीडीए ने जन साधारण आवास योजना का दूसरा चरण पेश किया

नयी दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने जन साधारण आवास योजना के दूसरे चरण की शुरुआत की है, जिसके तहत शहर के अच्छी तरह से जुड़े इलाकों में करीब 1,500 किफायती फ्लैटों की पेशकश की जा रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह परियोजना सात नवंबर को शुरू की गई। इस योजना में निम्न आय वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणियों के तहत फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, जो दिल्ली के प्रमुख क्षेत्रों जैसे शिवाजी मार्ग, रामगढ़ कॉलोनी, रोहिणी और नरेला में स्थित हैं। डीडीए ने एक बयान में कहा, रोहिणी, रामगढ़ कॉलोनी और शिवाजी मार्ग के सभी फ्लैट पहले दिन ही बुक हो गए।

# बिहार में फिर बनेगी राजग की सरकार

## नहीं चाहिए कट्टा सरकार, बिहार के चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

एजेंसी

बेतिया/सीतामढ़ी (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में लोग राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत विपक्ष को वोट नहीं दे रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे सत्ता में आ गए तो उनकी सरकार लोगों के सिर पर कट्टा रख देगी और उन्हें हाथ ऊपर करने का आदेश देगी। प्रधानमंत्री ने राज्य के सीतामढ़ी जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बेहतर शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों में विकास के अलावा स्टार्ट-अप उद्यमों को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता स्पष्ट रूप से कह रही है नहीं चाहिए कट्टा सरकार, फिर एक बार राजग सरकार। मोदी ने कहा मैंने अपना प्रचार अभियान भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की धरती से शुरू किया था और अब उसका समापन चंपारण की ऐतिहासिक भूमि पर कर रहा हूं। हालांकि प्रचार कल तक जारी रहेगा, लेकिन यह मेरी अंतिम जनसभा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नेताओं का नहीं, बल्कि बिहार की जनता का चुनाव है। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि राजग हर बूथ पर विजयी हो। एक भी बूथ पर हमें हार का सामना नहीं करना



चाहिए। मोदी ने पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा, आप लोगों ने मतदान का नया इतिहास रचा है। बिहार ने साबित किया है कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में है। चंपारण की धरती को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, यह वही भूमि है, जिसने गांधी जी को महात्मा का दर्जा दिया था। इसी धरती पर आज बिहार विकास के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है। उन्होंने कहा बिहार जल्द खाद्य प्रसंस्करण का पावरहाउस और वस्त्र उद्योग (टेक्सटाइल हब) का केंद्र बनेगा। बिहार विकसित भारत का प्रतीक राज्य बनने जा रहा है। राज्य में पूर्ववर्ती राजद के शासनकाल को याद करते हुए मोदी ने कहा कि बेतिया ने जंगलराज के सबसे बुरे दौर को देखा है। उन्होंने कहा, कट्टा और रंगदारी की राजनीति ने बिहार को बर्बाद कर दिया था। हमें उस दौर से बिहार को बचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा मैंने हाल में एक वीडियो देखा, जिसमें एक बच्चा राजद की रैली में कह रहा था कि वह बड़ा होकर रंगदार बनना चाहता है। यह बिहार की युवा पीढ़ी के साथ अन्याय है। राजद और कांग्रेस के लोग बच्चों से रंगदार बनने के नारे लगवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल में महंगाई चरम पर थी। उन्होंने कहा कि उस वक्त हर घर में महंगाई डायन खाए जात है जैसे गीत गूंजते थे। मोदी ने कहा आज हम गरीबों की जरूरतों को समझते हुए मोबाइल फोन और इंटरनेट जैसी सुविधाओं को सस्ता बना चुके हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल के वर्षों में बिहार में मोटरसाइकिल की बिक्री तीन गुना बढ़ी है, जो लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति और कम माल एवं सेवाकर (जीएसटी) दरों का परिणाम है। उन्होंने कहा हमने करदाताओं को भी राहत दी है। अगर आयकर और जीएसटी दोनों को मिलाकर देखें तो जनता को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो रही है।

### थिंक इन्वेस्टमेंट्स ने आईपीओ से पहले फिजिक्सवाला में 136 करोड़ किये निवेश

नयी दिल्ली। वैश्विक निवेश फर्म थिंक इन्वेस्टमेंट्स ने शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप फिजिक्सवाला में 136 करोड़ रुपये से थोड़ा अधिक का निवेश किया है।

यह निवेश ऐसे समय में हुआ है, जब कंपनी अगले सप्ताह अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी कर रही है। इस निवेश के तहत थिंक इन्वेस्टमेंट्स ने शिक्षा प्रौद्योगिकी फर्म के 14 कर्मचारियों से फिजिक्सवाला में 1.07 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदे, जो 0.37 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर 127 रुपये प्रति शेयर की दर से खरीदे गए, जो निर्गम मूल्य से 17 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार लेनदेन का आकार 136.17 करोड़ रुपये है। थिंक इन्वेस्टमेंट्स चार अरब अमेरिकी डॉलर की एक वैश्विक निवेश कंपनी है, जो तकनीक आधारित शुरुआती चरण के व्यवसायों को समर्थन देने पर केंद्रित है।

## तेलंगाना में चीटियों के डर से महिला ने की आत्महत्या

हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में 25 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर माइर्मेकोफोबिया (चींटियों का डर) के कारण आत्महत्या कर ली, जो एक बहुत ही दुर्लभ बीमारी है।

यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि महिला का विवाह 2022 में हुआ था और उसकी तीन वर्ष की एक बेटी है। पुलिस ने बताया कि महिला चार नवंबर को अपने घर में पंखे से लटकी हुई पाई गई। पुलिस ने बताया कि महिला उसी दिन अपनी बेटी को एक रिश्तेदार के घर यह कहकर छोड़ा था कि वह घर की सफाई करने के बाद उसे ले जाएगी। पुलिस ने बताया कि महिला का पति सुबह काम पर गया था और वह जब शाम को घर लौटे तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। पुलिस ने बताया कि पड़ोसियों की मदद से उन्होंने दरवाजा तोड़ा और अपनी पत्नी को पंखे से लटकता पाया।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से बरामद एक सुसाइड नोट में लिखा था: श्री, मुझे माफ़ करना, मैं इन चींटियों के साथ नहीं रह सकती। (बेटी) का ख्याल रखना। सावधान रहना। अन्नावरम, तिरुपति।,116 रुपये येल्लम्मा वडी बिय्यम (चावल का प्रसाद) मत भूलना। तिरुपति, अन्नावरम के मंदिरों में।,116 रुपये और येल्लम्मा वडी बिय्यम का संदर्भ देवताओं को चढ़ाये जाने वाले प्रसाद से है।

## दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 400 के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के कई हिस्सों में शनिवार को वायु प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया, जिससे राष्ट्रीय राजधानी देश के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बन गयी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन शाम 4 बजे दर्ज किया जाने वाला 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार को 361 रहा, जिससे दिल्ली रेड जोन में पहुंच गयी और यह देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया।

शहर के कई इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। राजधानी के 38 निगरानी केंद्रों से प्राप्त



सीपीसीबी के समीर ऐप के आंकड़ों के अनुसार, अलीपुर में एक्यूआई 404, आईटीओ पर 402, नेहरू नगर में 406, विवेक विहार में 411, वजीरपुर में 420 और बुराड़ी में 418 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, एनसीआर क्षेत्र में नोएडा में एक्यूआई 354, ग्रेटर नोएडा में 336 और गाजियाबाद में 339 दर्ज किया गया है।

## एसआईएस समूह का सफर दर्शाने वाली किताब में नोटबंदी की चुनौतियों पर चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। निजी सुरक्षा फर्म एसआईएस (सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज) के कारोबार के विस्तार पर केंद्रित एक किताब में नोटबंदी के बाद की चुनौतियों के बारे में बताया गया है। लेखक प्रिंस मैथ्यू थॉमस की किताब द एसआईएस स्टोरी: हाउ एन एक्सीडेंटल एंटरप्रेन्योर फ्रॉम बिहार क्रिएटेड अ ग्लोबल सर्विसेज कॉन्गलोमेरेट में एसआईएस समूह द्वारा सुरक्षा, सुविधा प्रबंधन और नकदी आवाजाही जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने और नोटबंदी के बाद की चुनौतियों के बारे में बताया गया है। इन चुनौतियों में पुराने नोटों को एटीएम से बैंकों तक पहुंचाना और फिर इन मशीनों में नए नोटों डालना तथा मशीन के कैसेट को नये नोटों के अनुरूप बनाना शामिल है। वर्ष 1973 में समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण से प्रेरित होकर 250 रुपये के मामूली वेतन पर काम करने वाले पत्रकार रवींद्र किशोर सिन्हा ने अपनी नौकरी छोड़ दी और पूर्व सैनिकों को निजी सुरक्षाकर्मी के रूप में रोजगार दिलाने के लिए एक निजी सुरक्षा फर्म एसआईएस (सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज) की स्थापना की। आज एसआईएस कई अरब डॉलर का समूह है और यह भारत के शीर्ष 10 निजी नियोक्ताओं में शुमार है।

## पीडीपी ने किया था कश्मीर के विशेष दर्जे पर हमला

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे पर हमला 2019 में नहीं बल्कि पीडीपी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बनाने पर 2015 में शुरू हुआ था। अब्दुल्ला ने बडगाम विधानसभा क्षेत्र के मीरगुंड में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा ने जम्मू कश्मीर को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है। हमसे सब कुछ छीन लिया गया। नक्शा नहीं बचा है, हमारी पहचान खतरे में है और विशेष दर्जा खत्म हो गया है। उन्होंने विपक्षी पीडीपी पर भाजपा की योजनाओं में मदद करने का आरोप लगाया। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनएसी) नेता ने कहा, 2014 के चुनावों में दिवंगत



मुफ्ती मोहम्मद सईद और उनकी बेटी भाजपा को (सत्ता से) बाहर रखने के मुद्दे पर घर-घर गए थे। लोगों ने उन्हें बड़ी संख्या में वोट दिया, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद उन्होंने (पीडीपी ने) भाजपा से हाथ मिला लिया। बडगाम विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। अब्दुल्ला ने पिछले साल यह सीट खाली कर दी थी क्योंकि 2024 के विधानसभा चुनावों में उन्हें दो विधानसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। उन्होंने गंदेरबल सीट बरकरार रखी। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे पर हमला 2019 में नहीं बल्कि 2015 में शुरू हुआ था, जब पीडीपी ने भाजपा के साथ सरकार बनाई थी। उन्होंने कहा सरकार में रहते हुए उन्होंने (पीडीपी ने) हमारी जड़ों पर प्रहार किया, आज में एक केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं, किसी राज्य का नहीं तो यह उनके कारण है। जीएसटी और सरफासी कानून कौन लेकर है, उन्होंने किया। तबाही 2019 से नहीं शुरू हुई थी, वह 2015 से शुरू हुई थी। अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी ने अपनी गलतियों के लिए माफी नहीं मांगी है। उन्होंने कहा, उन्होंने अपनी गलतियों के लिए माफी नहीं मांगी है। हम बस उनसे यह सुनना चाहते हैं कि वे अपनी गलती स्वीकार करें।

### बंगाल में दो युवतियों ने किया समलैंगिक विवाह

कुलटाली। पश्चिम बंगाल के सुंदरबन में दो युवतियों ने अपने गांव के मंदिर में सात फेरे लेकर एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की कसम खाई। कुलटाली ब्लॉक के जलाबेरिया गांव में रिया सरदार और राखी नस्कर ने पालेर चक मंदिर में चार नवंबर को शादी रचाई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और उन्होंने खुशी जताई, शंख बजाए तथा जोड़े को आशीर्वाद दिया।

पेशे से नर्तकी रिया और राखी की उम्र से 20 से 25 साल के बीच है। भारत जैसा देश, जहां समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता हासिल नहीं है और यह मुद्दा अभी भी उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, वहां रिया और राखी का विवाह एक शांत विद्रोह था, जिसमें बगावत से ज्यादा प्रेम निहित था।

## मुंबई में 90,000 से अधिक आवारा कुत्ते, मात्र आठ आश्रय स्थल

एजेंसी

मुंबई। मुंबई में 90,000 से अधिक आवारा कुत्ते हैं, लेकिन उनके लिए आश्रय स्थलों की संख्या सिर्फ आठ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने एक दिन पहले शुक्रवार को, शैक्षणिक केंद्रों, अस्पतालों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाओं में खतरनाक वृद्धि का संज्ञान लिया तथा प्राधिकारियों को ऐसे कुत्तों को निर्दिष्ट आश्रय स्थलों पर ले जाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश को लागू करने के लिए महानगर में और अधिक ऐसे आश्रय स्थलों की स्थापना की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के



काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित रखने में प्रणालीगत विफलतौ भी दर्शाती है। उच्चतम न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवारा कुत्तों के खतरे के मामले में अदालत के निर्देशों के अनुपालन के बारे में न्यायमित्र द्वारा दायर रिपोर्ट में बताई गई कमियों और खामियों को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने का भी निर्देश दिया। निकाय अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी द्वारा 11 वर्ष पहले की गई गणना के अनुसार, मुंबई में कम से कम 95,752 आवारा कुत्ते थे, लेकिन 2014 से नगर निकाय द्वारा चलाए गए प्रभावी पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम के कारण अब यह संख्या लगभग 5,000 कम हो गई है।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी

जहाज आते हैं, यह सारी बातें विकास के साथ जुड़ चुकी हैं और आज भारत भी बहुत तेज गति से इसी रास्ते पर चल रहा है। इसी कड़ी में आज देश के अलग-अलग हिस्सों में नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत हो रही है।

### लाल कृष्ण

बताया। राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा को एक मजबूत ताकत के रूप में उभारने में अहम भूमिका निभाने वाले आडवाणी शनिवार को 98 वर्ष के हो गए। उन्हें इस वर्ष भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा लालकृष्ण आडवाणी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। महान दृष्टिकोण वाले और तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता से संपन्न राजनेता आडवाणी जी का जीवन भारत की प्रगति को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित रहा है। पीएम मोदी ने कहा उन्होंने निस्वार्थ कर्तव्य और दृढ़ सिद्धांतों की भावना को सदैव अपनाया। उनके योगदान ने भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करे।

### बिहार में

प्रत्याशियों को भी सूचित कर दिया है। लेकिन लापरवाही बरतने के कारण सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निलंबित किया जा रहा है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बयान में यह भी बताया गया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान छह नवंबर को 121 सीट के लिए हुआ था।

### हिमाचल के

(बीएनएस) की धारा-69 के तहत शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष हंसराज ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने दावा किया है कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाली कथित पीड़िता ने दावा किया है कि घटना के समय वह नाबालिग थी। चंबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) हितेश लखनपाल ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की कि मामला दर्ज कर लिया गया है। यह इस मामले के सिलसिले में दर्ज किया गया तीसरा मामला है। इससे पहले पिछले साल भी कथित पीड़िता ने विधायक पर अश्लील मैसेज भेजने और आपत्तिजनक तस्वीरें मांगने का आरोप लगाया था। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी और जांच के बाद टीम ने क्लोजर रिपोर्ट दे दी थी।

हालांकि, इस साल दो नवंबर को कथित पीड़िता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर विधायक पर उसके परिवार को धमकाने का आरोप लगाया। उसने अधिकारियों पर उसके पिता को परेशान करने और विधायक के सहयोगियों पर शिकायत वापस लेने का दबाव डालने का भी आरोप लगाया। कथित पीड़िता के पिता के पुलिस से संपर्क करने के बाद विधायक के दो करीबी सहयोगियों, जिनमें उनका निजी सहायक भी शामिल है, के खिलाफ बृहस्पतिवार को बीएनएस की धारा 140(3) (अपहरण), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 351(2) (आपराधिक धमकी), 324(4) (उपद्रव करना) और 3(5) (कई व्यक्तियों द्वारा समान इरादे से किया गया आपराधिक कृत्य) के तहत एक और मामला दर्ज किया गया। कथित पीड़िता के पिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि विधायक हंस राज और उनके सहयोगी उसे और उसकी बेटी को पिछले साल जबरन शिमला ले गए, उनके मोबाइल फोन छीन लिए, बेटी को धमकाया और उसे एक पूर्वलिखित वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए मजबूर किया, जिसका उद्देश्य जनता और अधिकारियों को गुमराह करना था। हालांकि, हंसराज ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कथित पीड़िता पर इलाके में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया है। राज्य महिला आयोग ने इस मामले में चंबा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से रिपोर्ट तलब की है।

### पीएफआई के

पथनमथिट्टा में पंडालम एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट, वायनाड में इस्लामिक सेंटर ट्रस्ट, मलप्पुरम में हरिथम फाउंडेशन (पूवनचिना), अलुवा में पेरियार वैली चैरिटेबल ट्रस्ट, पलक्कड़ में वल्लवुनाड ट्रस्ट और तिरुवनंतपुरम में एसडीपीआई के कुछ भूखंड।

ईडी ने कहा कि उसकी जांच में पाया गया है कि पीएफआई ने वल्लुवनड हाउस पट्टाम्बि और मालाबार हाउस (हरिथम फाउंडेशन) सहित कई ऐसी संपत्तियों पर शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए और शेड बनाए। संघीय एजेंसी ने कहा पीएफआई विभिन्न हथियारों का उपयोग करके आक्रामक और रक्षात्मक युद्धाभ्यास सिखाने के लिए नकली मालिकों के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों पर व्यापक शारीरिक शिक्षा कक्षाएं चला रहा था, इन शारीरिक शिक्षा कक्षाओं का उद्देश्य अपने जिहादी एजेंडे को पूरा करने के लिए कैडर और सदस्यों को तैयार करना और उनका उपयोग विभिन्न गैरकानूनी गतिविधियों के लिए करना था। ईडी के अनुसार, पीएफआई के विचारक स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व सदस्य थे, जो जमात-ए-इस्लामी की छात्र शाखा थी।

इसमें कहा गया पीएफआई की उत्पत्ति का इतिहास बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध से जुड़ा है। उस समय, यूएपीए के तहत जमात-ए-इस्लामी की संपत्तियों को कुर्क और सील कर दिया गया था। ईडी ने पीएफआई द्वारा कथित रूप से अपराध से अर्जित आय की मात्रा 131 करोड़ रुपये आंकी है। ईडी ने कहा इस आय का उपयोग भारत में हिंसक और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिहाज से किया गया था, ताकि भारत को एक इस्लामी राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके, जिससे हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरा हो और राष्ट्र की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचे। ईडी ने कहा कि पीएफआई पूरे भारत में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने और उनके वित्तपोषण के लिए बैंकिंग चैनलों, हवाला, दान आदि के माध्यम से भारत और विदेश से धन जुटा रहा था। एजेंसी ने इस मामले में कई आरोपपत्र दायर किए हैं और एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के फैजी सहित 28 पीएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

### संघर्ष और

आंदोलनकारियों के लिए संचालित पेंशन एवं अन्य सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल सहायता नहीं, बल्कि हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

राज्य आंदोलनकारियों को प्राप्त होने वाली पेंशन में वृद्धि की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आंदोलन के दौरान सात दिन जेल गये अथवा घायल हुए आंदोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह छह हजार रुपये से बढ़ाकर सात हजार रुपए प्रतिमाह, जेल गये या घायल श्रेणी से भिन्न अन्य आंदोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 4500 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रतिमाह की जाएगी। विकलांग होकर पूर्णतः शय्याग्रस्त हुए राज्य आन्दोलनकारियों की पेंशन प्रतिमाह 20,000 हजार रूपये से बढ़ाकर 30,000 हजार रुपये की जाएगी एवं शहीद हुए राज्य आन्दोलनकारियों के आश्रितों की पेंशन प्रतिमाह 3000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आंदोलनकारियों के योगदान को सदैव सम्मानपूर्वक याद रखेगी और उनकी भावना को प्रत्येक नीति एवं निर्णय में स्थान देगी। उन्होंने अपील की कि राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेशवासी अपने घरों में पांच दीपक राज्य आंदोलनकारियों की स्मृति में अवश्य जलाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य आंदोलन की भावना ही हमारी प्रेरणा है। उन्होंने सभी से इस प्रयास में सहभागिता का आह्वान किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, खजानदास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, उपाध्यक्ष राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद शसुभाष बड़थ्वाल, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह एवं राज्य आंदोलनकारी मौजूद थे।

### हत्या मामले

वासुदेव, दुर्गेश, कबूतरी, सुनीता, अनीता, लाहिराम, सेवरी देवी, अशोक कुमार और भानमती को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### जम्मू-कश्मीर

पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापे घाटी के अनंतनाग, सोपोर, कुलगाम और हंदवाड़ा इलाकों में मारे गए। उन्होंने कहा कि अनंतनाग जिले में, पुलिस ने पहलगाम के लीवर इलाके में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के स्वयंभू कमांडर गुलाम नबी उर्फ आमिर खान और उसके वित्तीय प्रमुख जफर भट के ठिकानों पर छापेमारी की। खान और भट 1990 के दशक में भागकर पाकिस्तान चले गए थे। अधिकारियों ने बताया कि वे भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में शामिल हैं और सीमा पार से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं।

### यूपी में

रजाई-कंबल और स्वेटर नहीं निकाले तो तुरंत निकाल लीजिये, बढ़ती सर्दी आपको अस्पताल पहुंचा सकती है। नवंबर के पहले सप्ताह से ही ठंड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में सुबह हल्की धुंध और कोहरा दिखने लगा है। शनिवार को सबसे ठंडा बाराबंकी रहा जहां न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार की तरह ही कानपुर भी ठंडा रहा जहां न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री दर्ज किया गया। आगरा में 11.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि छह से सात दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट के बाद अब अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। आने वाले दिनों में तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। तराई और पूर्वांचल क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक सुबह हल्का कोहरा और धुंध के आसार बने रहेंगे। साथ ही पछुवा हवाएं भी शाम से रात तक सिहरन बढ़ाएंगी।

### सड़क हादसों में

है। इस हादसे में चार बच्चों को हल्की चोट आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, तड़के लगभग चार बजे प्रयागराज-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली देहात के अहिमाने श्याम नगर में एक ट्रक लल्लन यादव के घर में अनियंत्रित होकर जा घुसा। ट्रक दीवार एवं खंभे को तोड़ते हुए सीधे कमरे में जा घुसा, जिससे वहां सो रही उषा देवी (34) (लल्लन कुमार यादव की पत्नी), राजकुमारी (36) (संतोष कुमार यादव की पत्नी) एवं बभना देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। चार बच्चे भी मामूली रूप से घायल हो गए। ग्रामीण तत्काल पुलिस को सूचना देते हुए एम्बुलेंस से सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गये जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल तीनों महिलाओं के सिर में गंभीर चोट लगी है जबकि बच्चों वीर नंदन, शरद को मामूली चोटें आई हैं। जिस ट्रक से दुर्घटना हुई उसका नंबर प्लेट फर्जी था। कोतवाली देहात के पुलिस इंस्पेक्टर अखंड देव मिश्रा ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है तथा ट्रक को क्रेन की मदद से थाने ले जाया गया।




# टी-20 : भारत ने ऑस्ट्रेलिया से जीती शृंखला

## बारिश के कारण पांचवां और अंतिम मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच की टी20 शृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली

एजेंसी




ब्रिसबेन। भारत ने शनिवार को यहां बारिश के कारण पांचवां और अंतिम मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। गाबा मैदान पर बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (13 गेंद में नाबाद 23 रन) और शुभमन गिल (16 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ आक्रामक शुरुआत की। लेकिन बिजली चमकने से खेल रुक गया, तब भारत ने 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन बना लिए थे। इसके तुरंत बाद ही भारी बारिश आ गई जिससे मैच रद्द करना पड़ा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पास खतरनाक अभिषेक को जल्दी आउट करने के मौके थे लेकिन वह इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा।

ग्लेन मैक्सवेल ने शुरुआती ओवर में बाएं हाथ के बल्लेबाज का एक आसान कैच छोड़ दिया जबकि चौथे ओवर में जब अभिषेक 11 रन पर थे तब बेन ड्वारशुइस ने उनका कैच टपका दिया। तीन गेंद बाद अभिषेक ने मिडविकेट पर एक जोरदार छक्का लगाकर भारतीय प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया। गिल ने तीसरे ओवर में ड्वारशुइस पर तीन चौके जड़कर भारत की तेज शुरुआत की लय को बरकरार रखा। श्रृंखला का पहला टी20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच चार विकेट से जीता था। भारत ने तीसरे और चौथे मैच में क्रमशः पांच विकेट और 48 रन से जीत हासिल करते हुए जबरदस्त वापसी की। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीती थी। वहीं दूसरी ओर अभिषेक शर्मा ने ऑस्ट्रेलियाई चुनौती का सामना करने के लिए महीनों तक मानसिक और तकनीकी रूप से खुद को तैयार किया जिसका नतीजा भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के बाद इस युवा सलामी बल्लेबाज को प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया।

शीर्ष क्रम में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि वह लंबे समय से उछाल भरी ऑस्ट्रेलियाई पिचों और उच्च-स्तरीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक थे। अभिषेक ने पांच मैच में 163 रन बनाए जबकि दो मैच बारिश के कारण रद्द हो गए थे। उन्होंने पांचवें और अंतिम टी20 मैच के बारिश के कारण रद्द होने के बाद कहा, मैं इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा था। जब मुझे पता चला कि हम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं तो मैं बहुत उत्साहित था। उन्होंने कहा, अपने पूरे करियर में मैंने देखा है कि ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजी के लिए बहुत अनुकूल है और मैं खुद को इस तरह के गेंदबाजों और परिस्थितियों के लिए तैयार करना चाहता था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी तैयारी विश्वस्तरीय तेज गेंदबाजों का सामना करने और ऑस्ट्रेलियाई पिचों के हिसाब से अपने खेल को ढालने पर केंद्रित थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या पिछले तीन टी20 मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति से भारतीय खिलाड़ियों के लिए चीजें थोड़ी आसान हो गई थीं तो अभिषेक ने कहा, अगर आपको अच्छा क्रिकेट खेलना है और अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है तो आपको विश्वस्तरीय गेंदबाजों का सामना करना होगा।

मैं इस तरह के गेंदबाजों के लिए अभ्यास कर रहा था क्योंकि इसी तरह आप एक खिलाड़ी के रूप में बेहतर होते हैं। उनकी बल्लेबाजी के अति-आक्रामक रवैये के बारे में पूछने पर अभिषेक ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दी। अभिषेक ने कहा, कप्तान और कोच ने मुझे खुद को अभिव्यक्त करने की स्पष्टता और आत्मविश्वास दिया। एक बल्लेबाज के तौर पर जब आप 20 या 30 रन बनाते हैं तो आप जानते हैं कि आप ज्यादा देर तक खेल सकते हैं लेकिन टीम के लिए गति निर्धारित करने की स्पष्टता ने वास्तव में मेरी मदद की। पंजाब के इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि इस श्रृंखला ने अगले साल टी20 विश्व कप में जगह बनाने के उनके संकल्प को मजबूत किया है। उन्होंने कहा अगर मुझे विश्व कप खेलने का मौका मिला तो यह मेरे सपने के सच होने जैसा होगा। बचपन से ही मैं हमेशा भारत के लिए विश्व कप जीतने का सपना देखता था। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं उस टूर्नामेंट के लिए तैयार रहूं।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने खिलाड़ियों विशेषकर गेंदबाजों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, जिस तरह से सभी ने योगदान दिया और जिस तरह से हमने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी की, उसका श्रेय सभी खिलाड़ियों को जाता है। यह बल्ले, गेंद और मैदान में भी अच्छी श्रृंखला रही। तेज गेंदबाज और स्पिनर, दोनों ही अपना काम बखूबी जानते हैं। सूर्यकुमार ने कहा, बुमराह और अर्शदीप की जोड़ी बेहद खतरनाक है। और फिर अक्षर और वरुण भी अच्छा कर रहे हैं। और वाशी (वाशिंगटन सुंदर) ने आखिरी मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। अब वे काफी टी20 क्रिकेट खेल चुके हैं जिससे उन्हें फायदा मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी श्रृंखला भारत को अगले साल घरेलू टी20 विश्व कप के लिए अच्छी तरह तैयार करेगी। सूर्यकुमार ने कहा, यह एक अच्छा सरदर्द है, कई खिलाड़ी वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। तीन मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ खेलना विश्व कप से पहले एक शानदार तैयारी होगी। उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर विश्व कप खेलना चुनौतीपूर्ण, लेकिन रोमांचक होगा।

# विश्व चैंपियनशिप : इलावेनिल ने कांस्य व रविंदर ने जीता स्वर्ण पदक



काहिरा। दो बार की ओलंपियन इलवेनिल वालारिवान ने महिलाओं की 10 **मीटर एयर राइफल** स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन दिखाया लेकिन कांस्य पदक ही जीत सकीं जबकि सेना के अनुभवी निशानेबाज रविंदर सिंह ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप (पिस्टल और राइफल) के पहले दिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण जीतकर भारत को गौरवान्वित किया।

इलवेनिल (26 साल) फाइनल में बढ़त बनाने के बाद पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में थीं लेकिन 19वें शॉट में 10.0 अंक से वह तीसरे स्थान पर खिसक गईं और यहीं से उनकी लय टूट गई। इसके बाद वह 22वें शॉट में 9.9 अंक ही बना सकी और 232 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन ने 255.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की वांग जिफेई 254.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इलावेनिल, मेघना सज्जनार और श्रेया अग्रवाल की भारतीय महिला टीम ने 1893.3 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि चीन (1901.7) और दक्षिण कोरिया (1899.9) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। जम्मू-कश्मीर के भारतीय सेना के नायक सूबेदार रविंदर के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले 29 वर्षीय रविंदर ने बाकू में 2023 विश्व चैंपियनशिप में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था। रविंदर 2019 से भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। उन्होंने गैर-ओलंपिक स्पर्धा में 569 अंक हासिल कर शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। इस तरह उन्होंने दक्षिण कोरिया के किम चेयोंगयोंग (556 अंक) और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट एंटोन अरिस्तारखोव (556 अंक) को पीछे छोड़ दिया जिन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस साल की शुरुआत में 10 मीटर एयर पिस्टल में राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीतने वाले रविंदर ने 93 के कम स्कोर के साथ शुरुआत की लेकिन अगले पांच राउंड में 98, 94, 95, 93 और 96 अंक बनाकर 47 निशानेबाजों के बीच कुल 569 का स्कोर बनाया। रविंदर (569), कमलजीत (540) और योगेश कुमार (537) की भारतीय टीम ने 1646 के कुल स्कोर के साथ रजत पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 1648 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जबकि यूक्रेन ने 1644 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

## संक्षेप

### 2025 तोक्यो डेफलिम्पिक्स के लिए 111 सदस्यीय घोषणा

नयी दिल्ली। भारत 15 नवंबर से 26 दिसंबर तक तोक्यो में होने वाले डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) के लिए 73 खिलाड़ियों सहित 111 सदस्यों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारतीय खिलाड़ी 11 खेल एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस में भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने भारतीय दल को मंजूरी दे दी है। इसका खर्चा सरकार वहन करेगी। भारत मई 2022 में ब्राजील में आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य सहित 16 पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 77 प्रतिभागी देशों में नौवें स्थान पर रहा था। डेफलिम्पिक्स का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बधिर खेल समिति (आईसीएसडी) द्वारा किया जाता है। यह समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता प्राप्त है।

### धोनी आईपीएल 2026 में खेलेंगे : काशी विश्वनाथन

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पुष्टि की है कि महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 संस्करण में खेलेंगे। क्रिकबज ने सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) काशी विश्वनाथन के हवाले से कहा, एमएस ने हमें बताया है कि वह अगले सत्र में खेलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, विश्वनाथन ने कहा है कि धोनी आगामी सत्र के लिए फ्रेंचाइजी की योजनाओं में करीबी तौर पर शामिल हैं। धोनी ने पिछले साल सीएसके के नियमित कप्तान ज्तुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व किया था, हालांकि पांच बार की चैंपियन टीम का प्रदर्शन खराब रहा और वह तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही। धोनी ने फ्रैंचाइजी को पांच आईपीएल खिताब (2010, 2011, 2018, 2021 और 2023) दिलाए हैं। अगर वह अगले संस्करण में खेलते हैं तो यह सीएसके के साथ उनका 17वां और आईपीएल में कुल 19वां सत्र होगा।

### रतिका सीलन एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश के फाइनल में

नयी दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रतिका सुथांथरा सीलन ने शनिवार को सिडनी में खेले जा रहे एनएसडब्ल्यू ओपन में न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन पर सीधे गेम में जीत हासिल करके अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह नॉर्थ कोस्ट ओपन की सेमीफाइनलिस्ट रहीं दूसरी वरीयता प्राप्त रतिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एम्मा को 32 मिनट में 11-9, 11-7, 11-6 से हराया।

# प्रथम स्पोर्ट्स फेस्टिवल का शुभारंभ

लखनऊ। स्पोर्ट्स नेटवर्क इण्डिया के तत्वाधान में माँ दुर्गा स्पोर्ट्स अकादमी, काकोरी मोड़, मोहन रोड, लखनऊ में आज दो दिवसीय खेल महोत्सव प्रथम स्पोर्ट्स फेस्टिवल का



भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आनन्द किशोर पांडेय, -स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया। इतनी कठोर राज्य गंभीर है उसका मैं साहब बहुत अच्छा चीज करत एवं क्षेत्रीय पार्षद बुद्धेश्वर क्षेत्र की समाजसेवी श्रीमती ज्योति सिंह के पति श्री धर्मेन्द्र सिंह रहे। इस अवसर पर अकादमी के प्रबंधक श्री संजीव कुमार सोनी, आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नसीरुद्दीन, तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। फेस्टिवल में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में आर्म बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कैरम, योगा, चेस, आर्म रेसलिंग, रस्सी कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. आनन्द किशोर पांडेय जी ने अपने उद्बोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल हमारे शरीर को स्वस्थ, सक्रिय और फिट रखते हैं। बच्चों को मोबाइल गेम्स से दूर रहकर शारीरिक विकास वाले खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि आजकल माता-पिता बच्चों को खुश करने के लिए मोबाइल दे देते हैं, जिसका दुष्परिणाम यह है कि बच्चे मानसिक रूप से कमजोर और अस्थिर हो रहे हैं। हमें उन्हें मैदान की ओर प्रोत्साहित करना चाहिए। फेस्टिवल का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आनन्द किशोर पांडेय, -स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया

# मोहन बागान ने फुटबॉल गतिविधियां रोकीं

एजेंसी



कोलकाता। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए एक भी बोली नहीं मिलने के एक दिन बाद शनिवार को लीग के मौजूदा चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट ने फुटबॉल से जुड़ी अपनी सभी गतिविधियों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। मोहन बागान ने कहा कि वे अगले महीने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के अनुबंधों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले एआईएफएफ ने शुक्रवार देर रात घोषणा की कि उसे पहले से ही विलंबित आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए कोई बोली नहीं मिली है जिससे देश के घरेलू फुटबॉल का भविष्य अधर में लटक गया है।

मोहन बागान के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, हमारे खिलाड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले शिविर के लिए सोमवार को इकट्ठा होने वाले थे। लेकिन अब इंडियन सुपर लीग पर स्पष्टता आने तक हमारे शिविर को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, आईएसएल पर अनिश्चितता के कारण सत्र में देरी हो रही है, हम अगले महीने सभी अनुबंधों की समीक्षा करेंगे। लेकिन हमने किसी का वेतन नहीं रोका है, सभी को भुगतान किया जा रहा है। एआईएफएफ ने लीग के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए 16 अक्टूबर को प्रस्ताव आमंत्रित किया था। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि सात नवंबर थी और बोलियां 11 नवंबर को खोली जानी थीं।

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली और उच्चतम न्यायालय के आदेश पर नियुक्त बोली मूल्यांकन समिति भविष्य की कार्वाई पर चर्चा करने के लिए आज ही बैठक करेगी। मोहन बागान के अधिकारी ने यह भी कहा कि क्लब मुख्य कोच जोस मोलिना का वेतन नहीं रोकेगा जो सुपर कप से बाहर होने के बाद टीम प्रबंधन की आलोचना करने के बाद ब्रेक पर थे।

मोलिना ने क्लब प्रबंधन की आलोचना करते हुए कहा था कि सुपर कप से ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद गोल अंतर के आधार पर बाहर होने के बाद टीम चयन में उनकी कोई भूमिका नहीं है। क्लब प्रबंधन ने पहले कहा था कि आईएसएल की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही उनके भविष्य पर फैसला लिया जाएगा। इसके विपरीत मोहन बागान को गोल अंतर से हराकर सुपर कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ईस्ट बंगाल ने अपना परिचालन स्थगित नहीं किया है और चार दिसंबर को होने वाले नॉकआउट चरण की तैयारी के लिए सोमवार से प्रशिक्षण फिर से शुरू करेगी।

## छेत्री ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के 25 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

नयी दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने शनिवार को नवंबर में फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान मैत्री मैचों के लिए राष्ट्रीय शिविर के लिए 25 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय टीम का शिविर 10 नवंबर से कोलकाल स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में लगेगा। भारतीय टीम इस विंडो के दौरान 24 नवंबर से दो दिसंबर के बीच दो मैत्री मैच खेलेगी। इन मैचों का विवरण हालांकि बाद में घोषित किया जायेगा। भारत इन मैचों का उपयोग 2026 एएफसी महिला एशियाई कप की तैयारी के लिए करेगा। टीम ने अक्टूबर में शिलांग में ईरान और नेपाल के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले थे।

संभावित खिलाड़ियों की सूचीः

गोलकीपरः अद्रिजा सरखेल, मुन्नी, सौम्या नारायणसामी।

डिफेंडरः अरुणा बाग, धुर्गा पेरुमल, जूली किशन, किरण पिस्दा, मालती मुंडा, मार्टिना थोकचोम, निर्मला देवी फंजौबाम, संजू।

मिडफील्डरः अंजू तमांग, अवेका सिंह, बबीना देवी लिशम, जसोदा मुंडा, प्रियदर्शिनी सेल्लादुरई, रतनबाला देवी नोंगमैथेम, संगीता बासफोर, संतोष।

## राहुल वी एस भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर बने

नयी दिल्ली। भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वीएस छठी आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप को एक राउंड शेष रहते हुए जीतकर देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बन गये हैं। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी एशियाई जूनियर चैंपियन भी है। वह 2021 में अंतरराष्ट्रीय मास्टर बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने एक्स पर लिखा, राहुल वी एस को एक राउंड शेष रहते आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीतने और इस प्रक्रिया में देश के 91वें ग्रैंडमास्टर बनने पर हार्दिक बधाई। आपको आगे भी कई उपलब्धियां हासिल करने और भारत को गौरवान्वित करने में निरंतर सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। फिलीपीन्स में आसियान व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में राहुल ने जीत हासिल करके अपना अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। वहीं दूसरी ओर भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा और वी प्रणव ने शनिवार को यहां दूसरे राउंड की दूसरी बाजी के अंत में क्रमशः बेल्जियम के डेनियल दर्धा और लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस को समान 1.5-0.5 अंकों से हराकर विश्व शतरंज कप के अंतिम 32 चरण में जगह बना ली। टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले हरिकृष्णा कट बनाने वाले पहले भारतीय बन गए।

# सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी

खेल संवाददाता



लखनऊ। सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में वार्षिक अंतर-स्कूल खेल चैंपियनशिप एथलेटिका 2025 का आयोजन किया। चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियंस ट्रॉफी सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, कानपुर ने जीती जबकि दूसरे स्थान पर गाजियाबाद की टीम रही। वहीं तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान की ट्रॉफियां क्रमशः आलमबाग, नानपारा और न्यू जाजमऊ के जैपुरिया स्कूलों ने जीतीं। सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, गाजियाबाद ने सभी तीन प्रमुख ट्रॉफियां ट्रेलब्लेजर ट्रेंडसेटर और टाइटन्स ट्रॉफी जीती। इस दौरान मुख्य अतिथि पद्मश्री व खेल रत्न से सम्मानित पूर्व ओलंपियन और भारत की अग्रणी कुश्ती चैंपियन साक्षी मलिक ने पुरस्कार बांटे। इस दौरान विशेष अतिथि पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता सत्यव्रत कादियान और सम्मानित अतिथि यश जैपुरिया, कार्यकारी निदेशक - पार्टनर स्कूल और आईटी इनोवेशन, सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और तरूण चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पार्टनर स्कूल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना, ध्वजारोहण और एक जीवंत मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसके बाद मशाल जलाकर औपचारिक रूप से एथलेटिका 2025 का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान जैपुरिया नेटवर्क के 20 स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 500 से अधिक छात्रों ने ट्रैक और फील्ड, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और शतरंज की एक विस्तृत श्रृंखला में अपनी एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप ने न केवल जीत का जश्न मनाया बल्कि भागीदारी, टीम वर्क और दृढ़ता का भी जश्न मनाया। व्यक्तिगत एथलीटों और स्कूल टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफियां और पदक प्रदान किए गए। समापन समारोह में साक्षी मलिक ने युवा एथलीटों की उनके दृढ़ संकल्प के लिए सराहना की और उन्हें मैदान के अंदर और बाहर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कह कि मुझे खुशी होती है जब स्कूल खेल को न केवल एक पाठ्येतर गतिविधि के रूप में बल्कि एक जुनून के रूप में बढ़ावा देने की पहल करते हैं जो छात्रों के लिए जीवन भर का आह्वान बन सकता है। यह बहुत अच्छी बात है, क्योंकि खेल करियर की तैयारी स्कूलों में शुरू होती है। छात्रों से मैं कहना चाहती हूं कि अगर वे समर्पण के साथ अपने जुनून का पीछा करते हैं, तो वे अपने लक्ष्य हासिल करेंगे। अपने विचार साझा करते हुए यश जैपुरिया ने कहा, पदक जीतना अद्भुत है।

खेल रत्न पुरस्कार विजेता साक्षी मलिक ने जैपुरिया खेल उत्सव 'एथलेटिका 2025' की शोभा बढ़ाई

# प्रदीप कुमार और मुस्कान कनौजिया बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय लखनऊ की 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट में पुरुषों में प्रदीप कुमार और महिलाओं में कुमारी मुस्कान कनौजिया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। कालेज खेल मैदान में आयोजित मीट के समापन समारोह में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ सैयद रफत जुबैर रिजवी ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद, आज के जमाने में अन्य करियर की तरह ही स्थान प्राप्त कर चुका है। यह समझिए कि खेलकूद से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अपने करियर को संवारने में भी सफल हो सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वह अपनी खेल प्रतिभा को पहचाने और उसका निरंतर संवर्धन करें तथा बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए स्वयं को तैयार करें। इस अवसर पर उन्होंने अपने उन अनुभवों को साझा किया जब वह महाविद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में यहां से बीपीएड की पढ़ाई करते थे। एथलेटिक मीट के आयोजन और उसमें प्रतिभागियों के खेल को देखकर वह बहुत ही प्रभावित हुए।

श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय लखनऊ की 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट

# लखनऊ का दबदबा, ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की




लखनऊ। लखनऊ के खिलाड़ियों ने 41वीं सब जूनियर, नौवीं कैडेट एवं 42वीं सीनियर यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 28 स्वर्ण पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी आपने नाम किया।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित चैंपियनशिप में लखनऊ ने 28 स्वर्ण, 35 रजत व 32 कांस्य पदक जीते। चैंपियनशिप में आगरा की टीम 07 स्वर्ण, 06 रजत व 05 कांस्य पदक के साथ उपविजेता रही जबकि गोरखपुर को 07 स्वर्ण, 05 रजत व 05 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कला एवं संस्कृति के डायरेक्टर श्री नरेंद्र सक्सेना ने पदक विजेताओं को पुरस्कार एवं विजेता टीम को चैम्पियन ट्रॉफी भी प्रदान की। समापन समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने की जबकि एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष आनंद मणि जुगरान, संयुक्त सचिव मोहित कुमार एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

41वीं सब जूनियर, नौवीं कैडेट एवं 42वीं यूपी स्टेट सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप

**अंतिम दिन खेले गए मुकाबलों के परिणाम**

सब जूनियर बालक (अंडर-32 किग्रा) में लखनऊ के दिपांशु सिंह ने स्वर्ण, लखनऊ के वैभव सिंह रजत एवं लखनऊ के अर्नव मैती व बहराइच के त्रंबकेश्वर ने कांस्य पदक जीते।

सब जूनियर बालक (अंडर-35 किग्रा) में आगरा के कार्तिक ने स्वर्ण, लखनऊ के देवांश प्रताप ने रजत एवं गाजिपुर के अभिराज सिंह व आगरा के उज्जवल प्रताप सिंह ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालक (अंडर-38 किग्रा) में लखनऊ के मानव कश्यप ने स्वर्ण, लखनऊ के वैभव सिंह ने रजत एवं लखनऊ के आदित्य प्रताप सिंह व गोरखपुर के शरण्य कुमार ने कांस्य पदक जीता।

सब जूनियर बालिका (अंडर-29 किग्रा) में कोशांबी की हनी सिंह ने स्वर्ण, आगरा की पूर्णिमा देव ने रजत जबकि लखनऊ की आद्रिका यादव व आशना राय ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

सब जूनियर बालिका (अंडर-32 किग्रा) में लखनऊ की उर्वशी ने स्वर्ण , गोरखपुर की सुचिता ने रजत पदक एवं लखनऊ की संमिता एवं आराध्या वर्मा ने कांस्य पदक पर जीता।

